दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 3 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-224 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाएं : सम्राट

मुख्यमंत्री ऊर्जा ऑडिटोरियम में सेवा स्मरण कार्यक्रम में हुए शामिल



पटना (एनएसबी) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा स्मरण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी के पिछले 25 वर्षों के कार्यों एवं इस अवधि में देश में हुए विकास और बदलाव पर आधारित संगीतमय नाट्य का मंचन किया गया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में भारत में व्यापक बदलाव आया है। यह बदलाव देश की विकास यात्रा का प्रतीक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में गरीबों एवं वंचितों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। मोदी के नेतृत्व में लगभग 5 करोड़ पक्के मकान उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की रसोई तक गैस कनेक्शन पहुंचाया गया है। बड़े पैमाने पर शौचालयों का निर्माण कराया गया तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब परिवारों को निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बिहार में करीब 10 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी विकास की गति तेज हुई है। राज्य में एक्सप्रेस-वे सहित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

बिहार में सुशासन की सरकार, घटना के 24 घंटे के अंदर होती है कार्रवाई

सीएम ने बाढ़ की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि इस वर्ष सोन, गंडक और गंगा नदियों में उच्चतम बाढ़ स्तर रहा। बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य लगातार जारी है। वायुसेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों को सूखा खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करेगी। सबसे पहले कोसी नदी को नियंत्रित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा और इसके बाद गंगा, सोन एवं गंडक नदियों पर भी कार्य किया जाएगा। बिहार में सिंचाई के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। लगभग 44 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर मंत्री विजय कुमार सिन्हा, रामकृपाल यादव, प्रमोद कुमार, कुमार शैलेन्द्र, विधायक संजीव चौरसिया, संजय गुप्ता, महापौर सीता साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, डीएम कुंदन कुमार, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम बोले-700 सरस्वती विद्या निकेतन बनाए गए

सीएम ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। 700 सरस्वती विद्या निकेतन बनाए गए हैं। लगभग 3.5 लाख बच्चों को रात में भी ऑनलाइन शिक्षकों के माध्यम से पढ़ने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों के सभी फीडरों के सोलराइजेशन किया जायेगा, इससे किसानों को सस्ती एवं नियमित बिजली उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी गांव-गांव जाकर लोगों तक पहुंचायें। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। यह लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं है, यहां जनता तय करती है। पीएम मोदी ने काम किया है इसलिये जनता उन्हें बार-बार मौका देती है। लोकतंत्र में जनता मालिक है। जनता तय करती है, कुर्सी पर कौन बैठेगा। जो काम करेगा वही चुनाव जीतेगा। बिहार में सुशासन की सरकार है। कोई घटना होती है तो 24 घंटे के अंदर कार्रवाई होती है।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



पटना (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा-चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया।

दूसरी ओर शास्त्रीनगर पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री की राजकीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट एवं मुख्यमंत्री ने शास्त्रीनगर पार्क में स्थापित स्व. शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रमों में मंत्री विजय कुमार सिन्हा, रामकृपाल यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रविन्द्र प्रसाद सिंह, विधायक संजीव चौरसिया, सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

अररिया में ट्रक पलटा, शराब की बोतलें लूटने को उमड़ी भीड़

अररिया (एनएसबी)। अररिया जिले में शराबबंदी के बीच विदेशी शराब से लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक के पलटते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और देखते ही देखते दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से शराब की बोतलें निकालने की होड़ मच गई। घटना रानीगंज थाना क्षेत्र के खरहट के समीप टोल टैक्स की है। जानकारी के मुताबिक, विदेशी शराब से लदा ट्रक खरहट के पास टोल टैक्स के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गए। इसके बाद आसपास के ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पास पहुंच गए। घटना से जुड़ी तस्वीरों और वीडियो में ग्रामीण ट्रक से शराब की बोतलें निकालते नजर आ रहे हैं. मौके पर कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। शराब की बोतलें लेने को लेकर लोगों में होड़ मच गई.मामले की जानकारी मिलने के बाद रानीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। अररिया के रउद्धड सुशील कुमार ने बताया कि ट्रक से शराब लूटे जाने की जानकारी सामने आई है।

संक्षिप्त खबरें

राज्य के 6 जिलों में बाढ़, बेतिया में मुख्य सड़क बही

पटना। नेपाल से आए भारी पानी और कमजोर तटबंधों के टूटने से बिहार में बाढ़ विकराल हो गई है। उफनाती नदियों के दबाव में 10 प्रखंडों में तटबंध ध्वस्त हो गए हैं।इससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई है। 6 जिले बुरी तरह प्रभावित हैं। 253 गांवों में पानी घुस गया है। इससे 3.65 लाख लोग प्रभावित हैं। 44 हजार लोग घर छोड़ चुके हैं। वे ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। बाढ़ के तेज बहाव में डूबने से तीन युक्कों की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने सारण में बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुंचाई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फूड पैकेट्स गिराए।

भारत 114 और राफेल खरीदेगा, स्वदेशी हथियार लगेंगे

नई दिल्ली। भारत की 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की योजना आगे बढ़ रही है। डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर इस वित्त वर्ष के अंत तक फैसला हो सकता है।अभी कंपनियों से मिले प्रस्तावों की जांच की जा रही है। भारत इस डील में ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल करना चाहता है। योजना के मुताबिक, ज्यादातर राफेल विमान भारत में असेंबल किए जाएंगे।इनमें भारत में बने हथियार और दूसरे सिस्टम लगाए जाएंगे। डिफेंस सेक्रेटरी ने बताया कि फ्रांस की कंपनी पहले खरीदे गए राफेल मरीन विमानों में भी भारतीय हथियार लगाने पर सहमत हो गई है। भारत के पास अभी 36 राफेल हैं, जो ऑपरेशन हैं।

महाराष्ट्र में ट्रक-पिकअप वैन की टक्कर, 7 की मौत

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि हाईवे पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पिकअप में श्रद्धालु देवी दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। पिकअप की रफ्तार कम थी और उसके पीछे ट्रॉली लगी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। सभी घायलों को इलाज के लिए वर्धा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीतामढ़ी : 112 की पुलिस टीम पर हमला, कई जवान व ग्रामीण जख्मी



सीतामढ़ी (एनएसबी)। सोनबरसा थाना क्षेत्र के सोहरवा गांव में शुक्रवार की रात किसी मामले को लेकर डायल-112 की टीम को बुलाकर उसपर हमला कर दिया गया। टीम के गांव पहुंचते गांव के कुछ असामाजिक तत्व पुलिस टीम पर टूट पड़े। अचानक हुए इस हमले में कई महिला पुलिस जवान समेत कुछ ग्रामीण में जख्मी और चोटिल हो गए। इससे वहां काफी देर तक अफरातफरी मची रही। पुलिस टीम की ओर से घायलों में अवर निरीक्षक पुनीत कुमार महिला पुलिस जवान प्रीति कुमारी व होमगार्ड जवान चंद्रकेतु कुमार शामिल हैं। वहीं इस दौरान चोटिल दो तीन ग्रामीणों को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर उन्हें भी अस्पताल ले गई है।

पुलिस ने स्थिति नियंत्रित कर जांच शुरू की

राज्य में डूबने से 11 लोगों की हुई मौत

पूर्वी चंपारण में 7 लोगों की मौत, नालंदा में तीन व दरभंगा में एक की गई जान



मोतिारी/ बिहारशरीफ (एनएसबी)। :बिहार के तीन जिलों में शुक्रवार को डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा पूर्वी चंपारण में 7 लोगों की मौत हुई है। इसमें तीन युवक और चार बच्चियां शामिल हैं. वहीं नालंदा में 3 की जान चली गई है।

वहीं पूर्वी चंपारण के बजरिया प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ के पानी में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मृतकों के गांव चईलाहा में भी मातम पसरा हुआ है. कहा जा रहा है कि सभी बर्थडे का पार्टी करने के बाद नहाने गए थे। मृतकों की पहचान 18 वर्षीय शकील अंसारी (पिता-साहेब अंसारी, निवासी- चईलाहा वार्ड नंबर 12), 19 वर्षीय समीर आलम (पिता- बसीर आलम, निवासी चईलाहा वार्ड नंबर 12) और यश कुमार (पिता-विनोद कुमार सिंह, निवासी चईलाहा वार्ड नंबर 13) के रूप में हुई है। वहीं जितिया पर्व को लेकर नालंदा के अलग-अलग थाना क्षेत्र में डूबने से एक किशोरी सहित 3 मासूम की मौत हो गई है। पहला मामला बिहार शरीफ प्रखंड के मानपुर थाना क्षेत्र खाड़े बिगहा गांव का है। जहां 11 वर्षीय रवि कुमार की मौत हो गई। मृतक के चाचा नटवर चौधरी ने बताया कि रवि कुमार अपनी मां के साथ जितिया पर्व को लेकर सकरी नदी में स्नान करने गया था। उसकी मां भी उसी नदी में स्नान कर रही थी, उसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दूसरी घटना बिंद थाना क्षेत्र के मसियाडिह गांव की है। जहां बब्लू पासवान की 11 वर्षीय पुत्री अन्नू कुमारी की सोयवा नदी में सहेली के साथ नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। जबकि तीसरी घटना सिलाव थाना क्षेत्र झालर गांव के निकट की है। दूसरी मोतिहारी जिले में 4 किशोरी की डूबने से मौत हो गई है। मृतकों की शिनाख्त 13 वर्षिया सोनामति, 10 वर्षिया फूलमती, 10 वर्षिया सोनाली कुमारी और 12 वर्षिया प्रतिमा कुमारी के रूप में हुई है। पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बनकट गांव में यह हादला हुआ। एक साथ चार बच्चियों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं दरभंगा बिरौल थाना क्षेत्र के सहसराम पंचायत के महवा गांव में जिउतिया पर्व को लेकर चहल-पहल थी। इसी बीच तालाब में नहाने गयी 12 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गयी। मृतका की शिनाख्त शिवानी कुमारी (पिता-संतोष राम) के रूप में हुई। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गुवाहाटी : नाइटक्लब में महिला से बदसलूकी कपड़े उतारकर पीटा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के गुवाहाटी के खानापारा इलाके के एक नाइटक्लब में गुरुवार देर रात महिला से मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया। आरोप है कि बाउंसरों ने महिला को कपड़े उतारकर पीटा। मामला द लोकल्स कैफे एंड लाउंज का है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला पार्किंग एरिया में फर्श पर बिना कपड़ों के दिखाई देती है। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं, जबकि कई पुरुष आसपास खड़े हैं। पुलिस ने क्लब मैनेजर को हिरासत में लिया है। इंडिया टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक, बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि महिला अपने कुछ दोस्तों के साथ क्लब पहुंची थी। क्लब के अंदर उसने एक बाउंसर को बीयर की बोतल से मारा था। इसके बाद दूसरे बाउंसर उसे पकड़कर चौथी मंजिल से नीचे पार्किंग एरिया में ले आए। हालांकि, विवाद की शुरूआत क्यों और कैसे हुई, इसका पता नहीं चल सका है।

भारत को 44 साल बाद एशियाड विमेंस हॉकी का गोल्ड

चीन को हराकर ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई, 13वें दिन इंडिया को 6 गोल्ड



नागोया (जापान)। भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में 44 साल बाद गोल्ड जीत लिया। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराया। टीम के लिए एकमात्र गोल लालरेमसियामी ने किया। शुक्रवार को गोलकीपर सविता पूनिया ने फर्स्ट हाफ में चीन का पेनल्टी स्ट्रोक रोककर भारत की बढ़त कायम रखी। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। भारत ने इससे पहले 1982 में साउथ कोरिया को हराकर गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी के गोल्ड के साथ भारत के कुल 16 गोल्ड हो गए हैं और वह मेडल टैली में 5वें नंबर पर है।

महिला हॉकी टीम ने 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया : भारत की महिला हॉकी टीम ने गोल्ड मेडल जीत लिया है। फाइनल में भारत ने चीन को 1-0 से हराया। यह एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी का 44 साल बाद पहला मेडल है। भारत ने इससे पहले 1982 में गोल्ड मेडल जीता था।इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए सीधे क्वालिफाई भी कर लिया है। 2024 पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय टीम क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इससे पहले टोक्यो ओलिंपिक 2020 में टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था।

एशियाड में भारतीय मुक्केबाजों का ऑल टाइम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : एशियन गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों ने गोल्ड के लिहाज से ऑल टाइम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने 3 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 6 मेडल जीते।2010 एशियाड में भारतीय मुक्केबाजों ने 2 गोल्ड समेत कुल 9 मेडल जीते थे। वहीं 2022 में भारत के खाते में 1 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज समेत 4 मेडल आए थे।

नीरू ढांडा होंगी क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ध्वजवाहक

नागोया। भारतीय शूटर नीरू ढांडा रविवार को नागोया (जापान) में आयोजित एशियन गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी में राष्ट्रीय ध्वज लेकर चलेंगी। यह उनके लिए एक यादगार सफर रहा, जिसमें वह देश की बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरीं। 27 वर्षीय ट्रैप शूटर ने इन गेम्स में तीन मेडल (दो गोल्ड और एक सिल्वर) जीते। शूटिंग में भारत के शानदार प्रदर्शन में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। नीरू के मेडल जीतने का सिलसिला महिलाओं के ट्रैप टीम इवेंट में सिल्वर मेडल के साथ शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने आशीमा अहलावत और मनीषा कीर के साथ टीम बनाई थी। तीन दिन के क्वालिफिकेशन के बाद भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 328 रहा।

देशभर में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को देशभर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष ने देश भर में जोरदार प्रदर्शन किया। उधर इंडिया ब्लॉक की तरफ से भी 2 से 8 अक्टूबर तक प्रदर्शन का ऐलान किया गया है।



सीजेपी ने मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टेज पर मौजूद सभी लोग गांधी जी की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर पहुंचे। इससे पहले सीजेपी ने 19 जून से 25 जुलाई तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धर्मेंद्र प्रधान (पूर्व शिक्षा मंत्री) के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। 36 दिन के विरोध के बाद प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- जब भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका जाते हैं, तब भी वहां कहा जाता है कि ये गांधी के देश से आए हैं। गांधी देश की आत्मा हैं, आंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं।कॉकरोच जनता पार्टी ने यह भी कहा कि मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे।

मुंबई में कॉकरोच पार्टी बोली- मुंबई सिर्फ ट्रेलर, फाइनल दिल्ली में होगा

खबरें : एक नजर में

बिहार विधान परिषद् में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

पटना (दैनिक नवसंदेश) । बिहार विधान परिषद् के सभापति प्रो. (डा.) राम वचन राय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर विधान परिषद् के मुख्य भवन में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते प्रो. (डा.) राम वचन राय।



पुष्पांजलि अर्पित करते सभापति प्रो. (डा.) राम वचन राय।

अर्पित की। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपनेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, सच्चिदानंद राय, श्री हरि सहनी, बिहार विधान परिषद् के निदेशक शंकर कुमार, उप सचिव मिथिलेश कुमार झा, नवीन कुमार मिश्र, मिथिलेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

कौमी एकता के महान दूत थे गांधी

सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन

बिहार शरीफ (दैनिक नवसंदेश) । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 197 वीं जयंती एवं देश अवसर पर सद्भावना मंच (भारत) की ओर से सोहसराय स्थित श्री हिंदी पुस्तकालय में गांधी व शास्त्री जयंती कार्यक्रम मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् डा. प्रो. अनिल कुमार गुप्ता ने की । अध्यक्षता करते हुए प्रो अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि कौमी एकता पर कार्य करने की जरूरत है । सद्भावना मंच (भारत) के संस्थापक दीपक कुमार ने कहा कि गांधी के सपनों का भारत बनाने हेतु हम सभी को आगे आना चाहिए । उन्होंने कहा कि सर्व धर्म प्रार्थना गांधी जी किया करते थे इसलिए हर जगह होनी चाहिए । सभी धर्मो



कौमी एकता का पैगाम दिया ।

के बीच आपसी सद्भाव रहना जरूरी है तभी हमारा समाज विकास होगा । उन्होंने राष्ट्रीय एकता ,सद्भावना पर विस्तार पूर्वक बाते रखी । शंखनाद के महासचिव राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि सद्भावना मंच (भारत) राष्ट्रीय एकता , शांति ,सद्भावना के लिए समर्पित संगठन है ।उन्होंने गांधी के विचारों पर विस्तारपूर्वक बाते रखी । मौके पर सर्व धर्म प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समाजसेवी रविरंजन कुमार महात्मा गांधी को महान दूत बताया । मंगलकुआ गुरुद्वारा से आये ग्रंथि भाई रवि सिंह ने सर्व धर्म प्रार्थना पर बल दिया । मौके पर पुरुषोत्तम पाण्डेय ने श्रम संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला । मौके पर अमित पासवान ,सरदार वीर सिंह , मोनी कुमारी , एस के पांडेय ,विनोद पांडेय,विक्की कुमार ,विनोद जी ,प्रशांत कुमार के अलावे दर्जनो समाजसेवी व बुद्धिजीवी भाग लेकर कार्यक्रम में कौमी एकता का पैगाम दिया ।

समाजसेवी उपेंद्र ठाकुर को लोगो ने दी श्रद्धांजलि



समाजसेवी उपेंद्र ठाकुर को लोगो ने दी श्रद्धांजलि।

हरनौत (दैनिक नवसंदेश) । हरनौत नगर पंचायत के बार्ड नंबर 16 के पार्षद उपेंद्र ठाकुर की मृत्यु विगत 20 सितंबर को हृदयाघात के कारण हो गया था ।उनके निधन से पूरे हरनौत सहित जिले में शोक की लहर है । उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ,जदयू के वरिष्ठ नेता संजयकांत सिंह ,समाजसेवी फकीरा ठाकुर, अनिल ठाकुर ,मुकेश कुमार , मदन शर्मा ,जतन जी ,पप्पू शर्मा , प्रमोद,अभिमन्यु उर्मिला देवी ,सरोज देवी , राहुल ,रंजन ,रोहित,मोनी कुमारी सहित अनेकों ग्रामीण शामिल थे ।ग्रामीणों ने बताया कि वे सदैव लोगो की सुख दुख में खड़े रहते थे । उपेंद्र ठाकुर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है । मौके पर नगर पंचायत के अनेकों बार्ड के सदस्यों ने उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी । कई ग्रामीणों ने नम आँखों से उपेंद्र ठाकुर गरीबों का मसीहा बताया।

कांग्रेस ने जयंती पर गांधी, शास्त्री एवं प्रजापति मिश्र को किया याद

दैनिक नवसंदेश

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 158 वीं जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के 122 वीं जयंती और बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष रहें स्व. पंडित प्रजापति मिश्र के 128 वीं जयंती के मौके पर उनके प्रतिमा एवम तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में राजेश राम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के बताएँ आदर्शो पर चलकर ही हमारा देश एकजुट रहेगा । गांधी के विचारों को जिंदा रखने के लिए सभी कांग्रेसजन को आगे आना होगा और देश में गांधीवाद को प्रबलता से अपनाना होगा।

स्व. शास्त्री को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शास्त्री ने राजनीतिक शुचिता की जो मिसाल पेश की है वो राजनीतिक व्यक्तियों के लिए आदर्श है।



गांधी, शास्त्री एवं प्रजापति मिश्र को उनकी जयंती पर नमन किये कांग्रेसजन।

उन्होंने बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. प्रजापति मिश्र को नमन करते हुए उन्हें महान विभूति बताया।

जयंती कार्यक्रम मे विधान परिषद में कांग्रेस दल नेता डा. मदन मोहन झा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मीडिया संयोजक असितनाथ तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, डा. कुमारी सोनी, पंकज यादव, वैद्यनाथ शर्मा, कुमार आशीष, ज्ञान रंजन, कमलदेव नारायण शुक्ला, डा. अमन कुमार अमित कुमार , गोरख नाथ, नदीम अख्तर अंसारी, सत्येन्द्र कुमार सिंह, उदय शंकर पटेल, गुरूदयाल सिंह, चन्द्रभूषण राजपूत, विमलेश तिवारी, मिहिर झा, मृणाल अनामय, इबरार अहमद रजा, पूनम यादव, निधि पाण्डेय, कुमारी अनिता, रंजीत कुमार बाल्मीकी विशाल यादव, मनोज कुमार जायसवाल, प्रियंका सिंह, राहुल भारद्वाज, वरूण शर्मा, अभिषेक कुमार यादव, अखिलेश्वर पासवान, अजय प्रताप सिंह, सुबोध कुमार मंडल, ओम प्रकाश गर्ग, शालिग्राम शर्मा ,वसीम अहमद, अर्चना कुमारी, अजात शत्रु, रूद्रमा आर्या ,प्रवीण कुमार उपस्थित थे।

जल स्त्रोतों की जांच में बिहार देश में अव्वल

पटना (दैनिक नवसंदेश) । ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में बिहार लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार ने जल स्त्रोतों की जांच में 95. 54 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है और देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में जल स्त्रोतों की जांच के लिए 97,451 स्त्रोत निर्धारित किए गए थे, जिनमें से 93,109 स्त्रोतों की जांच पूरी कर ली गई है। यह उपलब्धि राज्य में जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

'14 जिलों ने हासिल किया 100 प्रतिशत लक्ष्य' : बिहार के 14 जिलों ने जल स्त्रोतों की जांच में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। इनमें अरवल, जमुई, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, नालंदा, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, शेखपुरा, शिवहर, सीवान, सुपौल और वैशाली शामिल हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा जल स्त्रोतों की नियमित जांच, जल गुणवत्ता की निगरानी और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई पर लगातार जोर दिया जा रहा है। बिहार की यह उपलब्धि बताती है कि राज्य सरकार हर घर तक नल का जल पहुंचाने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

जीकेसी का राष्ट्रीय महाधिवेशन 20 दिसंबर को नवी मुंबई में : राजीव

पटना (दैनिक नवसंदेश) । ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) का विराट राष्ट्रीय महाधिवेशन 20 दिसंबर 2026 को महाराष्ट्र के नवी मुंबई में आयोजित किया जाएगा। महाधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी कायस्थ समाज के प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि और पदाधिकारी प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे।



जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ।

जीकेसी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई महत्वपूर्ण बैठक में आगामी महाधिवेशन, संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गयी। बैठक की अध्यक्षता जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। बैठक में महाधिवेशन की तैयारियों, आयोजन समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, डिजिटल सदस्यता अभियान तथा देश-विदेश में संगठन की गतिविधियों के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

महाधिवेशन के आयोजन और तैयारियों के लिए महाराष्ट्र में विशेष आयोजन समिति का गठन किया गया । जीकेसी के राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार को समिति का मुख्य प्रभारी बनाया गया है। स्थानीय स्तर पर तैयारियों को गति देने के लिए प्रदेश संयोजक अनिल कुमार चन्चल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कामता प्रसाद, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सिन्हा और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गयी हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - सह - प्रवक्ता कमल किशोर ने बताया कि बैठक में दो अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर जीकेसी ऐप के माध्यम से व्यापक डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान प्रभारी नीलेश रंजन के मार्गदर्शन में यह अभियान देश के सभी राज्यों और जिलों में चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा सदस्यता प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से व्यापक बनाने की योजना है।

जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के अनुसार महाधिवेशन में नेपाल से आठ से 10 सम्मानित अवार्डी एवं विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की योजना है। यूएई से सुरजीत शरण के नेतृत्व में प्रतिनिधि जुड़ेंगे। इसके अलावा 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधि प्रत्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से महाधिवेशन में शामिल होंगे।

जीकेसी के ग्लोबल महासचिव नवीन कुमार ने कहा कि नवी मुंबई में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय महाधिवेशन संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। महाधिवेशन के माध्यम से देश और विदेश में रहने वाले कायस्थ समाज के लोगों के बीच संवाद और संपर्क को और मजबूत किया जाएगा।

राजद कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती माननीय प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और शांति के पुजारी थे। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए अपने प्राण तक की आहूति दे दी। आजादी की लड़ाई को मुकाम तक पहूँचाया तथा देश को अंग्रेजों के चंगुल से छुटकारा दिलाया। दलितों एवं कमजोर वर्गो के उत्थान के लिए उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। छुआ छूत और ऊँच-नीच के विभेद को मिटाने एवं समरस समाज की स्थापना में उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।



राजद कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई

इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डा रामचंद्र पूर्वे, राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, सुरेश पासवान, राष्ट्रीय जनता दल के नेता शक्ति सिंह यादव, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, श्री नंदू यादव, हरेंद्र कुमार कुशवाहा,ड प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव, निर्भय कुमार अंबेडकर, भाई अरुण कुमार, अरविंद सहनी, कुमर राय , श्याम नंदन पासवान, बच्चा सिंह, उपेंद्र चंद्रवंशी, शिवेंद्र तांती, शैलेश कुमार यादव, गणेश कुमार यादव, शंभू साहनी, गुड्डू यादव, नीतू कुमारी, डा राजेश सक्सेना, संतोष कुमार ठाकुर सहित कई नेता और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जहानाबाद के पूर्व विधायक के पार्थिव शरीर पर राजद नेताओं ने राज्य माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना (दैनिक नवसंदेश) । बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता के पूर्व प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सह जहानाबाद के पूर्व विधायक सच्चिदानंद यादव का पार्थिव शरीर राजद के राज्य कार्यालय में लाया गया, जहां पार्टी की ओर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, जहानाबाद के सांसद ड सुरेंद्र प्रसाद यादव,पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, सुरेश पासवान,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधान पार्षद नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, डा उर्मिला ठाकुर , विधायक सूबेदार दास, राहुल शर्मा, पुर्व विधायक सुदय यादव, सुनील कुमार पुष्पम , मदन शर्मा, हरेंद्र कुशवाहा, ई अशोक यादव, संजय यादव, निर्भय कुमार अंबेडकर, डा अशोक कुमार यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, रणवीर कुमार राणा, बिन्दन यादव, शशि रंजन और पप्पू यादव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थिति थे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, सांसद डाक्टर सुरेंद्र यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, सुरेश पासवान, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष सह विधान पार्षद नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, डा उर्मिला ठाकुर, विधायक सूबेदार दास, राहुल शर्मा ने सच्चिदानंद यादव जी के पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ा कर और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनके सम्मान में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया और एक मिनट का मौन रखकर उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

महात्मा तो राष्ट्रपिता हैं ही, शास्त्री थे भारत के सच्चे राष्ट्र-पुत्र, जयंती पर सम्मेलन में हुई राष्ट्रभाषा-संगोष्ठी

दैनिक नवसंदेश

पटना। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी कुछ दिन और जीवित रहते, संविधान के निर्माण तक तो भारत को हिन्दी के लिए रोना नहीं पड़ता। हिन्दी संविधान-सभा की प्रथम बैठक में भारत की राष्ट्रभाषा घोषित हुई होती। वे हिन्दी को देश की राष्ट्रभाषा मानकर समग्र भारत में इसका प्रचार कर रहे थे। उन्होंने अहिन्दी भाषी प्रदेशों में हिन्दी-प्रचार की अनेक संस्थाएँ स्थापित की थी। महाराष्ट्र के वर्धा में, जहां उनका आश्रम आज भी है, उन्होंने राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की स्थापना की थी, जो आज भी बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की भाँति चिरंजीवी और क्रियाशील है।

यह बातें शुक्रवार को साहित्य सम्मेलन में आयोजित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर आयोजित राष्ट्रभाषा-संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि गांधी जी कहा करते थे कि भले ही अंग्रेज कुछ दिन और ठहर जाएं किंतु अंग्रेजी भारत से शीघ्र विदा हो! यह वे इसलिए कहा करते थे कि भारत की आत्मा को अपना पुराना स्वरूप ग्रहण करने में अंग्रेजी ही सबसे बड़ी बाधा है। यही भारत को एक नहीं होने दे रही। यह हिन्दी ही है, जो भारत को एक करेगी। भारत के एकत्व का सूत्र केवल और केवल हिन्दी में है।



साहित्य सम्मेलन में आयोजित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य।

जयंती पर भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भारत का अद्वितीय प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि यदि महात्मा गाँधी देश के राष्ट्रपिता हैं तो शास्त्री सच्चे अर्थों में भारत के राष्ट्र-पुत्र हैं। दोनों ही महात्मा महान त्यागी और बलिदानी थे। राष्ट्र और राष्ट्रभाषा के इन दोनों महान-सेवकों पर भारत को सदा ही गर्व रहेगा।

आरम्भ में अतिथियों का स्वागत और राष्ट्र-भाषा-संगोष्ठी का विषय प्रवेश करते हुए, सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि गाँधी जी गुजराती थे, किंतु उन्होंने अपने सारे कार्य हिन्दी में किए। वे हिन्दी-आंदोलन के पुरोधाओं में थे। अखिल भारत वर्षीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अनेक

गाँधी कुछ दिन और जीवित रहते तो हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा होती

वर्षो तक अध्यक्ष रहे। हिन्दी को राष्ट्रभाषा मानते हुए, उन्होंने इसका प्रचार किया। मैथली शरण गुप्त और प्रेमचंद समेत उस युग के सभी साहित्यकार गाँधी से प्रभावित थे। गाँधी जी हिन्दी के महान उन्नायकों में से एक थे। उन्होंने कहा था कि दक्षिण के जो लोग इसका विरोध करेंगे, वे वास्तव में देश का और स्वयं अपना भी अनिष्ट करेंगे। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। जो आज सिद्ध हो रहा है।

चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से आरम्भ हुई इस संगोष्ठी में, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, डा ओम् प्रकाश पाण्डेय, शुभचंद्र सिन्हा, ई अशोक कुमार, सिद्धेश्वर, डा आर प्रवेश, इन्दु भूषण सहाय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय तथा प्रवीर कुमार पंकज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

अश्विनी कुमार कविराज, डा चन्द्रशेखर आजाद, प्रेम अग्रवाल, अभिराम बुद्धवाहा, अरुण कुमार वर्मा, प्रेम प्रकाश, उमाकांत ओझा, केशव तिवारी आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

शॉर्ट सर्किट से चांदनी मार्केट में लगी आग

पटना / एसएनबी। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चांदनी मार्केट में भीषण आग लग गई। आग लगते ही मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक चांदनी मार्केट के गोदाम में आग लगी । थर्ड फ्लोर के ऊपर करकट का स्ट्रक्चर बनाया गया था, जो इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का गोदाम था। इस गोदाम में शर्ट सर्किट सर्किट से आग लगी । आग की लपटें दूर तक फैल रही थी। इससे आग की लपटें दूर तक फैलती रही । इससे आसपास अफरातफरी का माहौल रहा। गोदाम में जब आग लगी, उस वक्त एक हजार से अधिक दुकानदार और ग्राहक मौजूद थे। कुछ लोग भाग कर जान बचाए तो कुछ लोगों को रेस्क्यू किया गया। स्थानीय दुकानदारों ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद दमकल की कई गाड़ियां पहुंची, जो आग पर काबू पाने में जुटी । मार्केट की गली संकीर्ण होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में परेशानी हुई।

खबरें — खास-खास

कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने "पोस्टर एवं ड्राइंग के माध्यम से महात्मा गांधी के विचारों और उनके जीवन संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।" बच्चों ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सौ, सद्भाव और देशप्रेम जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र एवं संदेश तैयार किए। इन रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने बापू के आदर्शो को समाज तक पहुँचाने का संदेश दिया। विद्यालय की "मैनेजिंग डायरेक्टर मिस उषा कुमारी" ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायक हैं। उनके सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को अपने दैनिक जीवन में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। विद्यालय की "प्रधानाचार्या मिस अंकिता कुमारी" ने कहा कि बच्चों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें गांधीजी के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।



विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर मिस उषा कुमारी स्कूल के बच्चों के साथ।

राष्ट्रीय सूडी महासभा के माध्यम से सूडी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग

पटना (दैनिक नवसंदेश)। विद्यापति भवन में राष्ट्रीय सूडी महासभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार के सभी जगहों से बड़ी संख्या में सूडी समाज के लोग शामिल हुए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यपाल गंगा बाबू, ढाका के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, विधायक संजीव चौरसिया,आरा की मेयर इंदु देवी रही।



विद्यापति भवन में राष्ट्रीय सूडी महासभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के संजोजक प्रह्लाद पूर्वे, कार्यक्रम के सह संजोजक आलोक अंजन, बिर मंडल, अनिल वैद, सुनील नायक, कोषाध्यक्ष अजय महतो, कार्यालय प्रभारी राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी अभय आर्या सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता सुमन महासेठ ने की।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मैं आप सभी के आवाज को सरकार तक पहुँचाने का काम करूँगा और आप सभी इसी तरह एक जुट होकर रहे। महासभा में सूडी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग को लेकर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से आह्वान किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सह-संयोजक आलोक अंजन ने कहा कि सूडी समाज के अधिकांश लोग मेहनत कर छोटे-मोटे व्यवसाय के माध्यम से अपना जीवनयापन करते हैं। समाज के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को अति पिछड़ा वर्ग के लिए मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से सूडी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे समाज के गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा, सरकारी नौकरी एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और उनका भविष्य बेहतर हो सकेगा। महासभा में समाज की एकजुटता एवं शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्थान का संकल्प लिया गया।

कटे होंठ, कटे तालु और टंग टाई से पीड़ित 5 बच्चों की पीएमसीएच में सर्जरी



पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत कटे होंठ, कटे तालु और टंग टाई यानी जीभ की गति में बाधा पैदा करने वाली स्थिति से पीड़ित बच्चों की सर्जरी के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान का शुभारंभ पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में हुआ। इस अभियान में राज्य के 12 चिकित्सा संस्थानों को शामिल किया गया है। अभियान के पहले दिन पीएमसीएच में कुल 5 बच्चों की सफल सर्जरी की गई। जिसमें 2 क्लेफ्ट पैलेट, 2 क्लेफ्ट लिप एवं 1 टंग-टाई से ग्रसित बच्चे शामिल हैं। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डा. संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में डा. पुरुषोत्तम कुमार और डा. विकास कुमार ने सर्जरी सफलतापूर्वक की। इस दौरान एनेस्थीसिया इकाई के प्रभारी डा. अशोक कुमार, डा. शबकत तथा कान, नाक एवं गला (ईएनटी) विभाग की अध्यक्ष डा. प्रीति शर्मा का अहम सहयोग रहा। अभियान के सफल संचालन में शिशु रोग विभाग के अध्यक्ष डा. हेमंत कुमार, इकाई प्रभारी डा. मनोज कुमार सिंह तथा इकाई प्रभारी एवं आरबीएसके के सह-नोडल अधिकारी डा. कौशलेंद्र कुमार सिंह ने भी सहयोग दिया। इस अवसर पर पीएमसीएच के अधीक्षक डा. राजीव कुमार, आरबीएसके के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. राजीव कुमार, आरबीएसके के चिकित्सा पदाधिकारी डा. रवि प्रकाश तथा इकाई प्रभारी डा. सेतु बंधु तिवारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणबीर नंदन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर राज्य के मठ-मंदिरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान रणबीर नंदन ने मठ-मंदिरों की जमीन पर हुए अतिक्रमण से संबंधित विस्तृत सूची मुख्यमंत्री को सौंपी तथा इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया। साथ ही, राज्य के सभी जिलाधिकारियों को न्यास गठन के संबंध में पत्र भेजे जाने की जानकारी भी साझा की। गुलजारबाग स्थित ऐतिहासिक सर्वमंगला मंदिर के विकास का विषय भी प्रमुखता से रखा, ताकि इस प्राचीन धार्मिक स्थल को नई पहचान मिल सके और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके अतिरिक्त दिसंबर माह में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा आयोजित होने वाले 'धार्मिक युवा महासंगम' में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार करते हुए पर्षद के सदस्यों एवं कर्मचारियों के साथ विशेष बैठक करने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान की। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणबीर नंदन ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बिहार के मठ-मंदिरों की संपत्तियों का संरक्षण हो, अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई हो और धार्मिक स्थलों का समुचित विकास सुनिश्चित किया जाए।



बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री से मिले महंत स्वामी अयोध्यानाथ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी के शिष्य अयोध्यानाथ महाराज ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर सनातन धर्म की परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। उनके बीच धार्मिक-सांस्कृतिक विषयों तथा सनातन पर चर्चा हुई। इस दौरान स्वामी अयोध्या नाथ ने मुख्यमंत्री को स्वामी जी की एक तस्वीर भेंट की। मौके पर समाजसेवी यशवंत सिंह एवं दिव्यानंद उर्फ बिट्टू भी थे।

गांधी जयंती पर सीनियर सिटीजन का कार्यक्रम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्र के प्रति समर्पण त्याग तपस्या एवं बलिदान जो गांधी जी ने दिया आज पूरा विश्व इसे अंगीकार कर रहा है। यह बातें सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने गांधी जयंती के अवसर पर ममता सभागार कतीरा में संबोधित करते हुए कहा। डॉ दिवाकर पांडे ने कहा कि आज पूरा विश्व गांधीवाद की व्यापकता का लोहा मान रहा है। प्रो विश्वनाथ चैधरी, राघव प्रसाद सिंह, अशोक मिश्रा ने गांधी के आदर्शों को अपने में लाने समाज में प्रदर्शित करने की जरूरत है। गांधी जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रो अमरेंद्र कुमार, जोगिंदर सिंह, अनंत प्रसाद श्रीवास्तव, रविंद्र नाथ, डॉ उदय प्रताप, त्रिलोकी सिंह, राम नारायण पांडे, जगत नंदन सहाय, अशोक चैधरी, शिवकुमार ने भी अपने-अपने विचार रखें। बैठक में वरिष्ठ नागरिक रामनारायण पांडे एवं सुरेंद्र सिंह को संगठन के तरफ से सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष हरिंदर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गाँधी जयंती पर विधायक द्वारा स्वच्छता अभियान

आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)। महात्मा गाँधी के जयंती के अवसर पर विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़हरा प्रखंड के सेमरिया-पड़रिया पंचायत सरकार भवन परिसर मे आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम मे शामिल हो कर कार्यकताओं एवं ग्रामीण जनता के साथ परिसर की सफाई की। उसके बाद विधायक द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश दिए। कार्यक्रम में शुभम पांडेय, गोविन्द कुमार, संजय कुमार सिंह, सुनील सिंह मुखिया, मनोज सिंह, संतोष सिंह संटु, लल्लू सिंह, उग्रेश सिंह, मनपारन सिंह, टुनटुन बिंद, प्रशांत सिंह, रामायण सिंह, आदि थे।

डीएवी स्कूल्स ने किया 'रन फॉर डीएवी' का आयोजन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर आज 'रन फॉर डीएवी' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में



डीएवी. धनुपरा तथा बी एस डीएवी, मील रोड ने भी अपने बच्चों व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ काफी जोश-ओ-खरोश के साथ हिस्सा लिया। 'रन' का नेतृत्व प्राचार्या नीशू जायसवाल तथा प्राचार्या नूपुर ठाकुर ने किया। गायत्री मंत्र व डीएवी ऐंथम के बाद ह्यरन फॉर डीएवीह्य. की टीम को प्राचार्या द्वय के साथ-साथ शाहाबाद डेयरी के एम डी अमित कुमार सुमन ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रेडक्रॉस भवन से शुरू होकर शहर के अलग-अलग रस्ते से दौड़ लगाते हुए यह टीम पुनः रमना मैदान स्थित वीर कुँवर सिंह स्टेडियम में पहुँची जहाँ शिक्षकों, परिजनों तथा बच्चों द्वारा गाँधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान ह्यरनह्य में शामिल बच्चों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ अपने स्वास्थ्य व सक्रियता का संदेश दिया। इस ह्यरनह्य को सफल बनाने के लिए अभिभावकों व सुधा डेयरी की ओर से मार्ग में जगह-जगह पर पानी, फ्रूटी व सुधा की लस्सी की व्यवस्था की गई थी।

सड़क हादसे में बुलेट सवार एक युवक की मौत, दूसरा जख्मी

जख्मी युवक का निजी अस्पताल में हो जा रहा इलाज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-बक्सर एनएच-22 पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज के समीप गुरुवार की मध्य रात्रि हुए सड़क हादसे में बुलेट सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर निवासी श्रीराम तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र विष्णु शंकर तिवारी है। वह बिहिया चैरस्ता पर अपना मेडिकल स्टोर चलता था। जख्मी उसका दोस्त उसी थाना के अमराई नवादा निवासी 28 वर्षीय सोनू कुमार सिंह है। वह सिवान स्थित निजी होटल के मालिक का गाड़ी चलाता था। मृतक के परिजन ने बताया कि विष्णु शंकर तिवारी का दोस्त सिवान से गुरुवार की रात आरा आया था। उसी को बुलेट से रिसीव करने के लिए वह आरा गया था। आरा से जब दोनों वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान बीबीगंज के समीप फोरलेन पर उनके आगे जा रही ट्रक ने अचानक ब्रेक ले लिया और उनकी बुलेट ट्रक में पीछे से टकरा गई, जिससे विष्णु शंकर तिवारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त सोनू कुमार सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पाकर परिजन बीबीगंज पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में बड़ा था। उसकी शादी इसी वर्ष मई महीने में हुई थी। अभी उसके पत्नी के हाथों की मेहंदी भी नहीं छुट्टी थी कि मांग का सिंदूर ही उजड़ गया। उसके परिवार में मां पुनीता देवी, पत्नी खुशी देवी एवं दो भाई है।

संघर्ष सेवा समिति द्वारा सूर्य मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम



सहार (दैनिक नवसंदेश)। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत संघर्ष सेवा समिति के द्वारा अंधारी ग्राम के प्राचीन सूर्यमंदिर परिसर में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूर्य मंदिर की साफ सफाई में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य रविरंजन सिंह सम्मिलित होकर स्वच्छता के लिए लोगो को प्रेरित किया। सफाई कार्य के उपरांत सम्मिलित सभी युवाओं ने स्वच्छता शपथ ग्रहण भी लिया। समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार चांद ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेवारी है और गंदगी हमारी बीमारी है। रविरंजन सिंह ने कहा कि अगर हम अपने रहने वाले स्थान को स्वच्छ रखते है तो निश्चित हीं हम उत्पन्न होने वाली बीमारियों से दूर रहेंगे। श्रमदान से शारीरिक विकार भी बाहर निकल जाते हैं। उक्त कार्यक्रम में सुजीत कुमार, नवीन कुमार, चितरंजन कुमार, दीपक कुमार, सुरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, विकाश पांडे, सुधीर पांडे, मंजीत सिंह, गुड्डू राय, धीरज कुमार, रविन्द्र शर्मा, भानु सिंह, निलेश कुमार, आकाश कुमार, बैजू सिंह, सनी कुमार, राजा कुमार, मुकेश कुमार सम्मलित रहे।

प्रभातफेरी निकालकर सत्य और अहिंसा का संदेश

गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। प्लस टू जनता उच्च विद्यालय बलिगांव में गांधी जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर से प्रभातफेरी निकालकर की गई। इसमें विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभातफेरी के दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित नारे लगाकर सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। प्रभातफेरी के बाद विद्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुशील कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने देश की आजादी में महात्मा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य, प्रेम और अहिंसा के माध्यम से समाज और देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामजी सिंह ने किया।



आरा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं से संबंधित 12 सूत्री मांगों को लेकर बैठक

ह्यआरा जंक्शन रेलयात्री सुविधा समितिह्य की पहल पर कार्यक्रम ,नव गठित समिति करेगी यात्री सविधाओं का नियमित अनुश्रवण



आरा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर डॉ भवेश की अध्यक्षता में बैठक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रेलवे स्टेशन के पर ह्यआरा जंक्शन रेलयात्री सुविधा समितिह्य के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समिति के संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने की। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 4 के निमार्णाधीन एस्केलेटर और लिफ्ट को एक सप्ताह के अंदर चालू करने, प्लेटफॉर्म के लिए निर्धारित सभी सफाई कर्मियों की पारदर्शी उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी प्लेटफार्म पर साइनेज और स्क्रबर तथा वाकिंग मशीन की पारदर्शी मॉनिटरिंग, सभी प्लेटफॉर्म पर उभरे गड्ढे तत्काल भरने, पुराने शेड की मरम्मत एवं नये शेड का विस्तार, प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर जलापूर्ति सहित शौचालय की, सकुर्लेटिंग एरिया के पे एंड यूज शौचालय में यूरिनल की मुफ्त सेवा, एस्केलेटर या लिफ्ट बंद होने का कारण ह्यइलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड पर दशार्ने, सम्पूर्ण स्टेशन परिसर की जल निकासी हेतु अलग से जल निकासी व्यवस्था, सकुर्लेटिंग एरिया में कचरा, जल एवं मूत्र बहाव को तत्काल बंद करने, अवैध जानवर एवं वेंडर पर रोक आदि पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही राजधानी, पटना-इंदौर तथा सीमांचल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की गयी। बैठक में उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर की ओर जाने फुट ओवरब्रिज, प्लेटफार्म ऊंचा करने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई पर गहन चर्चा हुई। डॉ. भवेश ने कहा कि 2 सितंबर 26 से प्ररम्भ इस अभियान के तहत गत सोमवार को महाप्रबंध हाजीपुर से शिष्टमंडल मिला। जीएम द्वारा त्वरित कारवाई के आश्वासन पर आज जनसहयोग से प्लेटफार्म के गड्ढे भरने का कार्यक्रम स्थगित कर विमर्श हेतु बैठक की गयी। बैठक में डॉ. जितेंद्र शुक्ला, राजू मेहता, जेडआरयूसीसी मेंबर मांझिल सिंह, आरा बार एसो. के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, रामकुमार सिंह, अवधेश कुमार पांडेय, यशवंत सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, अधिवक्ता सुरेश प्रसाद, राजद नेता मनोज सिंह, ई. धीरेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, जदयू नेता संजय कुमार सिंह, नवीन प्रकाश, देवदत्त सिंह, अमित कुमार सिन्हा, रोहित सिंह, अशोक कुमार भट्ट, दिलीप सिंह, गणेश प्रसाद कुशवाहा, भरत सिंह, नकुल सिंह, रवि नंदन पंडित, मनोज ओझा, रोशन सिंह, आजाद सिंह, आलोक सिंह, विकास सिंह, जितेंद्र शर्मा, दिनेश कुमार सिन्हा, दीपक सिंह, अमित कुमार, शिखर श्रीवास्तव, मनीष वत्स, राकेश कुमार सिंह, बिट्टू सिंह, आकाश पासवान, अमित कुमार, सुशील सिंह आदि प्रमुख थे।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोइलवर पुलिस की नई पहल

थाने में चाइल्ड हेल्प डेस्क शुरू



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। बच्चों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने और किसी भी तरह की परेशानी अथवा संकट की स्थिति में उन्हें तत्काल पुलिस सहायता मुहैया कराने को लेकर कोइलवर पुलिस ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण पहल की। बिहार सरकार के निर्देश पर कोइलवर थाने में चाइल्ड हेल्प डेस्क की विधिवत शुरूआत की गई। डीएसपी सदर-2 रंजीत कुमार सिंह ने फीता काटकर हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। इस दौरान कोइलवर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उद्घाटन के बाद छात्राओं को संबोधित करते हुए डीएसपी रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवार, विद्यालय और समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से राज्यभर में चाइल्ड हेल्प डेस्क की शुरूआत की जा रही है, ताकि बच्चों को अपनी परेशानी बताने के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चे किसी भी तरह की परेशानी, डर, दबाव या संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें। स्कूल आने-जाने के दौरान या कहीं भी उन्हें किसी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगे अथवा किसी प्रकार का खतरा महसूस हो तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना दें। बच्चों से संबंधित शिकायतों और सूचनाओं पर वे आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय करेंगी। मौके पर कोइलवर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल, पर्यवेक्षी पदाधिकारी दीपक कुमार साह, एसआई जेके तिवारी, एसआई कुमारी नेहा सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

वीर कुंवर सिंह पार्क में हुआ पौधरोपण



कार्यक्रम में अतिथि, अध्यक्ष व अन्य

आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुंवर सिंह पार्क में शुक्रवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भोजपुर जिला प्रशासन, भोजपुर वन प्रमंडल एवं वीर कुंवर सिंह स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि डीडीसी अरुण प्रकाश, सदर एसडीपीओ सुशील कुमार, विशेष अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव एवं सदर एसडीओ अंशु कुमारी ने कहा कि महापुरुषों की जयंती में शामिल होना सुखद अनुभूति है। गांधी जी, शास्त्री जी और वीर कुंवर सिंह जैसे महापुरुषों के योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। स्वागत एवं संचालन समिति के सचिव डी. राजन ने किया। मौके पर नाथुराम, मनोज कुमार सिंह, पप्पू सिन्हा, रजनीकांत सिन्हा उर्फ प्रिंस, अधिवक्ता प्रिया कंचन, प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा, आदित्य विजय जैन, अजय लाल, अमरेश कुमार सिन्हा उर्फ बाला समेत बड़ी संख्या में सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार सिंह ने किया।

खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग : मनोज दूबे

जिले को नशा मुक्त बनाने में युवा अपनी भूमिका तय करें-अवधेश दीक्षित आईआरएफसी के चेयरमैन ने खेल सामग्री भेंट कर बढाया हौसला



पुरस्कृत करते सीएमडी मनोज दूबे एवं एसपी अवधेश दीक्षित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। खिलाडियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर भारतीय रेलवे वित्त निगम ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करने की पहल शुरू की है। निगम के चेयरमैन, सीईओ और सीएमडी मनोज कुमार दूबे ने आईआरएफसी के सीएसआर निधी से खेल सामग्री भेंट कर जिले के हॉकी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया है। गाँधी जयंती के अवसर पर स्थानीय महाराजा कॉलेज के मैदान में हॉकी एशोसिएसन ऑफ भोजपुर के बैनर तले आयोजित मैच में शामिल होने पहुंचे चेयरमैन, श्री दूबे ने न सिर्फ खिलाड़ियों को लाखों रुपये की खेल सामग्री भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया, बल्कि आगे भी मदद का भरोसा दिया। उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी अवधेश दीक्षित ने किया। मैच शुरू होने के पूर्व श्री दूबे और श्री दीक्षित ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और मैच की समाप्ति पर दोनों वर्ग की टीमों क्रमशः आरा और बिहियाँ के खिलाड़ियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलेंगे तो खिलेंगे' के नारे को धरातल पर उतारने के लिए हम कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी देश के भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में वे अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने महाराजा कॉलेज के खेल मैदान को विकसित करने के लिए बड़ी योजना की स्वीकृति का आश्वासन दिया। उन्होंने प्राचार्या से प्रस्ताव मांगे। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद भोजपुर के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खासकर युवा वर्ग से अपील की कि वे सूखे नशे के खिलाफ पुलिस के चलाये जा रहे अभियान से जुड़ें और जिले को नशा मुक्त करने में अपनी भूमिका तय करें।

नगर पंचायत के सभी वार्डों में चला सफाई अभियान

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शाहपुर नगर पंचायत के सभी वार्डों में शुक्रवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सफाई कर्मियों ने सड़कों पर झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान का उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना तथा लोगों को साफ-सफाई के प्रति जिम्मेदार बनाना था। अभियान में नगर पंचायत की मुख्य पार्षद जुगनू देवी, कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार तिवारी, उपमुख्य पार्षद झुनियां देवी, पूर्व उपमुख्य पार्षद गुप्तेश्वर साह, लोक स्वच्छता पदाधिकारी मंजीत अरोरा और कनीय अभियंता जयनंदन चैधरी सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की कि कूड़ा-कचरा सड़कों पर फेंकने के बजाय कूड़ेदान में डालें। प्लास्टिक के थैलों के स्थान पर कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करें। अभियान में वार्ड पार्षद मो. शाहिद अनवर, मनोज पासवान, मधुमाला देवी, कमलेश कुमार राज, नीलू देवी, अखिलेश कुमार, सुशील वर्मा, बलवंत कुमार, विक्की कुमार, कमलेश पांडे सहित नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद शामिल हुए।

क्लब ऑफ आरा अपूर्व ने वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

सम्मानित हुए पूर्व कुलपति प्रो दुर्गविजय सिंह



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व की ओर से बुधवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर डॉ लाल क्लिनिक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष डॉ. लतिका प्रकाश ने की। इस दौरान समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रथम छात्र कल्याण अध्यक्ष एवं जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति प्रो. दुर्गविजय सिंह तथा यूको बैंक आरा के वरिष्ठ अधिकारी निर्मल कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न सामाजिक क्लबों से जुड़े वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। मुकुल विकास श्रीवास्तव, मृत्युंजय कुमार सिन्हा और अमित सुमन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और जीवन संघर्ष से नई पीढ़ी को सीख मिलती है। परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। अध्यक्ष डॉ. लतिका प्रकाश ने कहा कि उम्र केवल वर्षों की संख्या है, जीवन जीने का उत्साह कभी बूढ़ा नहीं होता। वरिष्ठ अवस्था जीवन का अंत नहीं, बल्कि अनुभव साझा करने और समाज से सक्रिय रूप से जुड़े रहने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को देखभाल के साथ सम्मान, अपनापन, संवाद और सहभागिता भी मिलनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन लायन विनीता सिंह ने किया। संयोजक लायन संतोष सहाय, संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी, रोहित तिवारी, रणबीर कुमार समेत क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

जारी रहा फसल क्षति इनपुट अनुदान के आवेदनों का सत्यापन

कर्मियों ने किसानों संग तस्वीर किया अपलोड



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ के दौरान फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए कृषि इनपुट अनुदान के तहत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कार्य तेज कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा तैनात कर्मी छुट्टी के दिन भी आवेदनों के सत्यापन में जुटे रहे। इस दौरान कर्मियों ने प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर आवेदन करने वाले किसानों के खेतों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही फसल क्षति के रकबे की तस्वीर लेकर उसे कृषि विभाग के आनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया गया। ताकि वास्तविक रूप से प्रभावित किसानों को क्षति के अनुरूप अनुदान का भुगतान किया जा सके। सत्यापन के दौरान कृषि कर्मियों ने किसानों के साथ उनके खेतों पर पहुंचकर फसल क्षति की स्थिति और प्रभावित रकबे का जायजा लिया। इसके बाद संबंधित खेतों की तस्वीर लेकर आनलाइन पोर्टल पर अपलोड की गई। विभागीय स्तर पर इस प्रक्रिया के माध्यम से आवेदनों में दर्ज जानकारी और खेतों की वास्तविक स्थिति का मिलान किया जा रहा है। विभिन्न पंचायतों में अब तक सात हजार से अधिक किसानों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड किए जाने की बात सामने आई है। अबतक करीब सात हजार से अधिक किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। शाहपुर प्रखंड की सभी 20 पंचायतों और नगर पंचायत को मिलाकर कृषि इनपुट अनुदान के लिए कुल 36117 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों के सत्यापन के दौरान कुछ पंचायतों में धान की खेती का आच्छादित रकबा कम होने के बावजूद आवेदन की संख्या अपेक्षाकृत अधिक पाई गई है। इसको लेकर कृषि विभाग ने आवेदनों की जांच पर विशेष जोर दिया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवानंद रजक ने बताया कि जिन पंचायतों में धान की खेती का रकबा कम है। ऐसे में खेतों के वास्तविक रकबे और फसल क्षति का सत्यापन किया जा रहा है।

दिव्यांग जनों को उपकरण मिलने से बढ़ेगा उनका हौसला : राधा चरण साह



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा गाँधी जयंती के मौके पर आरा में दिव्यांगजन हेतु सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत आसरा के सहयोग से विधायक राधा चरण साह के आवास पर दिव्यांग जनों के बीच निशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में भोजपुर और बक्सर जिले के अलग-अलग प्रखंडों के 16 लाभुकों के बीच इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। विधायक श्री साह ने कहा कि दिव्यांग लोगों के लिए सरकार की यह पहल काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साईकिल मिलने से दिव्यांगजन न केवल आने-जाने में सहूलियत महसूस करेंगे बल्कि उनके लिए छोटे मोटे रोजगार के भी सृजन की संभावना रहेगी। जदयू के प्रदेश सचिव कन्हैया प्रसाद ने कहा कि मेरी पहल पर पिछले कुछ महीनो से लगातार दिव्यांगजनों के बीच ऐसे उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। उनकी जरूरत के हिसाब से सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। इससे पहले शाहपुर, बिहियां, बड़हरा और आरा प्रखंड के अलग-अलग इलाकों में भी कैंप लगाकर निशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया है। आने वाले दिनों में भी ऐसे ही शिविर लगाकर दिव्यांग और निशक्तजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। मौके पर जदयू के प्रदेश सचिव कन्हैया प्रसाद भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, निदेशक दीप्ति राघव, उप निदेशक शिवम बहादुर सिंह, येलेन्को कानपुर के सीनियर मैनेजर रविरंजन कुमार सिंह मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ के पानी में डूबने से चार वर्षीय राघव की मौत

कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)। महिसौत पंचायत के सिसौना गांव निवासी राहुल मुखिया के पुत्र राघव कुमार(4 वर्ष) की बाढ़ के पानी में डुबने से मृत्यु हो गई। घटना के बारे में बताया गया कि बाढ़ के पानी होकर खेत जा रही दादी के पीछे -पीछे बालक भीचुप चाप चल पड़ा। इसकी भनक उसकी दादी को नही लगी और गहरे पानी में पहुंचने से बालक डुब गया , जिससे उसकी मृत्यु हो गई । इधर जब बच्चे की घर पर खोज हुई और नही मिलने पर आस- पास में खोजना शुरू किया।बताया जा रहा है कि जब पानी की तरफ खोजबीन हुई तो बच्चा का कपड़ा दिखा। लोगों ने पास जा कर देखा तो बालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है।

एम.आर.एम. कॉलेज में सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने चलाया स्वच्छता अभियान



दरभंगा (एनएसबी)। स्थानीय महारानी रामेश्वरी महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता एवं जनसेवा अभियान 2026 के तहत' स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया' प्रधानाचार्या प्रोफेसर पुष्पम नारायण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में पार्षद मुकेश महासेठ, सुजीत मल्लिक, महा मंत्री श्रवण महतो, संगीत साहू, मंडल अध्यक्ष प्रमोद चौधरी और प्रदेश मंत्री उदय शर्मा शामिल थे। इस अवसर पर डॉ धर्मशिला गुप्ता ने कहा कि वह कॉलेज के विकास और छात्राओं की सुविधा के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगी। साथ ही आवश्यकतानुसार प्रशासनिक कदम भी उठाएंगी। साथ ही साथ उन्होंने सांसद स्वैच्छिक कोष का प्रयोग करते हुए छात्राओं के लिए पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्धार एवं आवश्यकतानुसार शौचालयों का निर्माण कराने का वादा किया। मंच संचालन नम्रता द्वारा किया गया।

माउंट समर कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



दरभंगा (एनएसबी)। पोलो फील्ड रोड स्थित माउंट समर कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा समाज में सामाजिक एवं नागरिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह जागरूकता यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर पोलो फील्ड रोड होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने हाथों में विभिन्न संदेशों और नारों वाली तख्तियां लेकर आम जनमानस को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। रैली का समापन लहेरियासराय टावर पर हुआ, जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राघवेंद्र कुमार एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के बिहार राज्य प्रतिनिधि डॉ. आर. बी. खेतान उपस्थिति रहे । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के उप प्राचार्य नीतीश कुमार तथा शिक्षकगण अभिषेक प्रभात अभिनव कुमार शुभम मिश्रा श्रवण कुमार एवं गुड़िया कुमारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संत जेवियर्स कमतौल में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री जयंती।



जाले (एनएसबी)। संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल, कमतौल में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संदीप कुमार, राहुल कुमार झा, प्रविण कुमार, सुरेश कुमार, पूनम चौधरी, सुबोध कुमार झा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय का भव्य शुभारंभ



दरभंगा (एनएसबी)। भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को दरभंगा जिला में क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नाका 8 के समीप चुनाभट्टी अपार्टमेंट के निकट कार्यालय पर संगठन के प्रदेश ,जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा करना, शोषित-वंचित वर्ग को न्याय दिलाना और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। दरभंगा में क्षेत्रीय कार्यालय खुलने से मिथिला क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय और सशक्त मंच मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

आकाशवाणी दरभंगा से डिजिटल पॉडकास्ट की शुरूआत सराहनीय: सीए सुरेश झा



दरभंगा (एनएसबी)। . मिथिलांचल की समृद्ध कला, संस्कृति और आवाज को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए आकाशवाणी दरभंगा ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। आकाशवाणी दरभंगा के डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया चैनल पर शुरू होने जा रही पहली पॉडकास्ट श्रृंखला के प्रथम एपिसोड में दरभंगा गोई मिश्र लगमा के मूल निवासी, विख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट और चर्चित बॉलीवुड फिल्म द ताज स्टोरी के निमार्ता सीए सुरेश झा को आमंत्रित कर उनका विशेष साक्षात्कार इंटरव्यू रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान का सुरेश झा ने परिसर स्थित मिथिला कोकिल महाकवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण की।इस गौरवपूर्ण अवसर पर आकाशवाणी दरभंगा के निदेशक अमित कुमार, अमरनाथ प्रसाद,आशीष सिंह, गगन कुमार , सज्जाद एवं तकनीकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।साक्षात्कार के दौरान सीए सुरेश झा अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय गोई मिश्र, लगमा से शुरू हुई उनकी शिक्षा की यात्रा और उसके बाद सी. एम. साइंस कॉलेज दरभंगा के क्लासरूम, जहाँ से उन्होंने बॉलीवुड और कॉर्पोरेट जगत के बड़े सपने देखना शुरू किए थे। पॉडकास्ट में सीए झा ने अपने छात्र जीवन के संघर्षों, चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की यात्रा और अपनी बहुचर्चित फिल्म द ताज स्टोरी ' के निर्माण के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की।आकाशवाणी दरभंगा के निदेशक अमित कुमार ने बताया कि यह ऐतिहासिक पॉडकास्ट जल्द ही आकाशवाणी दरभंगा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल और प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने आकाशवाणी की पूरी टीम को बधाई दिया।

डीएम ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया मुआयना, दिया निर्देश

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने शुक्रवार को लोहिया चौक से पंडासराय गुमटी तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया । इस क्रम में उन्होंने सड़क चौड़ीकरण कार्य, निर्माण की स्थिति तथा कार्य में आ रही विभिन्न बाधाओं की विस्तृत जानकारी ली।उल्लेखनीय है कि लोहिया चौक से पंडासराय गुमटी तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने सड़क चौड़ीकरण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूरा करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए आवश्यक यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य विभिन्न स्थानों पर किया जाना है। इसके अंतर्गत नाला, विद्युत पोल सहित अन्य संबंधित यूटिलिटीज को निर्धारित स्थल से स्थानांतरित किया जाना शेष है। इसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य यथाशीघ्र पूरा करनेका टास्क दिया, ताकि सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

नमो भारत रैपिड ट्रेन का लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव शुरू

दरभंगा (एनएसबी)। लहेरियासराय क्षेत्र के आस पास के क्षेत्रवासियों को आज ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। दरभंगा के दक्षिणी क्षेत्र के लोगों को अब दैनिक कार्यों से पटना आने जाने की यात्रा समय और संसाधन की दृष्टिकोण से सुगम हो गई। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में रेलवे कनेक्टिविटी तथा रेलवे के क्षेत्र में जितने विकासात्मक कार्य किए गए हैं वह इस बात को साबित करता है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमित शाह तथा रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के द्वारा दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में आमजनों को हर दृष्टि से बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।लहेरियासराय स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर -2 पर नमो भारत रैपिड ट्रेन की



झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने दिखाई झंडी।

ठहराव की शुरूआत करने के बाद स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने अपने संबोधन में उपरोक्त बातें कही।

सांसद डा ठाकुर ने राज्यसभा सांसद डा धर्मशीला गुप्ता, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी समस्तीपुर रेल मंडल के एडीआरएम सहित अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ झंडी दिखाकर नमो भारत ट्रेन की ठहराव की शुरूआत की तथा इस ट्रेन के ड्राइवर एवं गार्ड को मिथिला की संस्कृति के अनुसार पाग अंगवस्त्र से सम्मानित किया। अमृत भारत योजना से दरभंगा, लहेरियासराय तथा सकरी स्टेशनों का आधुनिकीकरण, लहेरियासराय स्टेशन पर लो कॉस्ट ओभरब्रीज, दरभंगा शहर में बन रहे सात आरोबी,नरकटियागंज सीतामढी दरभंगा रेल लाइन का दोहरीकरण, दरभंगा अयोध्या अमृतभारत दरभंगा लखनऊ गोमतीनगर अमृत भारत जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां दरभंगा और मिथिला के प्रति मोदी सरकार की प्राथमिकता को जगजाहिर करती है।कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमरनाथ गामी

मौके पर भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभयानंद झा, सुजीत मल्लिक नथुनी पासवान राजू पासवान सपना भारती मीरा देवी ज्योतिर्कृष्ण लवली मुकुंद चौधरी प्रेम कुमार मिश्र रिंकू विकास चौधरी भावना पासवान पप्पू राय विद्यासागर यादव प्रमोद चौधरी कन्हैया पासवान तनवीर हसन आशुतोष झा संजीव साह आदि मौजूद रहे।

दरभंगा में 'मुस्लिम एलीट्स ऑफ वैशाली' का विमोचन

■ प्रोफेसर तरजी और सैयद महमूद अहमद करीमी हुए अलहुदाअवार्ड से सम्मानित



कार्यक्रम में उपस्थित लोग ।

दरभंगा (एनएसबी)। वैशाली के मुस्लिम विद्वानों, प्रमुख हस्तियों तथा उनकी शैक्षिक, साहित्यिक और सामाजिक सेवाओं पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तक ह्यमुस्लिम एलीट्स ऑफ वैशालीह्ल का विमोचन शुक्रवार को किया गया। अल-मंसूर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, दरभंगा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम हकीम दमरी मंजिल,सुभाष चौक में आयोजित हुआ।इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रो. अब्दुल वदूद कासमी ने कहा कि पुस्तक ह्यतजिूकरा-ए-मुस्लिम मशाहीर वैशालीह्ल के लेखक अमारत-ए-शरिया के नाजिम मुहम्मद सना-उल-हुदा कासमी हैं, जबकि पुस्तक का उर्दू अनुवाद प्रसिद्ध अधिवक्ता सैयद महमूद अहमद करीमी ने किया है।

समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध शायर प्रो. तरजी ने की।कार्यक्रम में दरभंगा के शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक और पत्रकारिता जगत से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण हस्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. शाकिर खलीक, पूर्व एडीएम नियाज अहमद, मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मौलाना एजाज अहमद, अल-मंसूर ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. सैयद जफर आफताब हुसैन, मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रईस अनवर, अमारत-ए-शरिया के दरभंगा काजी अरशद हुसैन, अहमद हुसैन कासमी, प्रसिद्ध शायर व साहित्यकार कामरान गनी सबा, वसीम अख्तर, डॉ. मुजीर अहमद आजाद, डॉ. एहसान आलम, जुबैर आलम (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया), मंजर सिद्दीकी, मौलाना मेहदी रजा रोशन, अफलाक मंजर, नसीम रिफअत मलिकी, मौलाना नजरुल हुदा कासमी, मंजर सुलेमान, मुहम्मद शमशाद, मुहम्मद रियाजुद्दीन सहित अनेक विद्वान और साहित्यप्रेमी मौजूद थे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ह्यमुस्लिम एलीट्स ऑफ वैशालीह्ल को वैशाली के इतिहास और संस्कृति के एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया।

प्रथम हॉस्पिटल बिरोल और डीपीएस कुशेश्वरस्थान में सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित

कुशेश्वरस्थान /बिरौल(एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दरभंगा पूर्वी जिला के कुशेश्वरस्थान एवं बिरौल सुपौल बाजार क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण एवं समाज जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुशेश्वरस्थान स्थित डीपीएस स्कूल में आयोजित करियर ओरिएण्टशन प्रोग्राम में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी की तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने, लक्ष्य निर्धारित करने, अनुशासन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और निरंतर परिश्रम के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा कि सामान्य परिवेश से निकलकर उन्होंने अपने परिश्रम, अनुशासन, संगठन क्षमता और राष्ट्रसेवा के संकल्प के माध्यम से देश के सर्वोच्च दायित्व तक की यात्रा पूरी की। इस अवसर पर डीपीएस के निदेशक शमीम अहमद द्वारा मृत्युंजय कुमार झा को मिथिला अंगवस्त्र,



कार्यक्रम में मृत्युंजय कुमार झा, विनय पासवान, पप्पू सिंह, डॉ.राजेश झा व अन्य।

पाग, पुस्तक एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दरभंगा पूर्वी जिला अध्यक्ष विनय पासवान, जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह ह्यपप्पूह्ल, मणिकांत झा एवं डॉ. राजेश झा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।इसी क्रम में दरभंगा पूर्वी जिला के बिरौल स्थित प्रथम हॉस्पिटल परिसर में मातृशक्ति जागरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका, मातृशक्ति को सशक्त बनाने, महिला स्वास्थ्य, प्राथमिक चिकित्सा, पोषण, स्वच्छता तथा समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. कामरान, डॉ. सुरुचि एवं डॉ. रानी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेश कुमार झा ने की।

बजरंगबली मंदिर की व्यवस्था एवं दुकानदारों से अवैध वसूली की शिकायत को लेकर बैठक आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। श्री श्री 108 सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर के परिसर में हुकुमदेव यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर एवं उसके आसपास फल आदि की दुकान लगाने वाले दुकानदारों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कथित रूप से चंदा/पैसा एवं रंगदारी की मांग किए जाने साथ ही मोबाइल में सीसीटीवी का संचालन तथा मंदिर की व्यवस्था को लेकर उत्पन्न विवाद पर चर्चा करना था। बैठक के दौरान कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से व्यवधान उत्पन्न किए जाने के कारण मौके पर हंगामा एवं शोरगुल की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी महोदया पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर पहुंचीं और उपस्थित लोगों से पूरी घटना की जानकारी लेकर मामले को समझा। थाना प्रभारी ने सभी पक्षों की बात सुनने के बाद मंदिर की चाभी को कुछ दिनों के लिए अपने पास सुरक्षित रखने का निर्णय लिया तथा आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जानकारी एवं मंदिर की व्यवस्था को समझने के बाद नवगठित समिति को मंदिर की चाभी विधिवत सौंप दी जाएगी।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की



थानाध्यक्ष से मिलते राकेश नायक।

निगरानी एवं संचालन किसी व्यक्ति के निजी मोबाइल फोन के माध्यम से नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर मंदिर परिसर में मॉनिटर/एलईडी की व्यवस्था कर सीसीटीवी का प्रसारण वहीं किया जाएगा, ताकि निगरानी व्यवस्था पारदर्शी एवं सुरक्षित रहे। मंदिर की चाभी पुजारी तथा नवगठित कमिटी के अध्यक्ष एवं सचिव के जिम्मे रहने की व्यवस्था पर भी सहमति बनी।इस अवसर पर श्री श्री 108 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, दुर्गा स्थान के संरक्षकगण, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य संरक्षक राकेश नायक ने कहा कि मंदिर सार्वजनिक आस्था का केंद्र है और इसकी व्यवस्था शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं समिति के नियमों के अनुसार चलनी चाहिए। किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा दुकानदारों अथवा श्रद्धालुओं से जबरन पैसा वसूलने की शिकायत को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

जिले के 40 स्थान पर आरंभ हुआ चाइल्ड हेल्प डेस्क और चाइल्ड कॉर्नर

दरभंगा (एनएसबी)। गांधी जयंती के अवसर पर जिले के 40 थानो में चाइल्ड हेल्प डेस्क और चाइल्ड कॉर्नर का आरंभ हुआ ।इस आयोजन को लेकर जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने लहेरियासराय थाना, महिला थाना,एससी एसटी थाना सहित कई थानों पर चाइल्ड हेल्प व चाइल्ड कॉर्नर डेस्क का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रयास जरूरतमंद बच्चों को उचित सेवाओं और संस्थानों से जोड़ना ,संकट में फँसे बच्चों को तुरंत सहायता देना,बाल शोषण, बाल श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं से बच्चों की रक्षा करना सहित बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर है। इस चाइल्ड हेल्प डेस्क फॉर चाइल्ड कॉर्नर में सहायता हेतु आने वाली बालक -बालिकाओं से संवाद स्थापित एवं थानों में पदस्थापित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी एवं महिला पुलिस कर्मी द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण चाइल्ड हेल्प डेस्क और चाइल्ड कॉर्नर में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर कार्रवाई करने,बच्चों के अभिभावकों या परिजनों का कॉल आने पर तत्क्षण सहायता हेतु समुचित



कार्रवाई करेगा।वहीं उन्होंने कहा बच्चों को थाना पर आने से डर लगता था,इसलिए सभी थाना पर एक रूम में बच्चों को खेलने और देखने के लिए दीवारों पर कलाकृति बनाया गया है। महिला थाना पर दिन में थानेदारी और रात को थानाध्यक्ष पुष्पलता कुमारी, थानाध्यक्ष के रिश्तेदार अंशु व दारोगा ज्योति कुमारी ने खुद से एक बड़े रूम में अपने हाथों से पेंटिंग कर कलाकृति बनाई। हेल्प डेस्क की प्रभारी महिला थानाध्यक्ष, लहेरियासराय थाना पर हेल्प डेस्क का प्रभारी पूजा कुमारी, विश्वविद्यालय थाना में विपिन कुमार, बहादुरपुर थाना में दीपशिखा कुमारी, कोतवाली थाना में माधुरी कुमारी, नगर थाना में राजीव लाल पंडित,बेंता थाना में शशि भूषण प्रसाद सहित हर थाना में चाइल्ड डेस्क का प्रभारी बनाया गया है।

नाट्य प्रस्तुति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की सेवा यात्रा को किया गया प्रदर्शित

दरभंगा (एनएसबी)। लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं कर्म के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ह्यनमोः सेवा की अनकही कहानियाँह्ल कार्यक्रम का भव्य आयोजन कार्यक्रम के संयोजक अमरनाथ सिंह के संयोजन मे किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा भावना, संघर्ष, जनसरोकार एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों को नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। मोदी जी के सार्वजनिक जीवन की विभिन्न महत्वपूर्ण यात्राओं और उनसे जुड़े प्रसंगों को जीवंत रूप प्रदान किया। सेवा, समर्पण, कर्म और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता के भावों को प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित कार्यकताओं एवं दर्शकों ने रुचि और उत्साह के साथ देखा। प्रस्तुति में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी विकास यात्रा से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रसेवा



कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सांसद विधायक एवं अन्य।

के व्यापक दायित्व तक के सफर को संक्षेप में दशार्या गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह दरभंगा जिले के प्रभारी मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि लंबे सार्वजनिक जीवन में निरंतर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की

■ 'नमोः सेवा की अनकही कहानियाँ' देखने पहुंचे प्रभारी मंत्री

भावना महत्वपूर्ण रही है। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की यात्रा देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का विषय है। राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को सार्वजनिक जीवन, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभयानंद झा, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक,संतोष पोद्दार,विजय चौधरी पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन साहनी, पूर्व जिला अध्यक्ष जीवछ साहनी, श्रवण महतो, सपना भारती,नथुनी पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

23 वर्षीय युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत

फुलपरास (एनएसबी)। फुलपरास थाना क्षेत्र के धनौजा नवटोल गांव स्थित वार्ड नंबर-4 में शुक्रवार को 23 वर्षीय युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की है। वहीं पुलिस की प्रारंभिक जांच में परिजनों द्वारा युवती को उसकी भाभी के द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद जहर खाने की बात सामने आई है।सूचना मिलने पर फुलपरास थाना के सहायक थानाध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान युवती का शव उसके घर के बगल स्थित आम के बगीचे से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सहायक थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि परिजनों द्वारा लिखित आवेदन दिए जाने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मधुबनी पुलिस गांधी जयंती पर माल्यार्पण किया

मधुबनी (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। एसएसपी योगेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचार एवं आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों, सत्य, अहिंसा एवं शांति के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।



प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी व वरीय प्रधानाध्यापक का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



लदनियां (एनएसबी)। लदनियां प्रखंड कार्यालय के ठीक बगल में अवस्थित कन्या राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनिमेष कुमार , एवं कन्या राजकीय मध्य विद्यालय के वरीय प्रधानाध्यापक चन्द्र देव यादव का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का अध्यक्षता नव नियुक्त विधालय प्रधानाध्यापक राम दयाल यादव ने किया। तथा मंच संचालन उत्कृष्ट मध्य विद्यालय महथा के प्रधानाध्यापक सह विज्ञान शिक्षक प्रेम नाथ गोसाई एवं भोला लाल दास ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी विधालय के शिक्षकों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में मधुबनी के प्रधान शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुर्यनारायण यादव, महासचिव महादेव मिश्र सहित संघ के अन्य पदाधिकारी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिया। उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट मध्य विद्यालय महथा के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुकों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आगुंतकों का स्वागत विधालय शिक्षकों के द्वारा फूल माला,पाग व दुपट्टा से किया गया, वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का विदाई भी फूल माला व अंगवस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं महात्मा गांधी के तौल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

सत्य अहिंसा के महान पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती अत्यंत धूमधाम से संपन्न



मधुबनी (एनएसबी)। स्वाधीनता आंदोलन के महानायक तथा सत्य, अहिंसा एवं विश्वशांति के महान पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम मधुबनी रेलवे स्टेशन परिसर मे हुआ जहाँ अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। अधिकारियों ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व, कृतित्व, त्याग, तपस्या एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को समाज के लिए अनुकरणीय, प्रेरणादायी एवं प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी श्री योगेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त श्री तुषार कुमार, नगर आयुक्त श्री उमेश कुमार भारती, अपर समाहर्ता विभागीय जांच श्री राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री रामबाबू, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन श्री संतोष कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व श्री मुकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मधुबनी श्री चंदन कुमार झा, उत्पाद अधीक्षक श्री विजयकांत ठाकुर, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री नितेश पाठक एवं वरीय उप समाहर्ता श्रीमती ज्योति रानी सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

मधुबनी (एनएसबी)। गांधी जयंती के अवसर पर वाट्सन मध्य विद्यालय, मधुबनी में शिक्षा विभाग की ओर से पौधरोपण एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। पौधरोपण के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। मौके पर उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकार रंजना मिश्रा, प्रिया मिश्रा, रौशन, शुभम एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न जनहितकारी विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से स्वच्छता, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आयुष्मान भारत योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीपीओ माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता आनंद वर्मा ने कहा कि गांधी जयंती हमें महात्मा गांधी के विचारों और उनके स्वच्छता संबंधी आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देती है। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। विद्यार्थियों को इन गतिविधियों से जोड़कर उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित की जा सकती है। वहीं, राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक उमेश कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। पौधरोपण एवं नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक चेतना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापक मीरा कुमारी ने की। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाट्सन उच्च विद्यालय, मधुबनी के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार, कुमारी पुष्पम, मनीष कर्ण सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गांधी जयंती पर विद्यार्थियों ने झांकी के जरिए प्रस्तुत किए गांधी जी के आदर्श

मधुबनी (एनएसबी)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, मधुबनी के तत्वावधान में उच्च माध्यमिक विद्यालय, नौआबाखर (हटनी) में गांधी जी के आदर्शों एवं स्वच्छता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों से परिचित कराने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। झांकी के माध्यम से बच्चों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता संबंधी विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात आयोजित परिचर्चा में गांधी जी के आदर्शों और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



फुलपरास (एनएसबी)। थाना पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए धर्मडीहा गांव से एक युवक को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक अपने अन्य साथियों के साथ राहगीरों से लूटपाट करने की योजना बना रहा था।पुलिस के मुताबिक, 2 अक्टूबर की रात करीब साढ़े बारह बजे गश्ती टीम को सूचना मिली कि धर्मडीहा फील्ड स्थित रामबहादुर कामत के घर के पास कुछ युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से जुटे हैं। सूचना पर पुलिस ने सशस्त्र बल के साथ मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही कुछ युवक भागने लगे। इस दौरान घेराबंदी कर धर्मडीहा निवासी करण कुमार कामत, पिता संतोष कामत को पकड़ लिया गया।जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और 8 एमएम केएफ लिखा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सामने आया कि युवक अपने साथियों के साथ अंधराठाढ़ी इंद्र मेला जाने वाले राहगीरों को हथियार दिखाकर डराने और लूटपाट करने की योजना बना रहे थे।मामले में धर्मडीहा निवासी भवेश कुमार कामत, सुमन कुमार कामत और राहुल कुमार उर्फ मनी फरार बताए गए हैं। थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने मामला दर्ज कर मामले की जांच एसआई चंदन कुमार कर रहे हैं। गिरफ्तार करण कुमार कामत को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



लदनियां (एनएसबी)। लदनियां थाना पुलिस द्वारा गुरुवार की देर शाम संध्या गस्ती के दौरान गुप्त सूचना पर भारी मात्रा में 48 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ के आलावा नेपाली एवं इंडियन एवं करेंसी के साथ तीन तस्कर पकड़े गये। जबकि दुकानदार लालू सिंह को भागने की बात प्रकाश में आया है। योगिया गांव मादक पदार्थ तस्करी का हब बन गया है । पुनि सह लदनियां थाना अध्यक्ष ने पीटीसी केदार पासवान के आवेदन के अलोक में कांड संख्या- 410/ ङ्क26 दर्ज किया गया । प्राथमिकी में चार तस्कर को नामजद बनाया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है। जिसमें 33 वर्षीय लालू सिंह पिता राम उदगार सिंह योगिया गांव का रहने वाला है ।लालू सिंह अपने घर के पास एक दुकान करता है ।दुकान के आर में सूखा नशा ब्राउन शुगर के आलावा अन्य सूखा नशा खरीद फरोख्त करता है ।जो पुलिस आने की भनक लगते ही दुकान छोड़कर भाग खड़ा हुआ. जबकि 33 वर्षीय जयकुमार कामत पिता स्व. शिव नारायण कामत एवं दुकानदार लालू सिंह पिता राम उदगार सिंह दोनों योगिया गांव का रहने वाला है. आरोपी इंदर यादव पिता श्रीलाल यादव जयनगर थाना क्षेत्र बेलही कमलाबाड़ी गांव का रहने वाला है ।दुकान तलाशी में डिजिटल तराजू, 60 हजार रुपए का नेपाली करेंसी एवं 8 हजार रुपए का इंडियन करेंसी पकड़ा गया । थाना अध्यक्ष के अनुसार गिरफ्तार तीनों नामजद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मधुबनी भेज दिया गया है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती



बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के +2 हाई स्कूल खगरैठा चौक स्थित विजय कम्प्लेक्स प्रांगण में सेवा निवृत्त अधिकारी रविंदर नाथ शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी का जयंती मनाई गई. ।कार्यक्रम का संचालन विजय चंद्र घोष ने किया समारोह में उपस्थित गण्यमान्य लोगों ने देश के दोनों महान विभूतियों के तौलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता गांधी के अहिंसक विचारों से ही सर्वधर्म समभाव ,सामाजिक समरसता एवं संविधान को बचाया जा सकता है . कहा कि वर्तमान परिवेश में गांधी के विचारों एवं उनके बताए गए वसूलों को समाप्त करने की दिशा में सत्ता का दुरुपयोग कर रहे है. भारतीय ओबीसी लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात साहित्यकार राम श्रेष्ठ दीवान ने कहा कि गांधी जी को निर्मम हत्या करने वाले विचारों के लोग ही देश में सत्ता में काबिज है.कार्यक्रम में राजद के वरिष्ठ नेता प्रो इस्तियाक अहमद ,जितेंद्र प्रसाद,प्रेम कुमार ,सीपीआई के अंचल मंत्री महेश यादव समेत कई लोगों ने भी संबोधित किया.।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अमर रहें के नारों से गुंजयमान हुआ मधुबनी



मधुबनी (एनएसबी)। 02 अक्टूबर शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और अंहिसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जंयती भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन परिसर में महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ अशोक कुमार यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए कहा कि महात्मा गाँधी जी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के उनके विचार आज भी पूरी मानवता को शांति ,सदभाव और प्रेम का संदेश देता है। सत्य ,अहिंसा और मानवता के अमर साधक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर पूरा राष्ट्र नमन कर रहा है।

विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर ने कहा कि महात्मा गाँधी जी सत्याग्रह, स्वच्छता ,आत्मनिर्भरता और सर्वाहित का संदेश आज भी राष्ट्र निर्माण की हमारी यात्रा को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है।

मेयर अरुण कुमार राय ने कहा कि गांधी जी के आदर्शों को आत्मसात कर सत्य, सदभाव और सेवा के मार्ग पर चलते हुए एक सशक्त समरस एवं विकसित भारत के निर्माण में हम सभी योगदान दे रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभाशूं झा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया तो पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने सादगी में महानता और जय जवान जय किसान का मंत्र दिया।

गांधी जयंती पर वाटसन मध्य विद्यालय में पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



मधुबनी (एनएसबी)। 02 अक्टूबर 2026। गांधी जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, मधुबनी एवं वाटसन मध्य विद्यालय, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के बीच विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'एक कदम स्वच्छता की ओर' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं 'स्वच्छ भारत-सबल भारत' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापक मीरा कुमारी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना है। बच्चों की रचनात्मक भागीदारी यह दर्शाती है कि वे स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए गंगा मित्र एवं विद्यालय की विशिष्ट शिक्षिका कुमारी पुष्पम ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा सकता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। पेंटिंग प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी ने प्रथम, मानसी कुमारी ने द्वितीय तथा सबा प्रवीण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में निवेदिता कुमारी प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय तथा सबा प्रवीण तृतीय स्थान पर रहीं। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिक्षक मनीष कर्ण, भारती कुमारी एवं बबीता कुमारी ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्यांशु कुमार, शिवम कुमार, खुशबू कुमारी एवं किशन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

छापेमारी कर 93 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

बिस्फी (एनएसबी)। बिस्फी थाना क्षेत्र के बिस्फी डीह गांव में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जयप्रकाश यादव के भूसा घर में छापेमारी कर 93 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 31 लीटर बताई गई है। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, बिस्फी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। सूचना के आधार पर टीम ने बिस्फी डीह गांव में छापेमारी की। इस दौरान जयप्रकाश यादव के भूसा घर की तलाशी लेने पर वहां छिपाकर रखी गई 93 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया है।

महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और मानवीय मूल्यों का जीवंत दर्शन को मोदी नष्ट करना चाहते हैं : वामपंथ



मधुबनी (एनएसबी)। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी माले और भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमिटी स्टेशन परिसर मधुबनी में सभी वामपंथी नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया, महात्मा गांधी जयंती सभा का नेतृत्व सीपीआई के जिला सचिव मिथिलेश झा,माले के जिला सचिव धुव्र नारायण कर्ण, सीपीएम राज्य कमिटी सदस्य रामजी यादव ने किया, वक्ताओं ने कहा कि गांधी बिना किसी शस्त्र के केवल नैतिक शस्त्र और जन आंदोलन के बल पर दुनिया के सबसे बड़ी औपनिवेशिक सत्ता को झुकाया जा सकता है, उनके विचार आज के दौर में उतने ही प्रासंगिक है जितने कि स्वतंत्रता संग्राम के समय में थे,सत्य, अहिंसा और और मानवीय मूल्यों का जीवंत दर्शन को मोदी नष्ट कर रहा है , गांधी का जीवन संदेश देता है कि हिंसा और घृणा का उत्तर केवल शांति और प्रेम से दिया जाता है जबकि भाजपा सत्ता नफरत, घृणा से भरा हुआ है, गांधी का विचार सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत सत्य है और उस सच्चाई से मोदी जी भाग रहे हैं, महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अतुलनीय योगदान है , गांधी के भारत को मोदी सरकार रौंदने का काम कर रहा है, मोदी जी ज्ञानेश कुमार को बचाने और चोरी, चुपके से सत्ता में बने रहने के लिए सभी तरह के अनैतिक कार्यों को अंजाम देने का काम कर रहे हैं,यह बापूजी के विचार, सिद्धांत को गला घोंटने का काम कर रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए घातक है,आज देश का दुर्भाग्य है कि गांधी जी के खून से सने हुए हाथों के विचारधाराओं वाले लोग तिरंगा फहराने का काम कर रहे हैं, नेताओं ने गांधीजी के 157 वीं जयंती पर याद करते हुए कहा कि जिस तरह से सत्याग्रह आंदोलन को गांधी जी ने लोकप्रिय बनाया आज उसी तरह लोकतंत्र को बचाने, सामाजिक समानता, साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए एकजुट होकर तानाशाही सरकार को हटाने जनतंत्र को मजबूत करने, नागरिकों को शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलकर संघर्ष को तेज करने की जरूरत है, दुनिया कभी गांधी जी को नहीं भुला सकता। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने,एस आई आर को रद्द करने की मांग किया,वक्ताओं में सीपीआई के मनोज मिश्र, राजश्री किरण,माले के विशमभर कामत सीपीएम के गणपति झा, दिलीप झा, उपेन्द्र यादव, सीपीआई के सूर्य नारायण महतो,अनील सिंह, संतोष कुमार झा, सीपीएम के इन्दु यादव, शंकर कुमार, मनोज महतो, विजय पासवान,राम विलास दास, कैलाश पासवान ,रेखा देवी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित किया।

मुजफ्फरपुरः बाढ़ प्रभावित माधोपुर हजारी पहुंचे डीएम, मोटर बोट से क्षेत्र घूमकर लिया जायजा

अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के निर्देश

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव प्रशासनिक टीम के साथ साहेबगंज प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माधोपुर हजारी गांव पहुंचे। जिलाधिकारी ने एसडीआरएफ कि टीम के साथ इन्फ्लेटेबल मोटर बोट के जरिए जलमग्न इलाकों का निरीक्षण किया और बाढ़ की स्थिति, जलस्तर, आवागमन तथा प्रभावित परिवारों की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं और तत्काल जरूरतें भी जानीं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रभावित परिवारों के बीच स्वयं खाद्यान्न राहत सामग्री और पॉलीथिन शीट का वितरण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री पर्याप्त मात्रा में और समय पर पहुंचाई जाए। डीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित लोगों की सुरक्षा, भोजन और तिरपाल जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपलब्ध नावों और मोटर बोट का उपयोग कर जलमग्न क्षेत्रों में भी राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ हीं अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने और स्थिति पर नजर बनाए रखने को कहा। ग्रामीणों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने तथा आपदा प्रबंधन में लगे कर्मियों को संवेदनशीलता और तत्परता से काम करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन के अनुसार, स्थिति सामान्य होने तक राहत और बचाव अभियान जारी रहेगा। आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों और त्वरित प्रतिक्रिया टीम को अलर्ट रखा गया है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसपी राजेश सिँह प्रभाकर, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

राहत सामग्री और पॉलीथिन का किया वितरण



बाढ़ग्रस्त गांव का नाव से भ्रमण कर स्थित का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं ग्रामीण एसपी।



बाढ़ पीड़ित व्यक्ति को स्वयं राहत सहायता पहुंचाते जिलाधिकारी।

रेवाघाट मंदिर के पास बोरे में बंद मिली युवती का लाश, चेहरे पर गहरे जख्म के निशान

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट स्थित जंगली माई मंदिर के समीप शुक्रवार को बोरे में बंद एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार युवती का शव बोरे में बंद था। उसके चेहरे पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं, जिससे मामले को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके से घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव को यहां किसने लाकर फेंका।

फिलहाल पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला के शव की फोटो के आधार पर पुलिस शव की पहचान की कोशिश में लगी है। पुलिस ने प्रथम दट्या युवती की कहीं अन्यत्र हत्या कर शव बोरे में बंद कर मंदिर के समीप फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट होने की उम्मीद है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।



झाड़ी मे पड़ा बोरे में बंद महिला का शव।

संक्षिप्त खबरें

गाँधी जी और शास्त्री जी के आज भी समाज के लिए प्रासंगिक : कृपाशंकर

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। भगवानपुर स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान भवन में पश्चिमी जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री एलपी शाही की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने स्व एल पी शाही तथा दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर पश्चिमी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृपाशंकर शाही ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश को आजादी की राह दिखाई। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की मिसाल कायम की। पूर्व केंद्रीय मंत्री एलपी शाही ने भी सार्वजनिक जीवन में रहकर समाज और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कांग्रेस नेता सुरेश शर्मा नीरज ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके जीवन और संघर्ष से सत्य, सादगी, अनुशासन और देशसेवा की प्रेरणा मिलती है। जिला स्थापना प्रभारी आलोक कुमार शर्मा ने कहा कि महापुरुषों के विचारों को केवल स्मरण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि गांधी, शास्त्री और एलपी शाही के सार्वजनिक जीवन एवं योगदान से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में सुशील कुमार शाही, शुभम कुमार, रितेश झा, ओंकारनाथ चौधरी, तनवीर आलम, रामकिशोर सिंह, डॉ. बलराम शाह, विमल तिवारी, पंकज कुमार सिंह और उमेश कुमार सिंह सहित कांग्रेस के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने तीनो महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



गांधीजी और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस पश्चिमी जिलाध्यक्ष।

इंद्र मेले में पहुंचे पूर्व विधायक निरंजन राय, पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गायघाट प्रखंड के शिवदाहा विशेश्वर मार्केट परिसर में आयोजित इंद्र पूजा मेले में शुक्रवार को पूर्व विधायक निरंजन राय पहुंचे तथा पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। साथ हीं उन्होंने क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से पूर्व विधायक निरंजन राय को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक ने मेला परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से मेले की व्यवस्था की जानकारी ली और आयोजन को लेकर उत्साहवर्धन किया। मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ और चहल-पहल से पूरे परिसर में उत्सवी माहौल बना रहा। इंद्र पूजा मेला क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक सहभागिता का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। पूजा-अर्चना के साथ मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसका श्रद्धालु और स्थानीय लोग आनंद उठा रहे हैं। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह मेला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव, संतोष यादव, प्रखंड अध्यक्ष पांचू महासेठ, पं चंद्रशेखर उपाध्याय, नीतीश कुमार समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

खादी ग्रामोद्योग भवन में मनी गांधी जयंती

गांधी जी ने सत्य अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से देश को आजाद कराया : केदार गुप्ता

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नगर के मोतीझील स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को लेकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, मेयर निर्मला साहू, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार एवं भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने गांधी जी के चित्र पर सूत एवं फूलों की माला अर्पित कर की।

मौके पर मंत्री केदार प्र गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के रास्ते देश को आजाद कराया था, इसलिए आज के दिन को हम विश्व अहिंसा दिवस के रूप मे मना रहें है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के उद्देश्य को लेकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान वोकल फॉर लोकल के तहत हम सब स्थानीय उत्पादों को खरीदे। ताकि देश और प्रदेश मे बन रही चीजों को बाजार मिले और इस अभियान को बल मिले। आज हम स्थानीय खादी वस्त्र उत्पाद को खरीद रहे है और लोगो से आह्वान भी कर रहे है कि लोकल वस्तुओं की ही खरिदारी करे। मेयर निर्मला साहू ने कहा कि गांधी जी जैसे महापुरूषों के आचरण को हमे अपनाना चाहिए। इनकी सोंच स्वच्छता को लेकर थी जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढा रहे है। हम स्वच्छता पखवाडा मना रहे है क्योकि जहां स्वच्छता है वहीं इश्वर का निवास है।

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, एल पी शाही की आज जन्म जयंती है। हम उन्हे श्रद्धापूर्वक नमन करते है। गांधी जी के आदर्श और सिद्धांत को पीएम मोदी घर घर पहुंचा रहे है। गांधी जी ने सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत उत्तर बिहार से की उस वक्त से आज तक और आगे भी हम इनके विचारों को मानते है। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने कहा कि केन्द्र और बिहार सरकार के प्राथमिकता में गांधी जी के विचार खादी, स्वच्छता और वोकल फॉर लोकल है। जिसे लेकर हम पूरे प्रदेश मे स्वच्छता अभियान, खादी की खरीदारी और स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी पर निरंतर लोगो से आह्वान कर रहे है जिसका व्यापक असर भी दिख रहा है। इस दौरान खादी ग्रामोद्योग के प्रबंधक दीपक कुमार, प्रो मोती प्रसाद सिंह, जिला सह कोषाध्यक्ष साकेत शुभम ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता भोला चौधरी, प्रणव भूषण, शाहनवाज आलम, सुबोध तुरहा, राकेश तिवारी, विजय कुमार, अनुमान चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद रहें।



मोतीझील खादी ग्रामोद्योग भवन में महात्मा गाँधी और शास्त्री जी को जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते मंत्री केदार गुप्ता व अन्य लोग।

गांधी जयंती पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित मैराथन में शामिल युवाओं ने लिया नशा मुक्त बिहार बनाने का संकल्प

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भारतीय जनता युवा मोर्चा मुजफ्फरपुर पूर्वी द्वारा गाँधी जयंती के अवसर पर 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत मैराथन का आयोजन किया गया। मेराथन मे बड़ी संख्या मे शामिल युवाओ एवं छात्र छात्राओ ने एल एस कॉलेज परिसर होते हुए नगर के कई प्रमुख मार्गो से होते हुए सिकंदरपुर मरीन ड्राइव के पास पहुँचे, जहां मेराथन के समापन की घोषणा की गई। मैराथन के अंत में प्रथम और द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को सम्मानित किया गया तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष दिवाकर शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



एसकेजे लॉ कॉलेज में मनाई गई गाँधी जी शास्त्री जी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री एल पी शाही जी की जयंती, लोगों ने किया नमन



मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। स्थानीय गन्नीपुर स्थित एस के जे लॉ कॉलेज के सेमिनार हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह कॉलेज के संस्थापक सचिव एवं अध्यक्ष रहे स्व एल.पी.शाही की जयंती संयुक्त रूप से समारोह आयोजित कर मनाई गई। इससे पूर्व लॉ कॉलेज परिसर स्थित एल.पी.शाहीजी के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात सेमिनार हॉल में महात्मा गाँधी, लालबहादुर शास्त्री एवं एल पी शाही के तैल चित्र पर कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार, प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी, वरीय शिक्षक प्रो बी एम आजाद, डॉ एस.पी.चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं स्व शाही जी के प्रिय रहे अरबिंद कुमार सिंह, कॉलेज प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार, नैक कॉर्डिनेटर डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अर्चना अनुपम, उज्जवल कुमार आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके पश्चात आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार ने किया। अपने संबोधन मे उन्होंने तीनो विभूतियों के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सत्य एवं अहिंसा के प्रतिबिम्ब थे तो दूसरा सादगी एवं ईमानदारी के प्रतीक थे। उन्होंने एल. पी. शाही द्वारा सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शिक्षा के क्षेत्र मे किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने आगत अतिथियों को स्वागत करते हुए गांधीजी, शास्त्रीजी और एल.पी.शाहीजी के द्वारा समाज एवं देश के प्रति किये गये कार्यों को विस्तार से बताया कवरीय कांग्रेसी नेता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि गांधीजी मेंअतुलनीय नेतृत्व क्षमता थी, उनकी एक आवाज पर जनता उनके पीछे आ जाती थी। वहीं शास्त्रीजी ने अपनी दूरदर्शिता से देश को संकट से निकाला था। साथ ही श्री सिँह ने स्व एल पी शाही जी के साथ बिताये हुए संस्मरण को उपस्थित लोगों से साझा किया। इसके अलावा अन्य वक्ताओ ने भी तीनो महान विभूतियों को अपने वक्तव्यों से याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

चाकू गोदकर हत्या के दो आरोपी धराये वारदात के बाद से चल रहे थे फरार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कांटी थाना क्षेत्र में पशु चराने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना 20 सितंबर 2026 की है। विवाद के दौरान हुए चाकू से हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाद में इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

मामले की जानकारी मिलते ही कांटी थाना पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इस संबंध में कांटी थाने में कांड संख्या 585/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने वैज्ञानिक जांच और तकनीकी इनपुट की मदद से आरोपियों की जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी कुमार और अरुण साह, दोनों कांटी थाना क्षेत्र के निवासी के रूप में हुई है। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी के अनुसार दोनों से पूछताछ की जा रही है।



मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

मुजफ्फरपुर की जीविका दीदियों का बैग क्लस्टर मॉडल अब झारखंड के रामगढ़ में भी दिखेगा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिला प्रशासन और उद्योग विभाग के सहयोग से मुजफ्फरपुर में जीविका की महिलाओं ने बैग कलस्टर के रूप में जो नजीर खड़ा की है, इसकी बानगी अब पड़ोसी राज्य झारखंड के रामगढ़ जिले में भी देखने को मिलेगी। बैग कलस्टर के संबंध में जानकारी के लिए झारखंड सरकार की तीन सदस्यों की एक टीम दोबारा दो दिवसीय दौरे पर मुजफ्फरपुर पहुंची है।

ज्ञात हो कि पहली बार 6 महीने पूर्व बीडीओ रामगढ़ के नेतृत्व में झारखंड आजीविका मिशन की टीम बैग कलस्टर में भ्रमण करने पहुंची थी। इस बार टीम का नेतृत्व कर रही जिला कार्यक्रम प्रबंधक रामगढ़ रीता सिंह ने बताया कि जीविका कि महिलाओं ने जिस तरह से राज्य सरकार की योजनाओं से समन्वय स्थापित कर आत्मनिर्भर बन रही है, इसी को देखते हुए झारखंड के रामगढ़ में भी बैग कंपनी निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। टीम के सदस्यों ने बैग क्लस्टर में बैग की पैकेजिंग, कटिंग, मार्केटिंग और बैग निर्माण से जुड़ी सभी बारीकियों पर जानकारियां इकट्ठा की। इसके बाद जीविका द्वारा संचालित सदर अस्पताल में दीदी की रसोई में मरीजों को दी जाने वाली सेवा और कैंटीन सेवा के बारे में जानकारी ली तथा दीदियों के हाथों से तैयार स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। वहीं अस्पताल में आने वाले मरीजों के सुविधा के लिए जीविका हेल्थ हेल्प डेस्क में कार्य करने वाली जीविका दीदी से भी बातचीत की और मरीजों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली।

टीम के सदस्य ऋषि राज और अजय कुमार ने बताया कि जीविका द्वारा हर क्षेत्र में बेहतरीन काम किया जा रहा है। झारखंड में भी अब इस तरह की कवायत शुरू की जा रही है। ताकि ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए आजीविका दीदियों को इससे जोड़ा जाए। इस दौरान जीविका डीपीएम अनीशा ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए जीविका द्वारा जिले में चलाए जा रहे तमाम प्रमुख गतिविधियों से रूबरू कराया।

डीपीएम ने कहा कि जीविका जिलाधिकारी के नेतृत्व में शानदार काम कर रही है। सभी सरकारी योजनाओं के समन्वयन में ऊप विकास आयुक्त के साथ ही डीआरडीए निदेशक का भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहा हैं, तभी जीविका से जुड़ी महिलाएं आज सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ रही हैं। इस दौरान रोशन कुमार, आनंद कुमार, सोनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

दोनों राज्यों के जिला प्रशासन के सहयोग से बैग कलस्टर बनाने की कवयात हुई तेज, एक वर्ष में दूसरी बार बैग कलस्टर विजिट करने पहुंची झारखंड की टीम



बेला स्थित जीविका दीदियो के बैग कलस्टर का अवलोकन करने पहुंची झारखंड की टीम।

सूखे नशे के कारोबार से जुड़े भाई बहन गिरफ्तार

लाखों रुपए के स्मैक, 2.10 लाख नगद रुपए और चार मोबाइल जब्त

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गायघाट थाना क्षेत्र के हनुमान नगर में भाई के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित मादक पदार्थ स्मैक के कारोबार से जुडी एक युवती और उसके भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार भाई बहन के घर से लगभग ढाई किलो स्मैक, 2.10 लाख नगद रुपए तथा 4 मोबाईल फोन बरामद कर जब्त किया है। बरामद हुई मादक पदार्थ स्मैक की कीमत लाखो रुपए बताई गई है।

ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर गुरुवार को सूचना मिली थी कि हनुमान नगर गांव में अवैध मादक पदार्थ रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने संबंधित ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान शिवशंकर कुमार और अंशु कुमारी, दोनों गायघाट थाना क्षेत्र के निवासी, को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 2,015 पुड़िया स्मैक बरामद की गई, जिसका कुल वजन लगभग ढाई किलोग्राम बताया गया है। इसके अलावा पुलिस ने 2 लाख 10 हजार रुपये नकद और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। इस संबंध में गायघाट थाना कांड संख्या 300/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास और मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े अन्य संभावित लोगों के संबंध में भी जांच कर रही है। छापेमारी टीम में गायघाट थाना प्रभारी जेपी गुप्ता, पूजा कुमारी समेत पुलिस अधिकारी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की मां और पत्नी को पूर्व में बेनीबाद थाना के एक मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर स्मैक की आपूर्ति के स्रोत और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पुलिस के अनुसार मामले की तहकीकात और आरोपियों से पूछताछ से प्रतिबंधित मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े बड़े नेटवर्क के पदार्फाश की उम्मीद है।

गायघाट थाना पुलिस ने की कार्रवाई, प्रतिबंधित मादक पदार्थ के बड़े नेटवर्क के पदार्फाश की बढ़ी उम्मीद



मामले की जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर।

अगस्त–2026 की राजस्व रैंकिंग में सीतामढ़ी जिले का राज्य में दूसरा स्थान

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा अगस्त— 2026 माह की राज्यस्तरीय रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें राजस्व संबंधित कार्यों के निष्पादन में सीतामढ़ी जिला को उल्लेखनीय एवं अप्रत्याशित सफलता प्राप्त हुई है।

राजस्व कार्य निष्पादन में सीतामढ़ी जिला राज्य में दूसरे स्थान पर : जारी जिलावार रैंकिंग में राजस्व संबंधी कार्यों के समग्र निष्पादन के आधार पर सीतामढ़ी जिला को पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिले को कुल 77.25 अंक प्राप्त हुए हैं।

यह रैंकिंग राज्य के सभी जिलों में निम्नलिखित मानकों के आधार पर जारी की गई है - सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अभियान बसेरा-2, आधार सीडिंग स्टेटस, अपर समाहर्ता कोर्ट में निष्पादन, डीसीएलआर कोर्ट में निष्पादन, जिलाधिकारी न्यायालय में मामलों का निष्पादन तथा अन्य निर्धारित राजस्व मानक।

एडीएम - राजस्व राज्य में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचे

बेलसंड डीसीएलआर को राज्य में प्रथम स्थान, पुपरी को 9 वां और सीतामढ़ी सदर को 16 वाँ स्थान

चोरौत अंचल को राज्य के दूसरा जबकि बैरगनिया चौथा स्थान

निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी कार्य निष्पादन एवं लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के कारण जिला को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।

2. एडीएम पीओपी रैंकिंग(अगस्त) में अपर समाहर्ता (राजस्व) को राज्य में दूसरा स्थान एडीएम पीओपी रैंकिंग में सीतामढ़ी के अपर समाहर्ता (राजस्व) संजीव कुमार को 74.67 अंक के साथ पूरे राज्य में दूसरा स्थान



प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अंचल अधिकारी कार्यालयों का निरीक्षण, अभियान बसेराझ2, म्यूटेशन रिवीजन, जमाबंदी कलेक्शन तथा अन्य राजस्व कार्यों में अपेक्षित एवं प्रभावी प्रदर्शन के कारण संभव हो सकी है।

यह उपलब्धि राजस्व टीम, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, अंचल अधिकारियों व कर्मियों के समन्वित प्रयास का परिणाम : डीएम

समाहर्ता सीतामढ़ी तनय सुल्तानिया ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व प्रशासन आमजन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ विभाग है। पारदर्शिता, समयबद्धता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। यह उपलब्धि राजस्व टीम, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, अंचल अधिकारियों एवं सभी संबंधित कर्मियों के समन्वित एवं सतत प्रयास का परिणाम है। आने वाले महीनों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्यों में और अधिक गति लाई जाएगी तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी है तथा भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया है।

बेलसंड के भूमि सुधार उप समाहर्ता को राज्य में प्रथम स्थान, पुपरी डीसीएलआर को 9 वां, सीतामढ़ी सदर डीसीएलआर को पूरे राज्य में 16 वाँ स्थान: अगस्त 2026 की ही पीओपी रैंकिंग में कुल 86.38 अंक प्राप्त कर भूमि सुधार उप समाहर्ता, बेलसंड को राजस्व कार्यों के निष्पादन में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि अनुमंडल स्तर पर राजस्व प्रशासन की कार्यकुशलता एवं प्रतिबद्धता को दशार्ती है। वही डीसीएलआर पुपरी को 9 वां एवं सीतामढ़ी सदर डीसीएलआर को 16 वां स्थान मिला है। वहीं चोरौत अंचल को राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है ,बैरगनिया अंचल को राजस्व कार्यों के निष्पादन में पूरे राज्य में चौथा स्थान जबकि परिहार अंचल को आठवां स्थान , बोखरा को 11 वाँ व सुप्पी को 17 वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

देश ही नहीं, दुनिया में बापू प्रासंगिक : डॉ. आनंद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सर्वोदय मंडल, सीतामढ़ी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नंदकिशोर मंडल ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री राम प्रमोद मिश्र ने किया। अखिल भारत सर्वोदय मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. आनंद किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की विरासत हैं। सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और सामाजिक न्याय के उनके विचार आज भी स्वतंत्रता, समानता और शांतिपूर्ण संघर्ष के आंदोलनों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ती आर्थिक विषमता, कट्टरता और नफरत के बीच गांधीजी के विचार अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। साहित्यकार विमल कुमार परिमल ने कहा कि गांधीजी का मूल्यांकन केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं किया जा सकता। शिक्षक नेता विजय कुमार शुक्ला ने उन्हें शांतिपूर्ण प्रतिरोध की आत्मा बताया। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि गांधी मार्ग से ही समाज में खुशहाली लाई जा सकती है। अवधेश यादव ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2007 में गांधी जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। अमरेंद्र राय ने कहा कि दुनिया आज भी गांधी के विचारों में अपनी समस्याओं का समाधान तलाश रही है। मौके पर डॉ. आनंद किशोर, अवधेश यादव एवं अश्विनी मिश्र को चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। जलंधर यदुवंशी, मो. मुतुर्जा, चंद्रदेव मंडल, उपेंद्र आर्य, भिखारी शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



गांधी विचार मंच ने गांधी प्रतिमा पर दी श्रद्धांजलि

सीतामढ़ी (एनएसबी)। गांधी जयंती के अवसर पर गांधी विचार मंच की ओर से बुधवार की सुबह सात बजे गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मंच के सचिव प्रमोद कुमार नील, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रकटू प्रसाद, मो. अफाक खान, अधिवक्ता संजय कुमार बिररख, प्रो. राजकुमार गुप्ता, मो. शम्स शाहनवाज, शिवनाथ प्रसाद, अधिवक्ता नीतीश मिश्रा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, मदन प्रसाद, राकेश कुमार पप्पू, राहुल गुप्ता, विजय महाजन, अशोक कुमार, अधिवक्ता सेराज अहमद, प्रमोद सिंह एवं जितेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने बापू को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति और सद्भाव कायम किया जा सकता है। महात्मा गांधी के विचार आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं।



चार महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक किया गया नमन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नवयुवक समिति ट्रस्ट सभागार में शुक्रवार को अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति के तत्वावधान में महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, महान क्रांतिकारी योगेंद्र शुक्ल एवं स्वतंत्रता सेनानी ललितेश्वर प्रसाद शाही की संयुक्त जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिन्हा ने की, जबकि मंच संचालन अधिवक्ता सह सचिव अरुण कुमार शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ। उपस्थित लोगों ने चारों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता व मंचासीन अतिथि व अन्य।

महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, योगेंद्र शुक्ल व ललितेश्वर प्रसाद शाही की संयुक्त जयंती समारोह

कर्तव्यनिष्ठा को सार्वजनिक जीवन की पहचान बनाया। महान क्रांतिकारी योगेंद्र शुक्ल ने स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस और त्याग का परिचय दिया। वहीं ललितेश्वर प्रसाद शाही के सार्वजनिक एवं सामाजिक योगदान को भी वक्ताओं ने याद किया। वक्ताओं ने कहा कि इन महान विभूतियों का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग, संघर्ष और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है। समारोह को भगवान लाल सहनी, जगदीश शर्मा, प्रभाकर कुमार (जन सुराज पार्टी), चंदेश्वर प्रसाद चौधरी, शंभू शरण ठाकुर, अधिवक्ता हर्षवर्धन कुमार, प्रभात कुमार श्रीवास्तव, हीरालाल गुप्ता, डॉ. सुप्रिया सोनी, मुन्नी चौधरी, मोहन प्रसाद सिन्हा, अरुण कुमार, कमलेश दिव्यदर्शी, रमाशंकर शुक्ल एवं चंद्र किशोर पराशर ने संबोधित किया। समारोह के अंत में सरदार योगेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अध्यक्षीय संबोधन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित थे।

गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक : डीडीसी

महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती पर जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में प्रतिमा पर माल्यार्पण



सीतामढ़ी नगर के गांधी चौक अवस्थित गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्वेता भारती व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। महात्मा गाँधी की 157 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा भारत की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया।

सीतामढ़ी नगर के गांधी चौक अवस्थित गाँधी जी की प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत को आजादी दिलाने में महात्मा गाँधी की अत्यंत ही सराहनीय भूमिका रही है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत ने जन-जन में एक अद्भुत क्रांति ला दी। गाँधीजी हमेशा कहा करते थे कि किसी भी तरह के विरोध का मार्ग हिंसात्मक नहीं हो सकता है। अहिंसा में जो शक्ति है, उसकी जगह हिंसा कभी भी नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश देता है। आज उनकी जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपने जीवन एवं कार्य में आत्मसात करेंगे। गांधी जी का मार्ग ही हमें समाज और राष्ट्र को सशक्त, समृद्ध एवं न्यायपूर्ण बनाने की प्रेरणा देता है। मौके पर उपस्थित अधिकारी अपर समाहर्ता राजस्व, संजीव कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आनंद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजेश भूषण, ट्रैफिक डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों भी ने माल्यार्पण की एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।

जयंती पर कांग्रेसजनों ने गांधी व शास्त्री को दी श्रद्धांजलि आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय ललित आश्रम, गांधी मैदान में श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय में जयंती कार्यक्रम।

जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा, शांति, सद्भाव और मानवता के संदेश को जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत को अपने सरल, दृढ़ एवं प्रभावी नेतृत्व से नई दिशा दी। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रकटू प्रसाद, मो. अफाक खान, सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, संजय कुमार बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, डॉ. राज कुमार गुप्ता, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, ताराकांत झा, नितेश मिश्रा, जैनेन्द्र कुमार राम, धीरज कुमार सिंह, सोहन प्रसाद, नेयाजुद्दीन खान, वीरेंद्र कुशवाहा, शैलेंद्र खिरहर, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रोहन कुमार गुप्ता, एनएसयूआई अध्यक्ष सक्षम कुमार सहित अन्य कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र, संविधान एवं मातृभूमि की रक्षा का संकल्प भी लिया।

जननायक कर्पूरी छात्रावास में छात्रों ने लिया गांधीजी के विचारों पर चलने का संकल्प

सीतामढ़ी (एनएसबी)। अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास, सीतामढ़ी के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रावास अधीक्षक बिनोद बिहारी मंडल ने की। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, सामाजिक समरसता और स्वावलंबन के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता, मंचासीन अतिथि एवं उपस्थित छात्र।

समरसता दिवस के रूप में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी मधुरेन्द्र कुमार मिश्र ने गांधीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस दौर में दुनिया आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत, डार्विन के विकासवाद और अंग्रेजी साम्राज्यवाद की विचारधारा से प्रभावित थी, उसी समय भारत में महात्मा गांधी ने महात्मा बुद्ध के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए सत्याग्रह का नया प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी के सत्याग्रह और अहिंसात्मक आंदोलन ने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई को नई दिशा दी। उन्होंने छात्रों से गांधीजी के विचारों और आदर्शों को अपने आचरण में उतारने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि एवं युवा जदयू के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश मंडल ने कहा कि गांधीजी की जीवनशैली, सामाजिक सद्भाव, स्वावलंबन, स्वरोजगार और कुटीर उद्योग से जुड़े विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ राष्ट्र को समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्र प्रमुख शंभू कुमार पंडित, धनंजय साहनी, राजू कुमार प्रजापति, सुधीर कुमार, शशि कुमार, शैलेंद्र कुमार, दीपक कुमार, पिंटू कुमार मंडल, सौरव मंडल, धीरज ठाकुर, गौतम कुमार, नितीश कुमार, रंजीत कुमार, मुन्ना कुमार, नंदकिशोर कुमार, सत्यम कुमार, मनीष कुमार, सुशील कुमार, विक्की कुमार, धीरज कुमार, रुपेश कुमार, अभिषेक कुमार, राजीव कुमार, आदित्य कुमार, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, श्रीशांत कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार, मणिकांत पंडित, मणि शंकर पंडित, सुजय कुमार, पिंकू मंडल, सिद्धांत कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों ने नवनियुक्त युवा जदयू जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश मंडल का किया स्वागत

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जननायक कपूर्री ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास सीतामढ़ी में सत्यप्रकाश मंडल, नवनियुक्त युवा जेडीयू जिलाध्यक्ष सीतामढ़ी का छात्रावास में छात्रों द्वारा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सत्यप्रकाश, जिलाध्यक्ष युवा जेडीयू ने छात्रों को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सभी वर्गों के छात्र, युवा एवं आम लोगों के लिए शुरूआत किए गए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभ लेने को प्रेरित किया। तथा छात्र युवा के समस्याओं के समाधान के लिए हर पल खड़ा रहने की प्रतिबद्धता जाहिर की।



इस अवसर पर अति पिछड़ा वर्ग छात्र संघ के जिलाध्यक्ष शानू बिहारी महासचिव धनरंजय सहनी, संयोजक शंभू पंडित छात्र प्रमुख ने कहा कि अपने बीच के साथियों, छात्र एवं युवाओं को युवा जेडीयू की कमान मिलने से छात्रों में प्रसन्नता है। इस अवसर पर शंभू कुमार पंडित, धनंजय सहनी, विक्की कुमार, राजू प्रजापति, सुधीर कॉपर, दीपक साहनी, प्रिंस कुमार मंडल, सौरव मंडल, श्याम नंदन चौरसिया,धीरज ठाकुर, नीतीश कुमार, रंजीत कुमार, मुन्ना ठाकुर, नागेंद्र कुमार, सीताराम शाह,सत्यम कुमार पाल, मनीष कुमार, सुनील साहनी, विक्की कुमार, संजीत रावत, धीरज कुमार, रुपेश मुखिया, आदित्य कुमार, अभिषेक मंडल, रंजीत कुमार, रुपेश कुमार, सुबोध कापर, सोनू कुमार ,श्रीकांत कुमार, अनिल कुमार, तेजस्वी आनंद, मणिकांत पंडित, मणि शंकर पंडित, सुजय कुमार, पांडव महतो, रिंकू कुमार, राजू ठाकुर, सिद्धांत कुमार, भाग नारायण साहनी, गोविंद दास, चंदन दास, नीतिश मंडल, लवकुश मंडल, लक्ष्मी मंडल सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

जदयू ने किया 'नीतीश संवाद : जीविका के 20 साल बेमिसाल' कार्यक्रम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला जनता दल (यू), सीतामढ़ी की ओर से द्वारिका पैलेस में नीतीश संवाद : जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू महिला प्रकोष्ठ की निवर्तमान जिलाध्यक्ष पुष्पा देवी ने की, जबकि संचालन जदयू नेत्री आरती प्रधान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि, जदयू नेता व अन्य।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गायघाट की विधायक कोमल सिंह, नरकटियागंज के विधायक विशाल कुमार शाह, रून्नीसैदपुर के विधायक पंकज कुमार मिश्रा, सुरसंड के विधायक प्रो. नागेंद्र राउत, जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा, कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश जदयू नेत्री सुधा चौधरी तथा डॉ. मनोज कुमार थे।

मुख्य वक्ता विधायक कोमल सिंह ने कहा कि बिहार में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए कार्यों ने महिलाओं को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं जदयू का मजबूत आधार हैं और आधी आबादी के सशक्तीकरण के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विधायक विशाल कुमार साह ने कहा कि साइकिल योजना, पोशाक योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पंचायती राज एवं नगर निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण, प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण सहित विभिन्न योजनाओं एवं प्रावधानों से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। महिला उद्यमी योजना और रोजगार से जुड़ी पहल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में भी योगदान दिया है। विधायक पंकज कुमार मिश्रा एवं विधायक प्रो. नागेंद्र राउत ने कहा कि करीब दो दशक पहले ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2006 में विश्व बैंक के सहयोग से जीविका की शुरूआत एक छोटे प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी। समय के साथ जीविका ने व्यापक स्वरूप ग्रहण किया और बिहार में महिला स्वयं सहायता समूहों के बड़े नेटवर्क के रूप में विकसित हुआ।

जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा एवं कार्यक्रम प्रभारी सुधा चौधरी ने कहा कि जीविका के माध्यम से राज्य की बड़ी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी कर रही हैं। उनके अनुसार, 13 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक करोड़ 88 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि ह्यनीतीश संवाद : जीविका के 20 साल बेमिसालह्ल महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं की उपलब्धियों और उनके आत्मनिर्भर बनने की यात्रा को रेखांकित करने का अवसर है। जीविका से जुड़ी महिलाओं ने परिवार के साथ-साथ बिहार के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अपनी भागीदारी बढ़ाई है।

सम्पादकीय

मातृत्व की आस्था, संकल्प और संतान का भविष्य

जीवित्पुत्रिका व्रत, जिसे आम बोलचाल में जिउतिया या जितिया व्रत भी कहा जाता है, भारतीय लोकजीवन में मातृत्व की गहरी संवेदना, आस्था और त्याग का प्रतीक है। विशेष रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार, संतान और सामाजिक संस्कारों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण लोकपरंपरा है। इस व्रत के पीछे माताओं की वह भावना दिखाई देती है, जिसमें वे अपनी संतान के स्वस्थ, दीर्घायु, सुरक्षित और सुखी जीवन की कामना करती हैं।

जीवित्पुत्रिका व्रत की सबसे बड़ी विशेषता उसका मातृत्व-केंद्रित स्वरूप है। माताएं कठिन व्रत और धार्मिक अनुशासन का पालन करते हुए अपनी संतानों के मंगल की कामना करती हैं। लोकमान्यता में यह व्रत संतान की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली से जुड़ा हुआ है। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी ग्रामीण और शहरी समाज में समान रूप से अपनी जगह बनाए हुए है। लेकिन किसी भी परंपरा का महत्व केवल उसके अनुष्ठानों में नहीं, बल्कि उन मानवीय मूल्यों में होता है, जिन्हें वह समाज तक पहुंचाती है। जीवित्पुत्रिका व्रत हमें त्याग, जिम्मेदारी, परिवार के प्रति समर्पण और संतानों के प्रति अभिभावकीय दायित्व का संदेश देता है। यह पर्व याद दिलाता है कि संतान का भविष्य केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं, बल्कि परिवार के संस्कार, शिक्षा, अनुशासन और समाज के वातावरण से भी निर्मित होता है।

आज का समय तेजी से बदल रहा है। संयुक्त परिवारों का स्थान धीरे-धीरे छोटे परिवार ले रहे हैं। जीवन की व्यस्तता बढ़ी है, पारिवारिक संवाद के लिए समय कम हुआ है और बच्चों का बड़ा हिस्सा डिजिटल दुनिया से प्रभावित हो रहा है। ऐसे दौर में जीवित्पुत्रिका जैसे पर्वों का सामाजिक महत्व और बढ़ जाता है। हालांकि परंपरा को केवल कर्मकांड तक सीमित रखने के बजाय उसके मूल संदेश को समझना भी जरूरी है। यदि मां अपनी संतान की दीर्घायु की कामना करती है, तो समाज की जिम्मेदारी भी बनती है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा, पौष्टिक भोजन, सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य सुविधाएं और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हों। केवल व्रत और पूजा से संतान का भविष्य सुरक्षित नहीं होता। उसके लिए परिवार, विद्यालय, समाज और शासनसभी को अपनी भूमिका निभानी होती है। आज जब बच्चों के सामने शिक्षा की प्रतिस्पर्धा, तकनीकी बदलाव, मानसिक दबाव, नशे की चुनौती, साइबर अपराध और सामाजिक असमानता जैसी अनेक चुनौतियां मौजूद हैं, तब अभिभावकों की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। संतान की लंबी उम्र की कामना के साथ उसके चरित्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और संवेदनशील व्यक्तित्व के निर्माण की चिंता भी आवश्यक है।

जीवित्पुत्रिका व्रत की परंपरा हमें यह भी सोचने का अवसर देती है कि मातृत्व का सम्मान केवल किसी एक दिन या किसी एक धार्मिक पर्व तक सीमित नहीं होना चाहिए। माताओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को लेकर भी समाज को गंभीर होना होगा। जो महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ ऐसे कठिन व्रत करती हैं, उनके स्वास्थ्य के प्रति परिवार की संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है। आस्था का सम्मान तभी सार्थक होगा, जब उसके साथ विवेक और स्वास्थ्य-सुरक्षा को भी महत्व दिया जाए।

लोकपर्वों की एक विशेषता यह है कि वे समाज को जोड़ने का काम करते हैं। जीवित्पुत्रिका के अवसर पर परिवारों में एकत्रीकरण होता है, रिश्तों में आत्मीयता बढ़ती है और नई पीढ़ी को अपनी लोकसंस्कृति से परिचित होने का अवसर मिलता है। आधुनिकता और तकनीक के दौर में यह सांस्कृतिक निरंतरता महत्वपूर्ण है। नई पीढ़ी यदि अपनी परंपराओं के अर्थ को समझेगी, तभी सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ेगी। हालांकि परंपरा के संरक्षण के साथ उसके स्वरूप में समयानुकूल संवेदनशीलता भी जरूरी है। किसी भी धार्मिक पर्व को सामाजिक दबाव, दिखावे या अनावश्यक खर्च का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। पर्व का उद्देश्य आस्था, परिवार और मंगलकामना है, प्रतिस्पर्धा या प्रदर्शन नहीं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अनावश्यक खर्च का दबाव डालना किसी भी लोकपरंपरा की मूल भावना के अनुरूप नहीं हो सकता।

इसी तरह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी भी आज के समय की आवश्यकता है। पूजा-सामग्री, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट के कारण जलस्रोतों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रदूषण न हो, इसका ध्यान रखना चाहिए। आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। बल्कि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में पर्व मनाना ही आने वाली पीढ़ियों के प्रति वास्तविक जिम्मेदारी है। जीवित्पुत्रिका वत का एक व्यापक संदेश यह भी है कि संतान केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, समाज की साझा जिम्मेदारी है। किसी बच्चे का भविष्य उसके घर की आर्थिक स्थिति, उसके माता-पिता की सामाजिक स्थिति या उसके जन्मस्थान से तय नहीं होना चाहिए। हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान का समान अवसर मिले ।

विविध भारती : देश की सुरीली धड़कन



डा. ध्रुव कुमार।

आज से ठीक 69 साल पहले आज ही के दिन यानी 3 अक्तूबर, 1957 को जब पूरे देश में विजयादशमी मनाई जा रही थी, सुबह 10 बज कर 13 मिनट पर एक स्वर उभरा - ये आकाशवाणी का पंचरंगी कार्यक्रम है और इसी के साथ भारत में रेडियो के नए युग की शुरुआत हुई । स्वतंत्रता प्राप्ति के एक दशक बाद सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के साथ । सर्वजन हिताय- सर्वजन सुखाय वाले आकाशवाणी ने एक नए चैनल की शुरुआत की, उद्देश्य था - सोच- विचार और मनोरंजन। उद्घाटन के अवसर पर पार्श्व गायक मन्ना डे ने द्वारा गाए गए नाच रे मयूरा... गीत सुनकर कर लोग मंत्रमुग्ध हो गए ।

वैसे तो स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात ही भारत सरकार ने आकाशवाणी के चहुंमुखी विकास की योजना बनाई थी। पायलट प्रोजेक्ट के नाम से शुरू इस योजना का सुफल यह हुआ कि महज तीन वर्षो में ही आकाशवाणी के केंद्रों की संख्या 6 से बढ़कर 21 हो गई और अब यह 21 प्रतिशत जनसंख्या द्वारा देश के 12 फीसदी भूभाग में सुना जाने लगा था।

1957 में, जब देश को स्वतंत्र हुए एक दशक हो चुके थे, आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) सूचना, शिक्षा और (सीमित) मनोरंजन की अपनी प्रतिबद्धता के बल पर देश की प्रगति में भरपूर योगदान कर रहा था।

उनदिनों ऑल इंडिया रेडियो पर फिल्मी गीतों के प्रसारण पर रोक लगी हुई थी। 1950 में जब बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर सूचना एवं प्रसारण मंत्री बने तो उन्होंने आकाशवाणी पर फिल्म- संगीत के प्रसारण पर रोक लगा दी । उन्होंने फिल्म- संगीत के बदले शास्त्रीय- संगीत को प्रोत्साहित किया। डा. केसकर का मानना था कि फिल्म-संगीत ने शास्त्रीय संगीत को काफी नुकसान पहुंचाया है । उन्होंने रेडियो संगीत सम्मेलनों की शुरुआत कराई । इस दौरान आकाशवाणी में पंडित रविशंकर, बीडी जोग, टीके जयराम अय्यर और पन्नालाल घोष जैसे प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार बुलाए जाने लगे ।

उन्हीं दिनों 1956 में यूनेस्को ने भारत को अपने रेडियो रूलर फोरम प्रोजेक्ट के लिए चुना । इस तरह का प्रोजेक्ट कनाडा में सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका था । इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट के लिए महाराष्ट्र के पुणे के आसपास के 144 गांव को चुना गया । गांव में रेडियो रूलर फोरम बनाए गए और आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों पर ग्रामीणों के साथ वार्तालाप किया जाने लगा ।

इस परियोजना का नारा था - सुनो, चर्चा करो और उसे लागू करो , अध्ययन में यह पाया गया कि पुणे के ग्रामीणों ने रेडियो फोरम के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर आम राय बनाने में योगदान किया और ग्राम पंचायतों के प्रभाव को मजबूती प्रदान की ।

इधर आकाशवाणी को मजबूती प्रदान करने के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना 1956-61 में भारत सरकार ने आकाशवाणी को आठ करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की । इनमें से पांच करोड़ 64 लाख रुपए ही खर्च हो पाए । यह राशि पहली पंचवर्षीय योजना 1951-56 में आवंटित 3 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि से बहुत अधिक थी । हालांकि पहली पंचवर्षीय योजना की उपलब्ध कराई गई राशि में से सिर्फ आधी ही खर्च हो पायी थी ।

सोच-विचार और मनोरंजन के संगीतमय सात दशक

भारत के रेडियो श्रोता आकाशवाणी पर लगी रोक के बाद फिल्मी गाने सुनने के लिए रेडियो सीलोन (श्रीलंका) की ओर रुख करने लगे । इसका एक कारण था -बिनाका गीतमाला (फिल्मी गीतों की हिट परेड) में हिंदी फिल्मी गीतों को प्रसारण अमीन सयानी द्वारा प्रस्तुत बिनाका गीतमाला ने बहुत जल्द लोकप्रियता के शिखर को चूम लिया । यह कार्यक्रम इतना लोकप्रिय हुआ कि इसी के बलबूते 1951 से अपने रेडियो करियर की शुरुआत करने वाले अमीन सयानी लगभग 5 दशकों तक कार्यक्रम प्रस्तोता के रूप में श्रोताओं के दिलों पर राज करते रहे । उन्हें आधी सदी की आवाज भी कहा जाता है । उन्होंने लगभग पचास हजार रेडियो कार्यक्रम और बीस हजार जिंगल तैयार किए ।

रेडियो सिलोन से प्रसारित बिनाका गीतमाला ने अमीन सयानी को प्रसिद्धि की बुलंदियों पर पहुंचा दिया ।

जयमाला और हवामहल विविध भारती के शुरूआती कार्यक्रम रहे हैं और ये आज सात दशक बाद भी उतनी ही लोकप्रियता के साथ चल रहे हैं। जयमाला सोमवार से शुक्रवार तक फौजी भाईयों की पसंद के फिल्मी गीतों का कार्यक्रम है जबकि शनिवार को कोई मशहूर फिल्मी-हस्ती इसे पेश करती है । विगत कुछ वर्षो से रविवार को जयमाला का नाम जयमाला संदेश होता है।

दरअसल, रेडियो सिलोन की हिंदुस्तान में बढ़ती लोकप्रियता का मुकाबला करने के लिए ही विविध भारती का ताना-बाना बुना गया । प्रसिद्ध संगीतकार आचार्य पंडित नरेंद्र शर्मा इसके पहले चीफ प्रोड्यूसर बनाए गए । विविधता और भारतीयता के साथ मनोरंजन के ताने-बाने के साथ शुरू हुआ विविध भारती का सुनहरा सफर अब सातवें दशक में प्रवेश कर गया है। समय के साथ देश की यह सुरीली धड़कन अपने विविध, कर्णप्रिय, मधुर कार्यक्रमों के जरिए और भी लोकप्रिय होती गई। इसे लोकप्रिय बनाने में इसके कार्यक्रम-प्रस्तुतकर्ताओं की भूमिका भी उल्लेखनीय है।

जयमाला और हवामहल विविध भारती के शुरूआती कार्यक्रम रहे हैं और ये आज सात दशक बाद भी उतनी ही लोकप्रियता के साथ चल रहे हैं। जयमाला सोमवार से शुक्रवार तक फौजी भाईयों की पसंद के फिल्मी गीतों का कार्यक्रम है जबकि शनिवार को कोई मशहूर फिल्मी-हस्ती इसे पेश करती है । विगत कुछ वर्षो से रविवार को जयमाला का नाम जयमाला संदेश होता है। जिसमें फौजी भाई अपने आत्मीयजनों को और फौजियों के आत्मीय जन देश की सेवा कर रहे इन फौजियों के नाम अपने संदेश विविध भारती के माध्यम से देते हैं। ये कार्यक्रम लगातार लोकप्रियता के शिखर पर है।

इस लिहाज से विविध भारती दुनिया का पहला ऐसा रेडियो चैनल या मीडिया चैनल है, जिसने विशेष तौर पर फौजियों के लिए कोई कार्यक्रम आरंभ किया। बाद में इस फॉरमेट की नकल कई चैनलों ने की। देव आनंद, धर्मेंद्र, राजकुमार, शशि कपूर, अमिताभ बच्चन समेत कई नामचीन कलाकार फौजी भाईयों से अपने मन की बात कह चुके हैं। फिल्मी हस्तियों में अभिनेत्री नरगिस ने विविध भारती पर पहला जयमाला कार्यक्रम पेश किया था। इसके बाद तो फौजी भाईयों के इस कार्यक्रम में आशा पारेख, माला सिन्हा, वहीदा रहमान, हेमा मालिनी से लेकर अमृता राव तक नई तारिकाएं शामिल हो चुकी हैं।

हवा महल नाटिकाओं और झलकियों का कार्यक्रम है, जिसका प्रसारण पहले रात सवा नौ बजे हुआ करता था, अब यह रात आठ बजे प्रसारित हुआ करता है । हवामहल के लिए झलकियां और नाटक देश भर से आकाशवाणी केंद्र तैयार करके भेजते हैं। इसमे फिल्मी कलाकार असरानी, ओमपुरी, ओम शिवपुरी, अमरीश पुरी, दीना पाठक, यूनुस परवेज जैसे कई नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया है। हवामहल की खास तरह की संकेत-ध्वनि लोगों को अभी भी रोमांचित करती है ।

सुबह साढ़े सात बजे प्रसारित होने वाले कार्यक्रम संगीत- सरिता के माध्यम से विविध भारती ने अपने तमाम श्रोताओं के भीतर संगीत की समझ कायम करने का प्रयास किया है। संगीत-सरिता में आमंत्रित विशेषज्ञ संगीत की बारीकियों को बहुत सरल शब्दों में समझाते हैं। मिसालें देते हैं, गायन की बानगी पेश करते हैं और किसी राग पर आधारित फिल्मी गीत सुनवाकर श्रोताओं को उस राग से पूरी तरह परिचित करा देते हैं। अब यह कार्यक्रम सुबह 6.45 बजे प्रसारित किया जाता है।

भारत की गूँज भी विविध भारती का बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम है। प्रातः 8 बजे इसका प्रसारण होता है । इस कार्यक्रम में नये फिल्मी गीतों को प्रसारित किया जाता है व कलाकारों के ट्विटर अकाउंट पर उनके द्वारा किए गए ट्वीट की जानकारी दी जाती हैं।

विविध भारती के अन्य लोकप्रिय कार्यक्रमों में पिटारा, सखी-सहेली, छाया गीत, बंदनवार, गीतों की कहानी, बाइस्कोप, हेलो फरमाइश आदि शामिल हैं ।

विविध भारती के लोकप्रिय उद्घोषकों में यूनुस खान, ममता सिंह, रेनू बंसल, कमल शर्मा, शहनाज अख्तरी, और डा. किशन शर्मा आदि प्रमुख रहे हैं। ये उद्घोषक अपनी रचनात्मकता, विशिष्ट अंदाज (शैली) और प्रस्तुत करने के तरीके से विविध भारती को एक लोकप्रिय माध्यम बनाने में महत्वपूर्ण रहे हैं।

पहली उद्घोषणा शील कुमार शर्मा ने की थी। उन्होंने ही सर्वप्रथम ये आकाशवाणी का पंचरंगी कार्यक्रम है विविध भारती कहा था।

69 साल बाद आज भी विविध भारती का जादू श्रोताओं के दिलों-दिमाग पर छाया हुआ है । शहरी इलाकों से लेकर सुदूर गांवों में भी यह सबसे ज्यादा सुना जाने वाला लोकप्रिय रेडियो चैनल है ।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

गांधी को समझने के लिए पहले स्वयं को बदलना होगा

'हिन्द स्वराज' केवल पुस्तक नहीं, आत्मसंयम और मानवीय मुक्ति का घोषणापत्र

दरभंगा (दैनिक नवसंदेश)। गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मंडल कारा, दरभंगा में 'हिन्द स्वराज की प्रासंगिकता' विषय पर एक विचारपरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों, विशेषकर हिन्द स्वराज में व्यक्त स्वराज, सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम और नैतिक जीवन की अवधारणा को वर्तमान सामाजिक जीवन से जोड़ते हुए बंदियों के बीच संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल कारा, दरभंगा की जेल अधीक्षक महोदया स्नेह लता ने की। उन्होंने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को केवल ऐतिहासिक विरासत के रूप में देखने के बजाय जीवन-व्यवहार का हिस्सा बनाने पर बल दिया।



गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मंडल कारा, दरभंगा में 'हिन्द स्वराज की प्रासंगिकता' विषय पर एक विचारपरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक अजीत कुमार मिश्र ने हिन्द स्वराज के मूल संदेश को व्यवहारिक जीवन से जोड़ते हुए कहा कि गांधी का स्वराज केवल राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने की अवधारणा नहीं था। गांधी के लिए स्वराज का अर्थ थाअपने ऊपर अपना शासन। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपनी इच्छाओं, वासनाओं, लोभ, क्रोध और हिंसा पर नियंत्रण नहीं रख सकता तो बाहरी स्वतंत्रता भी अधूरी मानी जाएगी। उन्होंने बंदियों से आग्रह किया कि हिन्द स्वराज को केवल पढ़ने की पुस्तक न मानकर आत्मपरिवर्तन की प्रेरणा के रूप में ग्रहण करें।

सीएम कॉलेज, दरभंगा के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. दिनेश प्रसाद साहू ने गांधीजी के जीवन-संघर्ष और उनके आत्मानुशासन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मनियंत्रण और आंतरिक शांति के संदर्भ में योगाभ्यास की उपयोगिता समझाई तथा उपस्थित बंदियों को योग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

सब डिविजनल गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, बेनीपुर, दरभंगा के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. संजय कुमार सहनी ने हिन्द स्वराज की ऐतिहासिकता और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 1909 में लिखे गए हिन्द स्वराज को केवल औपनिवेशिक शासन की आलोचना करने वाली पुस्तक के रूप में पढ़ना गांधी के विचार की सीमा तय कर देना होगा। इसके भीतर आधुनिक सभ्यता, अंध उपभोग, नैतिक पतन, हिंसा, इच्छाओं की अनियंत्रित वृद्धि और मनुष्य के अपने ऊपर से नियंत्रण खोने को लेकर गांधी की गहरी चिंता दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि अपने मन पर शासन करना ही स्वराज की पहली सीढ़ी है। व्यक्ति जब अपने भीतर के लोभ, क्रोध, अहंकार, हिंसा और असत्य पर नियंत्रण स्थापित करता है, तभी वह अपने जीवन का वास्तविक शासक बनता है। इस अर्थ में हिन्द स्वराज आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि आधुनिक समाज में तकनीकी और भौतिक प्रगति के बावजूद मनुष्य के सामने आत्मसंयम, तनाव, क्रोध, उपभोग की बढ़ती इच्छा और सामाजिक हिंसा जैसी चुनौतियां मौजूद हैं।

कार्यक्रम में रामशंकर जी (परामर्शी) ने गांधी के हिन्द स्वराज को आत्मिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति के संदर्भ में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का विकास केवल भौतिक सुविधाओं की वृद्धि से नहीं होता। वास्तविक विकास तब है जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और आचरण को परिष्कृत करता है। उन्होंने कहा कि गांधी का स्वराज मनुष्य को भीतर से स्वतंत्र बनाने का प्रयास है ऐसी स्वतंत्रता जिसमें व्यक्ति अपनी कमजोरियों और नकारात्मक प्रवृत्तियों का दास न रहे।

शिक्षक डा. राजेश रमन जी ने क्रोध को व्यक्ति और समाज दोनों के लिए विनाशकारी बताते हुए उसके नियंत्रण के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्रोध के क्षण में लिया गया निर्णय कई बार पूरे जीवन को प्रभावित कर सकता है। गांधी का रास्ता व्यक्ति को प्रतिक्रिया के स्थान पर आत्मनियंत्रण, संवाद और विवेक की ओर ले जाता है। उन्होंने बंदियों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में गांधी के सत्य, अहिंसा और संयम के सिद्धांतों को अपनाकर सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत करें।

कार्यक्रम के अंत में उपाधीक्षक सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, अधिकारियों, आयोजकों और बंदियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कारागार में सकारात्मक वातावरण बनाने के साथ-साथ बंदियों को आत्मचिंतन और सामाजिक पुनर्स्थापन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम का समापन बंदियों द्वारा प्रस्तुत राम भजन से हुआ। गांधी जयंती के अवसर पर मंडल कारा दरभंगा में आयोजित यह संगोष्ठी इस संदेश के साथ संपन्न हुई कि मनुष्य को बदलने की शुरुआत समाज से नहीं, स्वयं से करनी होगी और यही 'हिन्द स्वराज' की सबसे जीवंत प्रासंगिकता है।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में 'हंसी का त्यो-हा-हा-हार' जारी

'द वन : फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' के कलाकारों के साथ मजेदार बातचीत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। इस त्योहार के मौसम में नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में हंसी का सिलसिला जारी रहेगा। सीजन के दूसरे एपिसोड में शनिवार, 3 अक्टूबर को रात 8 बजे, 'द वन : फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' के कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना भाटिया, श्वेता तिवारी, अनुप सोनी और मनीष पल नजर आएंगे। यह एपिसोड मजेदार बातचीत, दिलचस्प किस्सों और फैमिली-फ्रेंडली रोस्ट से भरपूर होगा।

एपिसोड की खास बातों में से एक है तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा कपिल शर्मा और मनीष पल की खास और साफ-सुथरी कॉमेडी की तारीफ करना। तमन्ना उन्हें असली 'रोस्ट मास्टर्स' बताते हुए कहती हैं कि उनके कॉमेडी ने कई पीढ़ियों के दर्शकों का मनोरंजन किया है। इस बातचीत में सिद्धार्थ भी कपिल और मनीष की तारीफ करते हैं। वह कहते हैं कि बिना किसी को बुरा महसूस कराए मजाक में रोस्ट करना एक बहुत खास कला है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के बाद से हर फिल्म के प्रमोशन के दौरान वह कपिल के शो में जरूर आए हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान यह एक ऐसा पड़ाव है, जिसका उन्हें हमेशा इंतजार रहता है, क्योंकि सेट पर उन्हें खूब मस्ती और अपनापन मिलता है। कपिल और मनीष अपने मजेदार अंदाज में एक-दूसरे की टांग खींचते हुए और शानदार वन-लाइनर्स के साथ दर्शकों को खूब हंसाते नजर आएंगे।



हंसी का सिलसिला तब और मजेदार हो जाता है, जब कपिल सिद्धार्थ के साथ मजाक करते हुए कहते हैं कि तमन्ना भाटिया के साथ काम करने का मौका मिलने के बाद उनकी 'तमन्ना' आखिरकार पूरी हो गई। सिद्धार्थ कई सालों से तमन्ना के काम की तारीफ करते आए हैं। इसी मजाक को आगे बढ़ाते हुए कपिल शरारत भरे अंदाज में पूछते हैं कि क्या इन सारी खबरों को देखकर कियारा ने पूछा होगा, ये मीडिया में की-आरा है इस मजाक पर तमन्ना सिद्धार्थ और कियारा को देश की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से एक बताते हुए कहती हैं कि दोनों सही मायने में कपल गोल्स हैं और साथ में बेहद प्यारे लगते हैं।

मनोरंजन को और बढ़ाते हुए सुनील ग्रोवर अपने खास अंदाज में नए-नए किरदारों में नजर आते हैं। वहीं कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा भी अपनी खास कमेडी से दर्शकों को खूब हंसाते हैं और पूरे एपिसोड में हंसी का सिलसिला जारी रखते हैं। यह सीजन हंसी-मजाक से भरपूर होने वाला है। इसमें कई खास मेहमान नजर आएंगे, जो कपिल शर्मा के साथ मस्ती, मजेदार बातचीत और कई यार पल बिताने के लिए शामिल होंगे। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।

सैमसंग ने पेश की गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सैमसंग इलेक्ट्रनिक्स कंपनी लिमिटेड ने गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज पेश की, जिसमें गैलेक्सी टैब एस 12 अल्ट्रा और टैब एस 12 प्लस शामिल हैं। यह सीरीज सैमसंग का अब तक का सबसे सक्षम और वर्सेटाइल टैबलेट एक्सपीरियंस देती है। गैलेक्सी टैब के खास अल्ट्रा-थिन डिजाइन में नए स्तर की परफार्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और लेटेस्ट गैलेक्सी एआई के साथ यह नया लाइनअप मुश्किल वर्कफ्लो को रोजमर्रा की आसान कामयाबियों में बदल देता है। बात चाहे किसी हुनर में महारत हासिल करने की हो, करियर के लक्ष्यों की हो या क्रिएटिव शौक पूरे करने की।



गैलेक्सी टैब एस 12 अल्ट्रा और टैब एस 12 प्लस में इमर्सिव डिस्प्ले हैं और इनके साथ एर्गोनमिक डिजाइन वाला एस पेन बक्स में ही मिलता है, जिससे नोट्स लेना और बारीकी से एडिट करना सहज हो जाता है। प्रोफेशनल-ग्रेड ऐप्स और कई तरह की एक्सेसरीज तक आसान पहुंच के साथ यूजर्स अपने शौक पूरे कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों की ओर सहजता से बढ़ सकते हैं। पोर्टेबिलिटी और प्रोफेशनल-ग्रेड पावर को एक साथ लाकर गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज यूजर्स को जब भी कोई नया खयाल आए, तुरंत दमदार क्षमताओं तक पहुंच देती है। सैमसंग इलेक्ट्रनिक्स में मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और हेड ऑफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिस जे किम ने कहा, गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज उन लोगों के लिए बनाई गई है, जो लगातार नए आइडिया तलाशते रहते हैं, नई स्किल्स सीखते हैं और अपनी महत्वाकांक्षाओं को हकीकत में बदलते हैं। इंडस्ट्री में सबसे आगे रहने वाले हार्डवेयर के साथ बनी गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज बड़ी स्क्रीन को गैलेक्सी एआई की ताकत से जोड़ती है। इससे मुश्किल कामों की अड़चनें दूर होती हैं और यूजर्स असरदार नतीजे हासिल करने पर ध्यान दे पाते हैं। गैलेक्सी टैब एस 12 सीरीज 7 अक्टूबर से चुनिंदा बाजारों में ग्रे और सिल्वर, दो रंगों में उपलब्ध होगी।

एम्पीयर ने नए एक्सपीरियंस सेंटर के साथ पटना में अपने रिटेल फुटप्रिन्ट का किया विस्तार

यह नई डीलरशिप से एम्पीयर के 'बिल्ट फार भारत' इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो को बनाएगी सुलभ, सेल्स और सर्विस के लिए भी मिलेगा सपोर्ट

पटना (दैनिक नवसंदेश)। एम्पीयर ने बोरिंग कैनाल रोड पर आनंद ऑटो के उद्घाटन के साथ पटना में अपनी रिटेल एवं सर्विस मौजूदगी को सशक्त बना लिया है। एम्पीयर का यह नया एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को एक ही जगह पर सेल्स और सर्विस का पूरा अनुभव देगा, जिससे क्षेत्र के ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी आसान और सुविधाजनक हो जाएगी।

नए एक्सपीरियंस सेंटर में एम्पीयर के इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो को पेश किया जाएगा, जिसे मोबिलिटी की विभिन्न जरूरतों और ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस पोर्टफोलियो में सबसे खास है 5 किलोवट की नई पावरफुल मोटर से पावर्ड एम्पीयर नेक्सस ईएक्स प्लस जिसने अपने शानदार परफोर्मेन्स के साथ भारत के सबसे मुश्किल रास्तों पर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए हैं। परिवारों और मूल्य के प्रति सजग ग्राहकों के लिए पेश किया गया मैगस जी मैक्स, रोजमर्रा की जरूरतों, कनेक्टेड टेक्नोलजी और किफायती दाम का बेहतरीन संयोजन है। वहीं मैगस नियो को रोजमर्रा की राइड को आरामदायक बनाने के लिए और लुक को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसके अलावा युवा राइडरों, खासतौर पर स्कूल-कॉलेज छात्रों के लिए हाल ही में लन्च हुआ एम्पीयर रियो वीवाईबी भी पोर्टफोलियो में शामिल किया गया है।



एम्पीयर नेक्सस ईएक्स प्लस और मैगस जी मैक्स ऐसे वैरिएंट्स में भी उपलब्ध हैं जिनमें इंटेलिपैक से पावर्ड 30 से ज्यादा इंटेलिजेंट फीचर्स हैं। ये फीचर्स राइडरों को कनेक्टेड और स्मार्ट टेक्नोलॉजी का अनुभव प्रदान करते हैं। इस पोर्टफोलियो में नेक्स्ट-जेनरेशन एलएफपी बैटरी टेक्नोलॉजी और 5 साल 75,000 किलोमीटर तक की स्टैंडर्ड बैटरी वारंटी मिलती है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को भरोसेमंद और आसान बनाने की एम्पीयर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

एम्पीयर का 'बिल्ट फार भारत' दृष्टिकोण असल दुनिया की इंजीनियरिंग और भारत में राइडिंग की विभिन्न परिस्थितियों में की गई जांच पर आधारित है। नेक्सस प्लेटफर्म ने कोल्ली हिल्स के 70 हेयरपिन मोड़ों को पार कर और भारत के सबसे उंचे मोटरेबल पहाड़ी रास्तों में से एक, शिपकी ला पास (13,200 फीट) तक पहुंचकर अपनी मजबूती साबित की है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

जिउतिया नहाने से पहले पोखर में गईं पांच बच्चियां, चार की डूबने से मौत

दो सगी बहनों समेत चार बच्चियों की मौत से बनकट गांव में मातम

पहाड़पुर(एनएसबी)। जिउतिया पर्व को लेकर ान करने से पहले शुक्रवार की सुबह पोखर में नहाने गई पांच बच्चियों में से चार की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र की इनरवाभार पंचायत के वार्ड संख्या-07 स्थित बनकट गांव के समीप की है। मृत बच्चियों में दो सगी बहनें शामिल हैं। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पांच बच्चियां गांव के समीप स्थित पोखर में नहाने गई थीं। जिउतिया पर्व को लेकर परिजन भी ान के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान बच्चियां पोखर में नहाने लगीं। नहाने के क्रम में चार बच्चियां गहरे पानी की ओर चली गईं और डूबने लगीं। पोखर के बाहर मौजूद एक बच्ची ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।सूचना मिलते ही परिजन पोखर पर पहुंचे और चारों बच्चियों को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस व परिजनों के सहयोग से उन्हें पहाड़पुर सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चारों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान बनकट गांव निवासी प्रमोद महतो की पुत्री सोनामती (10) व फूलमती (10), वीरेंद्र महतो की पुत्री ति कुमारी (10) तथा अच्छेलाल पासवान की पुत्री प्रतिभा कुमारी (6) के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही पहाड़पुर पुलिस मौके पर पहुंची। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण पहाड़पुर सीएचसी पहुंच गए।इधर, घटना की सूचना पर गोविंज विधायक राजू तिवारी के अनुज रतन तिवारी सीएचसी पहुंचे और मृत बच्चियों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें घर भेजवाया। वहीं बीडीओ अखिलेश कुमार व सीओ रामसेवक पासवान भी सीएचसी पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को नियमानुसार सरकारी सहायता एवं लाभ दिलाने का भरोसा दियाहादसे के बाद बनकट गांव में शोक का माहौल है। जिउतिया पर्व की तैयारी के बीच हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।



बच्ची का शव व परिजन।

बाढ़ पीड़ितों से मिले प्रभारी मंत्री, राहत शिविर और मेडिकल कैंप का लिया जायजा

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री सह पूर्वी चंपारण के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार शुक्रवार की अहले सुबह बाढ़ प्रभावित संग्रामपुर अंचल के डुमरिया पंचायत स्थित विश्रामपुर वार्ड नंबर 15 पहुंचे। उन्होंने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। मंत्री ने नाश्ता-भोजन, आवासन, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को राहत शिविरों में आवश्यक सुविधाएं लगातार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, विश्रामपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन की व्यवस्था का जायजा लिया। विद्यालय परिसर में संचालित मेडिकल कैंप का निरीक्षण करते हुए इलाज कराने पहुंची महिलाओं से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से उपलब्ध दवाओं और इलाज की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। इसके बाद छात्रों के बीच किट का वितरण किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था पर संतोष जताते हुए मंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। इसके लिए जिला प्रशासन धन्यवाद का पात्र है, जिसने पूरी तत्परता के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा के समय जनता, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने मिलकर मानवता की मिसाल कायम की है।उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में आरोप-प्रत्यारोप लगाने का समय नहीं होता। ऐसे समय में सभी को कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की जरूरत होती है। अरेराज क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और आम लोगों ने मिलकर जिस तरह बाढ़ की चुनौती का सामना किया है, वह सामूहिक प्रयास और आपसी सहयोग का उदाहरण है।

बाढ़ का पानी निकलने तक जारी रहेगा राहत कार्य : श्रवण कुमार

मोतिहारी(एनएसबी)। बाढ़ आपदा को लेकर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह पूर्वी चंपारण के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में समीक्षा बैठक हुई। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जब तक बाढ़ का पानी पूरी तरह नहीं निकल जाता, तब तक राहत कार्य जारी रहेगा। बाढ़ से हुई क्षति का आकलन कर राज्य सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जलजमाव से फसलों को हुई क्षति का भी आकलन कराया जाएगास जिलाधिकारी ने पावरप्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी। बताया कि 23 सितंबर को आईएमडी की चेतावनी के बाद संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण, माइकिंग और तटबंधों की पेट्रोलिंग बढ़ाई गई। 28 सितंबर को मुख्यमंत्री ने डुमरियाघाट में गंडक नदी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए थे।उन्होंने बताया कि संग्रामपुर, अरेराज, केसरिया और पहाड़पुर के 17 पंचायतों में 48,908 लोग प्रभावित हुए। प्रभावित क्षेत्रों में नाव, मोटरबोट, ड्रोन, राहत केंद्र, सामुदायिक रसोई, मेडिकल टीम और पशुचारा की व्यवस्था की गई। जिले में 28 सामुदायिक रसोई संचालित हैं, जहां 64,725 लोगों ने भोजन किया है। केसरिया व अरेराज में 3,485 ड्राई राशन पैकेट तथा 9,674 पलीथिन शीट वितरित की गई हैं। चार हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच और 1,484 लोगों का उपचार किया गया। पानी निकलने वाले क्षेत्रों में अब तक 576 किलो ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है।सांसद राधा मोहन सिंह ने बताया कि बांधों पर रह रहे लोगों के लिए चापाकल लगाए जाएंगे तथा बच्चों व बुजुर्गों के लिए दूध की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से समस्याओं की जानकारी लेकर जिला प्रशासन को राहत कार्य जारी रखने और क्षति का आकलन कर शीघ्र सूची भेजने का निर्देश दिया।



28 सामुदायिक रसोई में 64 हजार से अधिक ने किया भोजन।

संक्षिप्त खबरें

गन्ने के खेत से 46 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

पिपरा(एनएसबी))। गुप्त सूचना के आधार पर पिपरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गन्ने के खेत से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गन्ने के खेत में शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान खेत से 46 पेटी अफिसर च्वाइस ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 39744 लीटर बताई गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब के साथ 30 बोरा चोकर भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार, शराब को छिपाकर रखने और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। बरामद शराब एवं अन्य सामान को जब्त कर थाना लाया गया।मामले में पिपरा थाना कांड संख्या 395ध्26, दिनांक 02 अक्टूबर 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शराब के इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों का पता लगाने के लिए संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों की पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक के तबादले पर भावुक हुए छात्र छात्राएं

तुरकौलिया(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के श्रीरामउग्रह सिंह कुशवाहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जयसिंहपुर में शिक्षक 'ड़ विनय कुमार सिंह' के तबादले पर भावुक विदाई समारोह आयोजित हुआ। अपने प्रिय शिक्षक को विद्यालय से विदा करते समय कई छात्राएं फफक-फफक कर रो पड़ीं। छात्राओं के आंखों से छलकते आंसुओं ने पूरे विद्यालय परिसर का माहौल गमगीन कर दिया। विदाई के दौरान छात्रा किरण और संध्या ने भावुक होकर कहा कि ड़ विनय कुमार सिंह पढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के बीच हमेशा सहज और अपनत्व भरा व्यवहार रखते थे। उनकी पढ़ाने की शैली इतनी प्रभावी थी कि उनके द्वारा समझाया गया पाठ लंबे समय तक याद रहता था।

आपदा की घड़ी में प्रशासन की तत्परता ने जीता लोगों का भरोसा, अधिकारियों को मिल रही बधाइयां

संग्रामपुर (एसएनबी)। गंडक नदी के जलस्तर में कमी आने के साथ ही संग्रामपुर क्षेत्र में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे उतरने लगा है। ऊंचे स्थानों और चंपारण तटबंध पर शरण लेने वाले लोग अब अपने घरों की ओर लौटकर उजड़े आशियाने और अस्त-व्यस्त जिो को फिर से संवारने में जुट गए हैं। एक ओर प्रशासनिक स्तर पर बाढ़ से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित परिवारों और उनके मवेशियों तक राहत पहुंचाने का सिलसिला जारी है। इस पूरी आपदा के दौरान जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन के बीच जिस तरह का समन्वय, तत्परता और जवाबदेही देखने को मिली, उसकी क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।बाढ़ की विकट परिस्थितियों में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इतना ही नहीं, दोनों अधिकारियों ने बाढ़पीड़ितों के बीच अपने हाथों से भोजन परोसकर प्रशासन की संवेदनशीलता और मानवीय सरोकार का परिचय दिया। उनके इस व्यवहार की स्थानीय लोगों ने विशेष रूप से सराहना की।वहीं, प्रखंड स्तर पर बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ सुमित कुमार और बीपीआरओ अताउल हक ने राहत एवं बचाव कार्यो को गति देने के लिए दिन-रात एक कर दिया। प्रभावित गांवों तक सरकारी सहायता पहुंचाने, जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान करने और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने में इन अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने से लेकर राहत शिविरों में जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था तक प्रशासनिक टीम लगातार सक्रिय रही।इधर, विधि-व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालते हुए थानाध्यक्ष नीतीश कुमार भी पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में मुस्तैद रहे। आपदा के दौरान प्रभावित लोगों की सुरक्षा, आवागमन और प्रशासनिक कार्यो में पुलिस की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलीसस्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन दशकों में एक-दो अपवादों को छोड़ दें तो प्रखंड स्तर पर आपदा के दौरान प्रशासनिक अमले के बीच इतना बेहतर तालमेल और सक्रियता कम ही देखने को मिली है। अधिकारियों की मौजूी, त्वरित पहल और राहत पहुंचाने की प्रतिबद्धता ने प्रभावित परिवारों को काफी संबल दिया है। यही वजह है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी प्रशासनिक टीम के कार्यो की चर्चा गांव-गांव में हो रही है।इस कार्य के लिए गोविंज विधायक राजू तिवारी, पूर्व विधायक राजन तिवारी, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, भाजपा नेता परमानंद पाण्डेय, रंजीत पासवान, दियारा विकास मंच के अध्यक्ष अरुण तिवारी, पैक्स अध्यक्ष सुशील कुमार द्विवेदी, नाबालिक गिरि सहित पत्रकारों और क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन की टीम को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है। लोगों ने उम्मीद जताई कि इसी संवेदनशीलता और समन्वय के साथ क्षति आकलन, मुआवजा वितरण और पुनर्वास के कार्य भी पूरे किए जाएंगे।



राहत कार्य में जुटे अधिकारी।

आरएलएम को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, कई लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

मोतिहारी, (एसएनबी)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रदेश अध्यक्ष सह दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह के मोतिहारी आगमन पर शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने फूल-माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ड़ दीपक कुमार ने किया, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संत सिंह कुशवाहा ने की।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि आरएलएम को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को तेज किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को उचित मान-सम्मान और अधिकार दिलाने की दिशा में पहल होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड बीस सूत्री से लेकर राज्य बीस सूत्री तक कार्यकर्ताओं को समायोजित किया जाएगा। उन्होंने एनडीए को मजबूत करने पर भी जोर दिया।चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ड़ दीपक कुमार ने कहा कि चंपारण में पार्टी सक्रियता के साथ आगे बढ़ रही है, जो संगठन के लिए सकारात्मक संकेत है।स्वागत समारोह के दौरान पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के विचारों में विश्वास जताते हुए विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आरएलएम की सदस्यता ग्रहण की। इनमें जानब महबूब खान, शेख अब्दुल मोनाफ, रहमतुल्लाह खान, नंदकिशोर सिंह एवं सरफराज आलम प्रमुख रहे।कार्यक्रम का संचालन मुजीबूर रहमान ने किया। मौके पर प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता कुमार पाटलिपुत्र सिंह 'सुशील', अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जुल्फिकार आफताब, ई रमेश पासवान, प्रो सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मधुरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मधु सिंह, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ड़ शैलेश कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, राजनारायण प्रसाद कुशवाहा, व्यवसाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, धनंजय कुमार चंदेल, अधिवक्ता सह प्रवक्ता विजय कुमार सिंह, चिंताहरण सिंह, उमेश सिंह, राजेश सिंह, ड़ शंभु कुशवाहा, रुपलाल कुशवाहा, प्रेमचंद्र सिंह, मंजीत यादव, भिखारी सिंह एवं शंकर कुशवाहा सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

संक्षिप्त खबरें

एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने दिखाया दम वॉलीबाल में विजेता टीमों का निर्धारण

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न खेल मैदानों पर खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स, वलीबल और बैडमिंटन सहित विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।जिला खेल पदाधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, संबंधित खेल संघों, निर्णायकों एवं तकनीकी पदाधिकारियों के समन्वय से प्रतियोगिताओं का संचालन निर्धारित नियमों के अनुसार किया गया। एथलेटिक्स में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी रू100 मीटर बालक वर्ग में अमित कुमार प्रथम, अतुल कुमार द्वितीय और सेवेल राजा तृतीय रहे। 200 मीटर में मनीष कुमार प्रथम, रोहित कुमार द्वितीय और करण कुमार तृतीय रहे। 400 मीटर में अतुल कुमार, तनिश कुमार और दानिश हाशमी क्रमशरू प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में पवन कुमार, लक्ष्मी राम और अमन कुमार ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में अतुल कुमार प्रथम, शेख इरफान द्वितीय और राहुल कुमार तृतीय तथा 3000 मीटर में अतुल कुमार प्रथम, आलोक कुमार द्वितीय और रोशन कुमार तृतीय रहे। गोला प्रक्षेपण में राजीव कुमार प्रथम, इकरामुल हक द्वितीय और तौसीफ राजा तृतीय रहे। चक्र प्रक्षेपण में राजीव कुमार, अस्मित कुमार और इकरामुल हक क्रमशरू प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे।भाला प्रक्षेपण में करण कुमार प्रथम, तौफीक राजा द्वितीय और मयंक कुमार तृतीय रहे। लंबी कूद में छोटू कुमार प्रथम, नीरज कुमार द्वितीय और इस्लाम आलम तृतीय तथा ऊंची कूद में नीरज कुमार प्रथम, निशांत राज द्वितीय और अभिषेक कुमार तृतीय रहे। 4ग्100 मीटर रिले में केसरिया स्कूल प्रथम, हाई स्कूल तेनुआ द्वितीय और हरपुर आदमपुर तृतीय रहा।वलीबल में विजेता तय रू अंडर-14 बालक वर्ग में विद्यापीठ पब्लिक स्कूल, पदम खेर विजेता और कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल, मोतिहारी उपविजेता रहा। अंडर-17 में जीवन इंटरनेशनल स्कूल, मोतिहारी विजेता तथा राइजिंग स्टार स्कूल, मोतिहारी उपविजेता रहा। अंडर-19 में रोशनी पब्लिक स्कूल, तुरकौलिया विजेता और जीवन इंटरनेशनल स्कूल, मोतिहारी उपविजेता रहा।बालिका अंडर-14 वर्ग में राइजिंग स्टार स्कूल, मोतिहारी विजेता रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, मोतिहारी को वकओवर मिलने के बाद फाइनल में प्रवेश मिला।वलीबल प्रतियोगिता के संचालन में जिला सचिव सह संयोजक सचिन कुमार के अलावा विजय शंकर राय, पिंकू सिंह, विकास कुमार एवं अनमोल ने तकनीकी पदाधिकारी के रूप में योगदान दिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में नितेश कुमार एवं अनिवेश कुमार ने तकनीकी भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राजीव कुमार, सुनील श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्रा 'बाबा', भानु प्रकाश, अमित कश्यप, रवि कुमार सिंह, अंशु यादव, परवेज आलम, संजय प्रसाद, मनोज कुमार प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, सर्वोत्तम रंजन, अमित प्रकाश, पवन कुमार सरन, मनीष रंजन, ऋषिराज, रवि राज एवं रितेश कुमार सहित तकनीकी टीम के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

गांधी जयंती के अवसर पर मुखिया व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया माल्यार्पण

संग्रामपुर(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बरियरिया टोला राजपुर पंचायत अंतर्गत गांधी ग्राम जलहा में अवस्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा के पास खूब साफ सफाई हुई और गांधी जी को नहला धुलाकर माल्यार्पण भी किया गया। सबसे पहले पंचायत में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के द्वारा आसपास की जगह की सफाई की गई उसके बाद पंचायत की मुखिया अर्चना कुमारी के द्वारा माल्यार्पण कर गांधी जी को याद किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने भी गांधीग्राम जलहां पहुंचकर महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उपस्थित लोगों के बीच गांधी जी के संदेशों को प्रस्तुत किया। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या गांधी जयंती के अवसर पर ही गांधी की याद किए जाएंगे और उनके आसपास की जगह की सफाई की जाएगी। स्थानीय लोगों की माने तो यहां प्रतिमा के चारों तरफ सालों भर कचरा फैला रहता है। गांधी जी के पास जाने वाली सड़क हल्की बारिश में भी तालाब में परिवर्तित हो जाती है। आने जाने वाले वाहन चालक उसमें गिरकर जख्मी भी हो जाते हैं। अधिकारियों की गाड़ी भी उस रास्ते से आती जाती है लेकिन किसी ने इस पर विशेष रूप से ध्यान नहीं दिया है। निल्हों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने वाले महात्मा गांधी आज खुद उपेक्षा के शिकार हो गए हैं। प्रतिमा के चारों तरफ सालों भर कचरा फैला रहता है तो स्थानीय लोगों के द्वारा सड़कों पर नाली का गंदा पानी बहाया जाता है। बात उस समय की है जब अंग्रेज किसानों पर अत्याचार करती थी उन्हें नील की खेती करने पर मजबूर किया जाता था। नील का व्यापार मंद होने लगा ओर किसानों पर जमीन की लगान में भारी वृद्धि कर दी गई। निल्हों का अत्याचार और लगान वृद्धि ने किसानों को झकझोर दिया और किसानों की कमर टूट गई।सिकंदरपुर में उस समय अंग्रेजों की कोठी हुआ करती थी जिसका मैनेजर जेबी जेम्सन बड़ा ही क्रूर था। वह किसानों को बड़ी बेरहमी से पीटा करता था उनपर तरह तरह के अत्याचार करता था। जेम्सन किसानों से प्रति बीघा जमीन पर सत्तर रुपए मालगुजारी वसूल करता था और जो किसान मालगुजारी नहीं दे पाते थे तो उन किसानों को वहीं एक जोकहां तालाब भी था जिसमें जोंक पाला जाता था उसी तालाब में किसानों को खड़ा कर दिया जाता था ताकि जोंक उनके शरीर का खून पी सके। उसी समय चंपारण में महात्मा गांधी के आगमन की सूचना पर उसी गांव के किसान शिवधारी सिंह व रामधारी सिंह ने मिलकर अपने क्षेत्र के किसानों पर हो रहे अत्याचार की व्यथा सुनाई और गांधी जी को जलहां आने के लिए अनुरोध किया। किसने की पीड़ा सुनकर महात्मा गांधी 14 अगस्त 1917 को जलहा गांव पहुंचे और किसानों की दुर्दशा देख लंबे संघर्ष के बाद उन्हें अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्ति दिलाई। लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि जिस गांव के लोगों को महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की अत्याचार से मुक्त कराया आज उसी गांव में उनकी प्रतिमा के चारों ओर गी फैली रहती है नाली का पानी बहता रहता है। सड़कों पर कीचड़ जमा रहता है। तो क्या केवल गांधी जयंती पर ही सफाई की जाएगी या हमेशा के लिए वहां पर सफाई होनी चाहिए।

गांधी जयंती पर शिवमंदिर प्रांगण में नुक्कड़ नाटक

सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, विधायक प्रमोद कुमार भी रहे मौजूद

पीपराकोठी(एनएसबी)। शिवमंदिर प्रांगण में गांधी जयंती पर शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक हुआ। राज्य सरकार के इस आयोजन में कलाकारों ने सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी, जिससे लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि गांधीजी का जीवन सेवा, स्वच्छता और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान को समर्पित था। उनका सपना था कि विकास का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। केंद्र सरकार की योजनाएं इसी उद्देश्य को बढ़ा रही हैं। विधायक ने लोगों से गांधीजी के विचारों को अपनाने और स्वच्छता, सेवा व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम के बाद उन्होंने महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान में गांधीजी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपेंद्र चौधरी, गौरीशंकर साह, रविंद्र सहनी, उमाशंकर शर्मा, गुंजन प्रकाश, राजू सिंह पटेल, संजय गिरी, बिंदा पंडित, रंजन गुप्ता, राजेश साह समेत कई जीविका दीदियां मौजूद थीं।

गांधी जयंती पर लायंस क्लब ने दो दर्जन पेड़ लगाए

चकिया(एनएसबी)। गाँधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को लायंस क्लब अफ चकिया के द्वारा अनुमंडल परिसर स्थित रिपब्लिक पार्क में मेगा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। वृक्षा रोपण की शुरुआत डीएसपी संतोष कुमार ने उक्त पार्क में पेड़ लगाकर किया। लायंस क्लब के सदस्यों ने पार्क परिसर में करीब दो दर्जन पेड़ लगाए। जिसमें फलदार एवं छायादार वृक्ष शामिल थे। लायंस के सत्यम वत्स ने कहा सांसे हो रही कम,आओ वृक्ष लगाए हम। मौके पर विशाल,प्रभाकर कुमार,आसिफ हुसैन,कुंवर संदीप, मनोज बजाज सहित अन्य मौजूद थे।



पेड़ लगाते लोग।

संक्षिप्त खबरें

सुरसर नदी में स्नान के दौरान 12 वर्षीय किशोर डूबा, तलाश जारी



सोनवषार्राज (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। काशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया पंचायत के वार्ड 05 फतेहपुर गांव में शुक्रवार को सुरसर नदी में स्नान करने के दौरान 12 वर्षीय किशोर के डूबने से मौत गया। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। डूबे किशोर की पहचान फतेहपुर निवासी जयप्रकाश मुखिया के 12 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार मुखिया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों एवं काशनगर पुलिस एसडीआरएफ के टीम के साथ नदी में उसकी तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक किशोर का शव बरामद नहीं हो सका था और उसकी तलाश जारी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान और संगोष्ठी का आयोजन



सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। एम.एल.टी.कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वच्छता अभियान और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो डॉ सुधीर कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.वीणा कुमारी और संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.दीप्ति कुमारी के नेतृत्व में बापू के प्रिय भजन ह्यरघुपति राघव राजा रामह्व के सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य प्रो डॉ सुधीर कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री हमारे देश के अनमोल रत्न हैं। उनके विचार और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं। स्वच्छता केवल एक गतिविधि नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली है। मैं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं का आह्वान करता हूँ कि वे इन महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और ह्यस्वच्छ भारत, विकसित भारतह्व के सपने को साकार करने में योगदान दें। कार्यक्रम को एन एस एस पदाधिकारी डॉ बलवीर कुमार, डॉ सुमन कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ कौशल किशोर झा के नेतृत्व में परिसर में पौधरोपण भी किया गया, जो श्एक पेड़ माँ के नामश अभियान का एक हिस्सा था। कार्यक्रम में डॉ.मयंक भार्गव, डॉ.राकेश कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, रामवचन सिंह, प्रकाश, संजीव झा, अशोक राम, मनमोहन और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

गांधी जी के बताये गए मार्ग चलकर ही समाज को बेहतर बनाया जा सकताः रीतेश कुमार



सहरसा सदर (दैनिक नवसंदेश)। मध्य विद्यालय भरौली अंचल कहरा सहरसा में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रीतेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताए कि आज गांधी जयंती के दिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के बताये गए मार्ग जैसे स्वच्छता, अहिंसा, सत्य पर चलकर ही समाज को बेहतर बनाया जा सकता अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, भाषण, नाटक आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय के शिक्षक गजेंद्र शर्मा, ममता भारती, इंदु कुमारी, मीरा कुमारी, मुन्ना कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, तनवीर आलम, शौकत अली, राकेश राणा, शंभू प्रसाद यादव, गोविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर नशा मुक्ति का लिया संकल्प, गांधी जयंती पर नशा मुक्ति को लेकर हुई चर्चा, लोगों ने लिया संकल्प



पतरघट (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। पंचायत सरकार भवन जम्हरा में गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जम्हरा पंचायत के मुखिया धीरेन्द्र महतो ने की। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नशा मुक्ति को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने नशे के दुष्प्रभावों पर विचार रखते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। मुखिया धीरेन्द्र महतो ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों को अपनाने के साथ-साथ समाज को नशे जैसी बुराइयों से मुक्त करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

सहरसा के मंगवार व सत्तर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

डीडीसी व निदेशक, पंचायती राज ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा



सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास, आजीविका संवर्धन और सहभागी नियोजन को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलें के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इन ग्राम सभाओं में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया।

प्रखंड सोनबरसा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगवार में आयोजित विशेष ग्राम सभा में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के माननीय मुखिया द्वारा की गई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की मंशा हर गाँव को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की है। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। वहीं दूसरी ओर, सत्तर कटैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सत्तर में आयोजित विशेष ग्राम सभा में निदेशक, पंचायती राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और स्थानीय स्वशासन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माणरू ग्राम सभाओं में वित्तीय वर्ष के लिए सहभागी नियोजन पर विशेष चर्चा हुई। ग्रामीणों से सीधे फीडबैक लेकर गाँव की वास्तविक आवश्यकताओं (जैसे- नली-गली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता) की पहचान की गई और प्राथमिकताओं के आधार पर विकास योजनाओं का खाका तैयार किया गया। विकसित ग्राम पंचायत योजना गाँव के उपलब्ध संसाधनों और स्थानीय कौशल का सही आकलन कर एक समावेशी और सतत विकास मॉडल तैयार करने पर विमर्श हुआ, जिससे पंचायत को एक आदर्श विकसित पंचायत के रूप में स्थापित किया जा सके। रोजगार एवं आजीविका गारंटी ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ने के लिए मिशन के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष ग्राम सभा के दौरान विकसित भारतह्यरोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर ह्यरिफॉर्म उत्सवह्व का आयोजन किया गया। अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को मिशन के दूरगामी उद्देश्यों, प्रमुख कानूनी व प्रशासनिक प्रावधानों, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार सृजन तथा आजीविका संवर्धन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इन विशेष ग्राम सभाओं में संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी विभिन्न तकनीकी विभागों के पदाधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जीविका दीदियाँ और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से अपनी पंचायतों को पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बनाएंगे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सत्य-अहिंसा और राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प



बनमा ईटहरी (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के कासिमपुर वार्ड 01 स्थित युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन कार्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन युवा क्रांति सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संरक्षक एवं राष्ट्रीय संयोजक बिमलेश कुमार भगत के नेतृत्व में किया गया। मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खगेश जी ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव का संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। वहीं बिमलेश कुमार भगत ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, त्याग, ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देशवासियों में स्वतंत्रता और स्वाभिमान की भावना जगाई, जबकि शास्त्री जी ने सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से देश का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का दिन भी है। युवाओं को गांधी जी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री जी के ह्यजय जवान, जय किसानह्व के संदेश से प्रेरणा लेकर समाजहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर गगन भगत, प्रवीण कुमार भगत, शंभू तांती, राजू तांती, आलोक भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और समाजहित में कार्य करने तथा महापुरुषों के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

जेपीएस स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र कौशिक आर्या नें कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। जयप्रताप सिंह पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र व राजद महानगर अध्यक्ष इंजीनियर कौशल यादव एवं गृहणी समाजसेविका रूबी यादव के पुत्र कौशिक आर्या ने खेल भवन में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 17 कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। श्री यादव ने बताया कि कराटे प्रशिक्षिका रश्मि सोनी के द्वारा कठिन प्रशिक्षण के उपरांत यह गोल्ड मेडल हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया है। जो खिलाड़ी अच्छा खेलेगा वह अवश्य आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। वही माता रूबी यादव ने कहा कि मेरे पुत्र के द्वारा गोल्ड मेडल हासिल किया जाना बहुत ही हर्ष का विषय है। कौशिक आर्या बचपन से ही मेधावी एवं खेलकूद के प्रति आकर्षित रहा है। बहुत मेहनत कर इस मुकाम को हासिल किया है। मैं उनके प्रशिक्षक रश्मि सोनी को हार्दिक बधाई और धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करता हूं। वही प्रशिक्षिका रश्मि सोनी ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए लड़के एवं लड़कियों को खेलकूद एवं सेल्फ डिफेंस के लिए सीखना अति आवश्यक है। खेलकूद की गतिविधियों के माध्यम से ही बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन में अनुशासन के साथ साथ आत्मविश्वास की भी प्राप्ति होती है। इस मौके पर खेल के आयोजक एवं निर्णायक टीम ने भविष्य में बेहतर खेल हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ खेल विधा में भाग लेने वाले अभिभावकों को अपने बच्चों को निरंतर प्रेरित करने की अपील की।

राष्ट्र निर्माण के हर मोर्चे पर सबसे आगे खड़े रहते हैं एनसीसी कैडेट्स : मेजर गौतम



सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा के एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रधानाचार्य डॉ. पूनम कुमारी एवं एनसीसी पदाधिकारी मेजर डॉ. गौतम कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने महात्मा गांधी के ष्स्वच्छ भारतष के सपने को साकार करने के उद्देश्य से कॉलेज और उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ पुनम यादव ने कहा कि आज हमारे महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट्स ने इस स्वच्छता अभियान में जिस उत्साह के साथ भाग लिया है।वह बेहद सराहनीय है। लेकिन हमें यह याद रखना होगा कि स्वच्छता कोई एक दिन का कार्यक्रम या औपचारिकता नहीं है। यह एक जीवनशैली है, एक संस्कार है, जिसे हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करना होगा,एनसीसी पदाधिकारी मेजर (डॉक्टर) गौतम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरा देश श्स्वच्छता ही सेवाश अभियान से जुड़ा हुआ है। एक एनसीसी अधिकारी होने के नाते, मुझे अपने कैडेट्स पर गर्व है जो केवल परेड ग्राउंड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के हर मोर्चे पर सबसे आगे खड़े रहते हैं।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती समारोह

सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)।। जिला कॉंग्रेस कार्यालया में राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी की 157 वीं और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122 वीं जयंती समारोह जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में मनाई गई और कार्यक्रम में जिला कॉंग्रेस प्रभारी संजीव यादव भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम कॉंग्रेसजनों ने दोनों महान सपूतों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि और नमन किया स जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने इस अवसर पर कहा कि- महात्मा गांधी जी हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के लडाई में सक्रिय भूमिका निभाई स गाँधी जी ने अहिंसक प्रतिरोध के तरीके से 1947 में भारतीय स्वतंत्रता जीतने में सफल हुए स गांधी जी का मूल मंत्र शोषण विहीन समाज की स्थापना करना था और इन्होने सत्य और अहिंसा से दुनियां की सोच बदल दिया। वहीं लाल भारत बहादुर शास्त्री भारत माँ के एक ऐसे सच्चे सपूत थे जिनका जीवन सादगी, ईमानदारी और देश भक्ति की अनूठी मिशाल थी स उन्होंने श्श जय जवान-जय किसान का नारा देकर पूरे देश में एक नई चेतना और स्वाभिमान का संचार किया स कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि मोहम्मद नईम उद्दीन ,वरीय उपाध्यक्ष-कुमार हीरा प्रभाकर, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, कुमोद कुमार सिंह, शोभा कांत झा ,भरत झा,प्रखंड अध्यक्ष-पंकज कुमार सिंह, जवाहर झा ,मति सलमा खातून, खाजा, अमित कुमार झा,विकास चंद्र, शशि सिन्हा, बैधनाथ झा,मोहम्मद आरिफ, किशोर साह, मंगल झा,उदय महतो, छोटू प्रसाद साह, सुमन कुमार राम, सोनू कुमार, आसिफ आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के सच्चे पुजारी थे : डॉ. अनन्त कुमार सिंह



सहरसा शहर (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती सह स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आर्य सिन्धु के निर्देशन में चले इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रधानाचार्य डॉ अनन्त कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म आज ही के दिन पोरबंदर गुजरात में हुआ था। वे सत्य और अहिंसा के सच्चे पुजारी थे। आज ही के दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्म हुआ था। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आर्य सिन्धु ने कहा कि गांधी जी न केवल सत्य और अहिंसा के पुजारी थे बल्कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, डांडी मार्च और भारत छोड़ो जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों के माध्यम से पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया। डॉ.कपिलदेव कुमार पासवान, डॉ निरपेंद्र कुमार सिन्हा, डॉ.राजेन्द्र कुमार प्रधान, डॉ प्रमोद कुमार सिंह तथा मनीष कुमार सिंह ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तश्वीर पर माल्यार्पण से किया गया। चांदनी कुमारी, सुमन कुमारी, नवज्योति कुमारी तथा भारती कुमारी ने देशभक्ति गीत गाया। गणेश कुमार, गुलशन कुमार, आनंद कुमार, सुनैना कुमारी, मधु कुमारी, छोटी कुमारी, निक्की कुमारी आदि छात्रों ने भी गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उदय कुमार, सत्यम कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, पुरूषोत्तम, अभिनंदन, गंगा रजक, बबन सिंह, रोहित कुमार सिंह, बिशाखा कुमारी,लकी सिंह, मुस्कान, प्रवीण, मधु कुमारी, अस्मिता कुमारी, निक्की कुमारी, नवइंदु कुमार, शुभम कुमार, गुंजन कुमारी अनुपम कुमारी, आशुतोष यादव, लक्क, प्रेरणा, प्रज्ञा आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

नशा मुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान

खगड़िया। राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 'नशा मुक्त युवा एवं विकसित भारत 100 संडे अभियान' के अंतर्गत राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कलेज, खगड़िया में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान एवं 'स्टेप अप एडिक्शन फ्री' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस, सकारात्मक जीवनशैली एवं नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनमें सामाजिक सहभागिता और स्वस्थ समाज के निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ड़ इंद्रजीत , राष्ट्रीय सेवा योजना,कार्यक्रम पदाधिकारी ड प्रदीप कुमार, प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस वालंटियर ने नुक्कड़ नाटक ,पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्वास्थ्य वाक् तथा सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण तथा स्वयं स्वस्थ रहने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के संदेश के साथ हुआ।

याद किये गये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

खगड़िया। जिले के मध्य विद्यालय अलौली में गांधी जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में अलौली प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया कुमार समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं भी षामिल हुये। प्रखंड



कार्यक्रम में बीईओ व अन्य।

शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा गांधी जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए अपने ओधन में अहिंसा की बात बताएं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आषुतोश कुमार ने भी गांधी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बेलदौर थाना में 'चाइल्ड हेल्प डेस्क' का शुभारंभ

बेलदौर। आदर्श थाना बेलदौर में 'चाइल्ड हेल्प डेस्क' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील पुलिसिंग को बढ़ावा देना और बच्चों से जुड़े मामलों की त्वरित व सुगम सुनवाई सुनिश्चित करना है। थाने में आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के मन से पुलिस का डर समाप्त करने और उन्हें सहज वातावरण प्रदान करने के लिए इस हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यहां बच्चे बिना किसी झिझक के अपनी बात रख सकें, इसके लिए योग्य महिला पुलिस कर्मियों और बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। डेस्क के संचालन के लिए एक पुलिस पदाधिकारी और एक सिपाही की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्तचाइल्ड हेल्प डेस्क पर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। इस संबंध में अंचल निरीक्षक एसआई अभिषेक कुमार ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनसे जुड़े मामलों के संवेदनशील निपटारे के लिए की गई है। इस अवसर पर महिला सिपाही प्रीति कुमारी, पुष्पा कुमारी, अंशु कुमारी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर चलाया गया सफाई अभियान

बेलदौर। प्रखंड की बोबिल पंचायत स्थित हनुमान नगर रोड में संचालित 'ज्ञान भारती विद्या निकेतन भोराहा वासा' द्वारा शुक्रवार को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गाँव की सड़कों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर एक जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने ग्रामीणों को खुले में कचरा न फैलाने तथा कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित किया। वही विद्यालय के निदेशक ऋषभ कुमार ने कहा स्वच्छ और सुंदर समाज का निर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

वीर लोरिक विश्वविद्यालय एवं खुदीराम बोस मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास

खगड़िया (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बेगूसराय के बगरस, में 65 एकड़ भूखंड पर अमर शहीद खुदीराम बोस मेडिकल कलेज एवं वीर लोरिक विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर दो दिवसीय महर्षि मेंहीं महाराज के संतमत सत्संग का भी आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति में ड़ विवेकानंद एवं ड़ रीणा रूबी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खगड़िया, बेगूसराय और समस्तीपुर के सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों, सत्संग साधकों एवं सत्संग प्रेमियों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता रही। मीडिया प्रभारी अमरीष कुमार ने कहा कि 65 एकड़ के इस विस्तृत भूखंड पर भविष्य में देशभर में मान्य



भूमि पूजन करते डा0 विवेकानंद।

विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिक्षा, चिकित्सा और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी और दूरगामी परियोजना को जनसहयोग से और अधिक मजबूती मिल सकती है, इसलिए आम लोगों से भी सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तेजी से सड़क और रेल कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है, उसका लाभ इस परियोजना को भी मिलेगा। बगरस का यह क्षेत्र खगड़िया से सटा हुआ है और बेहतर आवागमन की सुविधा के कारण बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा और सहरसा के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए भी यह संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य का उपयोगी केंद्र बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि यहां मरीजों के लिए शीघ्र ओपीडी सुविधा शुरू करने की दिशा में पहल की जा रही है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अस्पताल से जुड़ी अन्य चिकित्सा सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे आसपास के लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। डा़विवेकानंद ने कहा कि किसी भी बड़े संस्थान का निर्माण केवल भवन खड़ा करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक विकास को आम लोगों तक पहुंचाना होना चाहिए। इस ष्टि से यह परियोजना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भूमि पूजन के साथ आयोजित दो दिवसीय संतमत सत्संग में बड़ी संख्या में सत्संग साधक और सत्संग प्रेमी शामिल हुए। महर्षि मेंहीं महाराज के विचारों को स्वामी दिव्यानंद महाराज प्रमोद बाबा और शिवानंद ने संतमत परंपरा से जुड़े प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन, सदाचार, संयम और बेहतर जीवन जीने की कला का संदेश दिया। दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर हजारों लोगों के लिए हर शाम महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। आयोजन को सफल बनाने में व्यवस्थापक के रूप में ई धर्मेंद्र ने कई दिनों तक मौके पर रहकर व्यवस्थाओं की देखरेख की और विभिन्न स्तरों पर समन्वय करते हुए कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नशा सेवन कर रहे चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पसराहा रेलवे स्टेशन के पास देर शाम सार्वजनिक स्थान पर नशा कर रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, पसराहा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजीव रंजन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पसराहा स्टेशन के आसपास देर शाम कुछ लोगों का जमावड़ा लगता है और वहां



-गिरफ्तार लोग।

सार्वजनिक स्थान पर नशे का सेवन किया जाता है। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए स्टेशन के समीप छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से चार लोगों को नशा करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान महदीपुर निवासी शंकर कुमार, पिता शिव मंडलय रुपेश कुमार, पिता राजेंद्र मंडलय सुजीत कुमार, पिता रामदेव सिंह तथा सूरज कुमार, पिता रविन्द्र मंडल के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि सार्वजनिक स्थल पर नशा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी से पूछताछ कर और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि नशा करने तथा आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मूलभूत सुविधाओं और ट्रेनों के ठहराव को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल

पसराहा (एनएसबी)। कटिहार-बरौनी रेलखंड के अति महत्वपूण पसराहा रेलवे स्टेशन पर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के आह्वान पर गांधी जयंती और अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना एवं भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की बुनियादी समस्याओं का समाधान करना और पसराहा स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करना था। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रणवीर यादव ने कहा कि विभाग को पहले ही चेतावनी दी गई थी कि यदि अहिंसा दिवस से पहले समस्याओं का निपटारा नहीं हुआ, तो क्षेत्र के रेल उपभोक्ता शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठेंगे। उन्होंने रोष व्यक्त किया कि प्रतिदिन हजारों रुपये का राजस्व देने वाले इस स्टेशन पर आज भी यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। वर्तमान में प्लेटफर्म काफी नीचे बना हुआ है, जिसके कारण बच्चों, बुजुर्गो और गर्भवती महिलाओं को ट्रेनों में चढ़ने-उतरने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा स्टेशन परिसर में समुचित प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, और स्टेशन को राष्ट्रीय राजमार्ग तथा बाहरी सड़क मार्ग से जोड़ने वाले संपर्क मार्गो का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में प्लेटफर्म का ऊंचा होना, स्टेशन का सौंदर्यीकरण, और लंबी दूरी की महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शामिल है। इन ट्रेनों में प्रमुख रूप से कर्मभूमि एक्सप्रेस, कैपिटल एक्सप्रेस, टाटा लिंक एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस और कटिहार-भागलपुर स्पेशल ट्रेन का ठहराव पसराहा में सुनिश्चित करने की मांग की गई है। साथ ही, महेशखूंट-जमालपुर ट्रेन का विस्तार पसराहा तक करने और यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर टिकट आरक्षण काउंटर की शीघ्र व्यवस्था करने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणवीर यादव, अमित कुमार उर्फ मंटू, रणधीर कुमार रंगकर्मी, अखिलेश कुमार, दिलीप कुमार, निरंजन कुमार, सुमित संगम, राम विलाश शर्मा, जितेन्द्र कुमार, महेन्द्र मंडल, संजय कुमार, संजीव कुमार, अनीता देवी, प्रदीप ठाकुर, पंकज कुमार, बलराम ष्ण, जोगी सिंह, सच्चिदानंद सिंह, सुभाष चंद्र जोशी, सच्चिदानंद यादव और संजय सरफरोश सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपभोक्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन और रेलवे विभाग से जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की अपील की।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विक्रम वीरकर,उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि' दी गई। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के जीवन, विचारों तथा राष्ट्र



कार्यक्रम में डीएम।

निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के 'सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सी एवं सत्याग्रह' के सिद्धांतों तथा देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के 'सी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा' के आदर्शो को याद किया गया। उनके प्रसिद्ध संदेश 'जय जवान, जय किसान' के माध्यम से देश की सुरक्षा एवं षि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने 'सत्य, अहिंसा, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के मूल्यों को अपने आचरण में अपनाने का संकल्प लिया।' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं नैतिक मार्ग पर चलने तथा लाल बहादुर शास्त्री के सी एवं कर्तव्यपरायणता के आदर्शो को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शो को वर्तमान प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अपनाते हुए 'जनहित, पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने' का संकल्प दोहराया।

सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित

बेलदौर (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थानों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। जयंती के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में सांस्तिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्राओं ने बापू के प्रिय भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया, जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर के प्रधानाध्यापक माधव कुमार ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता के सिद्धांतों और लाल बहादुर शास्त्री की सी, ईमानदारी,



पुष्प अर्पित करते प्रधानाध्यापक।

कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति के आदर्शो पर विस्तार से प्रकाश डाला।इसी क्रम में मध्य विद्यालय भैंसाडीह के बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, एकलव्य इंटर पब्लिक स्कूल के निदेशक संजीत कुमार 'बंटी' की देखरेख में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस अवसर पर मध्य विद्यालय भैसा डीह के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक प्रेमचंद सिंह, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, मोहम्मद नौशाद अख्तर, राखी कुमारी, कुमारी रीता रानी, अनीता देवी, नूतन कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

बापू ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर देश को स्वतंत्रता के मार्ग पर आगे बढ़ाया : मनोहर

खगड़िया (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 157 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। षहर के बापू नगर बलुआही के गाँधी पार्क में महेष्वर प्रसाद सिंह ,गाँधी पार्क के सचिव सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव,सदस्य ई नंदन यादव,आमिर खान,ऋतुराज सिंह उर्फ शम्मी, राजद नेता रौशन कुमार, बापू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यपक चन्द्रमणि मिश्र ने गाँधी जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यर्पण उन्हें श्रद्धांजलि दिया। माल्यर्पण के बाद बापू मध्य विद्यालय के बच्चों और उपस्थित लोगों के द्वारा गाँधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम' गाया और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव और स्वच्छता के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर देश को स्वतंत्रता के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के



पुष्प अर्पित करते मनोहर यादव।

सम्मान, अधिकार और कल्याण को राष्ट्र निर्माण का केंद्र माना। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज आवश्यकता है कि हम गांधी जी के विचारों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखें, बल्कि सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारा, गरीबों एवं वंचितों की सेवा तथा लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करें।भारत में उस समय सफाई के काम को एक विशेष वर्ग से जोड़कर देखा जाता था। गांधीजी ने इस सामाजिक बुराई और छुआछूत की भावना को मिटाने के लिए खुद सफाई का बीड़ा उठाया और संदेश दिया कि कोई भी काम छोटा या गंदा नहीं होता।उनके अनुसार स्वच्छता केवल सरकार या किसी एक सफाईकर्मी का काम नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है कि वह गी न फैलाए और परिवेश को स्वच्छ रखे। बापू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक चन्द्रमणि मिश्र ने कहा कि गाँधी जी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति हमेशा लोगों को जागरूक करते थे कि अगर आपका गाँव, घर और आपसपस स्वच्छ रहेगा तब आपलोग स्वस्थ रहेंगे इसलिए हमेशा अपने गाँव,मुहल्ले और आसपास स्वच्छ रखें। गांधीजी के स्वच्छता के ष्टिकोण में केवल बाहरी साफ-सफाई ही शामिल नहीं थी, बल्कि विचारों की पवित्रता, आंतरिक अनुशासन और मानसिक स्वच्छता भी उतनी ही जरूरी थी।

संक्षिप्त खबरें

विजेता और उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित

गोगरी (एनएसबी)। मुंगेर विष्व विद्यालय के अर्न्तगत आनेवाले महाविद्यालयों के छात्रों के बीच केडीएस कलेज गोगरी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहला मैच कोशी कलेज खगड़िया और एसक़ेआर. कलेज, बरबीघा के बीच खेला गया, जिसमें एसकेआर कलेज बरबीघा को 17 अंक प्राप्त हुआ जबकि कोशी कलेज खगड़िया ने कुल 41 अंक प्राप्त कर जीत हासिल की। दूसरा मैच में केडीएस कलेज गोगरी और केएमडी कलेज परबत्ता के बीच खेला गया जिसमें केडीएस कलेज गोगरी ने 20 अंक प्राप्त किया जबकि केएमडी कलेज परबत्ता ने 33 अंक प्राप्त कर जीत दर्ज किया। पहला सेमीफाइनल मैच आर डी कलेज शेखपुरा और कोशी कलेज खगड़िया के बीच खेला गया, जिसमें आर डी कलेज शेखपुरा ने 15 अंक हासिल किया जबकि कोशी कलेज, खगड़िया ने 32 अंक हासिल कर जीत दर्ज किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में जेआरएस कलेज जमालपुर और केएमडी कलेज परबत्ता के बीच मैच हुआ जिसमें जेआरएस कलेज जमालपुर को 26 अंक प्राप्त हुआ जबकि केएमडी कलेज परबत्ता ने 44 अंक हासिल कर जीत दर्ज की। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोशी कलेज खगड़िया और केएमडी कलेज परबत्ता के बीच खेला गया जिसमें कोशी कलेज खगड़िया को कुल 47 अंक प्राप्त हुए जबकि केएमडी कलेज परबत्ता को कुल 22 अंक ही प्राप्त हुए। इस कबड्डी प्रतियोगिता का विजेता टीम कोशी कलेज खगड़िया बनी जबकि उपविजेता टीम केएमडी कलेज परबत्ता बनी। हजारों दर्शकों की भीड़ में कोशी कलेज खगड़िया की टीम को प्राचार्य ड़ रोशन रवि ने आयोजन समिति के सभी सदस्य के साथ विजेता की ट्रफी प्रदान किया जबकि उपविजेता टीम केएमडी कलेज परबत्ता को भी प्राचार्य ड़ रोशन रवि ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों के साथ उपविजेता की ट्रफी प्रदान की। इस प्रतियोगिता में माधव कुमार को मैन अफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रानो कुमार को बेस्ट रेडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि दीपक कुमार को बेस्ट डिफेंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीम के खिलाड़ियों को मेडल तथा कोच, रेफरी एवं खेल से जुड़े हुए अन्य सदस्यों को प्राचार्य के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ड़ रोशन रवि ने आयोजन समिति के आयोजन सचिव विनोद गौतम, क्रीड़ा सचिव डक्टर वर्षा किरण, ड. करुणेश केशव, वैभव निकेत शांडिल्य, ड अनिल ठाकुर, ड़ वजीहा फातिमा, ड़ स्मृति कुमारी, ड किरण कुमारी, ड अजीत कुमार गौतम, ड गंगा प्रसाद ठाकुर, शिक्षकेत्तर कर्मचारी इंद्रदेव मंडल, पंकज कुमार, अमित कुमार, बबलू कुमार, पवन कुमार यादवेश आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग देने के लिए और आयोजन को व्यवस्थित, अनुशासित और याार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में मौजूद बेहद लगनशील देववत कुमार के निर्देशन में खेल से जुड़े हुए सभी स्टाफ व महाविद्यालय के छात्र संजीत कुमार, अंकुश कुमार, सुमन कुमार, उगन कुमार इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य ने प्रतियोगिता को रोमांचक और याार बनाने वाले खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आए उन हजारों दर्शकों को भी धन्यवाद दिया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर अधिकारियों व कर्मियों ने किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

चौथम (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुधवार को चौथम प्रखंड कार्यालय एवं प्रखंड परिसर में एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रखंड स्वच्छता टीम, स्वच्छता कर्मी सत्यम कुमार एवं अमरदीप, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, प्रखंड कर्मियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर प्रखंड कार्यालय एवं आसपास के परिसर की साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। श्रमदान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने परिसर में फैले कचरे की सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को केवल किसी विशेष अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता कर्मियों और प्रखंड कर्मियों की सक्रिय सहभागिता ने यह संदेश दिया कि यदि समाज के सभी वर्ग मिलकर अपने आसपास के वातावरण की साफ-सफाई के प्रति सजग रहें, तो स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक दिन, एक घंटा, एक साथ जैसे सामूहिक प्रयास लोगों में जनभागीदारी की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वच्छता अभियान के माध्यम से आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मियों के साथ-साथ प्रखंड के अन्य कर्मियों एवं लोगों ने भी हिस्सा लिया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देने का प्रयास किया गया। इधर, चौथम पंचायत सरकार भवन में भी गांधी जयंती के अवसर पर आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि के अलावा अंचल राजस्व अधिकारी प्रमोद सिंह, राजकुमार सहित अन्य लोग एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत सरकार भवन में महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान भी गाया गया तथा गांधीवादी विचारों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।आयोजित आमसभा में स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी सहयोग जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। ऐसे में उनकी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया गया।हालांकि पंचायत सरकार भवन में आयोजित आमसभा में आम लोगों की उपस्थिति अपेक्षात कम रही। इसके बावजूद करीब दर्जन भर लोगों की मौजूी रही, और उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर गांधी जी के विचारों एवं स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

50 हजार का इनामी अपराधी केदार यादव गिरफ्तार

गोगरी (एनएसबी)। खगड़िया पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी केदार यादव उर्फ कारे यादव को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ चन्दन कुमार ठाकुर ने दिया। एसडीपीओ ने बताया कि परबत्ता थाना पुलिस, डीआईयू टीम खगड़िया एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर परबत्ता थाना क्षेत्र के कन्हैया चौक पुल के



जानकारी देते एसडीपीओ।

पास से केदार यादव को गिरफ्तार किया। इनामी अपराधी परबत्ता थाना कांड संख्या 57ध्25 में वांछित था। उक्त मामले में उसके विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। उन्होने कहा कि केदार यादव उर्फ कारे यादव के खिलाफ परबत्ता थाना में दो मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक इतिहास भी पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है।गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायिक प्रक्रिया में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षिप्त खबरें

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

जमालपुर (मुंगेर)। बरियारपुर रेलवे स्टेशन के पोल संख्या 37ध्38 के समीप भागलपुर दिशा की ओर एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही है। युवक ने सफेद चेकदार शर्ट और काले रंग की फुल पैंट पहन रखी थी।बताया गया कि युवक की मौत अप हावड़ा स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए काफी प्रयास किया गया, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पहचान नहीं होने के कारण रेल थाना में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

गांधी जयंती पर मध्य विद्यालय राणा विगहा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। राणा विगहा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय राणा विगहा में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक आमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सत्य, अहिंसा, शांति और मानवता के संदेश को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। अहिंसा केवल हिंसा का त्याग नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सहिष्णुता, सद्भाव और संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने की प्रेरणा देती है। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को गांधीजी के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में शांति एवं भाईचारे का वातावरण कायम रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक प्रवेंद्र कुमार, मो सानी, विद्यालय अध्यापक सोरव जाना सहित कई गण्यमान्य अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के गांधीवादी मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

अहिंसा का संदेश, शांति और सद्भाव से बनेगा बेहतर समाज

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सत्य, अहिंसा, शांति, सहिष्णुता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को याद किया गया। गांधीजी ने अहिंसा को केवल संघर्ष का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में अपनाया और संवाद व शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं के समाधान का संदेश दिया। आज के दौर में बढ़ते सामाजिक मतभेद और कटुता के बीच अहिंसा का महत्व और बढ़ जाता है। क्रोध पर संयम, असहमति में सम्मान और विवाद में संवाद की संस्ति समाज को अधिक संवेदनशील और शांतिपूर्ण बना सकती है। अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस का वास्तविक उद्देश्य केवल आयोजन तक सीमित न रहकर गांधीजी के इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाना है।

चुनाव से पहले महागठबंधन में रार कांग्रेस ने उतारे 5 उम्मीदवार पटना स्नातक-शिक्षक समेत 4 सीटों पर सीधी टक्कर

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद (डस्र्) की 8 ातक व शिक्षक सीटों पर होने वाले चुनाव से पहले महागठबंधन के भीतर सीटों का विवाद खुलकर सामने आ गया है। अल इंडिया कांग्रेस कमेटी (।प्ब्) ने राज्य की 5 डस्र् सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर राजद (त्रश्रक) को बड़ा झटका दिया है। कांग्रेस की इस सूची से महागठबंधन में फूट के आसार बढ़ गए हैं, क्योंकि घोषित 5 में से 4 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल (त्रश्रक) पहले ही अपने प्रत्याशी उतार चुका है। अब पटना शिक्षक सीट पर कांग्रेस के ड़ संजय यादव का सामना राजद के ड़ संजीव कुमार सिंह से होगा। वहीं पटना ातक सीट पर कांग्रेस के ड़ असदुल्लाह खान और राजद के दिलीप कुमार आमने-सामने होंगे। इसके अलावा कोसी ातक और दरभंगा ातक सीट पर भी दोनों दलों के उम्मीदवार एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। पार्टी नेतृत्व के अनुसार, दरभंगा शिक्षक सीट से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ड़ मदन मोहन झा को दोबारा प्रत्याशी बनाया गया है। त्रश्रक द्वारा एकतरफा उम्मीदवार तय किए जाने के विरोध में कांग्रेस के इस कदम को श्फ्रेंडली फाइटश् के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आगामी चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (छक्।) के खिलाफ विपक्षी मतों के बिखराव का खतरा उत्पन्न हो गया है।

दादी-पोता-बहू की तिकड़ी बढ़ाएगी शहर के विकास की रफ्तार

विकास एवं विश्वास के आठ वर्ष पूरे होने पर जनता के बीच पहुंची मुख्य पार्षद

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसब)। जमालपुर नगर परिषद के विकास को नई गति देने के लिए मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने अपनी बहू सामाजिक नेत्री मधु देवी और पोता अंकित कुमार के साथ मिलकर शहर के विकास का बड़ा रोडमैप तैयार किया है। विकास एवं विश्वास के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्य पार्षद शहर की सड़कों पर उतरीं और आम लोगों से सीधे संवाद कर शहर के विकास को लेकर सुझाव मांगे।मुख्य पार्षद पार्वती देवी अपने बहू एवं पोता के साथ जुबली बेल चौक से पैदल शहर भ्रमण करते हुए भारत माता चौक पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों से शहर की समस्याओं तथा विकास



शहर भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद करतीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी।

की संभावनाओं पर चर्चा की। भारत माता चौक पर उन्होंने शहरवासियों के नाम संदेश जारी करते हुए कहा कि जमालपुर के विकास में जनता की सहभागिता जरूरी है। लोगों के सुझावों को विकास की प्राथमिकताओं में शामिल किया जाएगा।मुख्य पार्षद की इस पहल की दवा दुकानदार राजू कुमार, मिठाई दुकानदार डब्लू कुमार, महादेव, गिफ्ट दुकानदार सूरज कुमार, नाश्ता दुकानदार टुन्नी कुमार, पुस्तक दुकानदार अनिल साह, मोबाइल दुकानदार विनय कुमार, कपड़ा व्यवसायी राजकुमार और फोटोग्राफर विक्की कुमार, गैस एजेंसी मालिक अमन कुमार सहित कई लोगों ने सराहना की।

लोगों ने कहा कि नगर परिषद के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब मुख्य पार्षद स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनका कुशलक्षेम पूछने के साथ शहर के विकास को लेकर सुझाव मांग रही हैं। लोगों ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में जहां अधिकांश लोग आराम करना पसंद करते हैं, वहीं पार्वती देवी शहर के विकास, सुरक्षा और अमन-चौन को लेकर सक्रिय हैं। उनकी बहू और पोता भी इस अभियान में साथ खड़े हैं। अब शहरवासियों को भी विकास की इस पहल में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मौके पर वार्ड पार्षद कैलाश सिंह,आलोक कुमार, सोनू मंडल, प्रतिनिधि दिलीप कुमार, राजन मंडल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

डीएवी स्कूल जमालपुर की ओर से आयोजित हुआ रन फॉर मैराथन का आयोजन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर की ओर से रन फर डीएवी मैराथनश का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार में स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस, स्वच्छता, अनुशासन तथा खेल भावना के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रभारी प्रभात कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। इस मैराथन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश एवं उमंग के साथ दौड़ में सम्मिलित होकर स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर श्स्वस्थ विद्यार्थी, सशक्त राष्ट्रश् के प्रेरणादायी संदेश के साथ नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया। मौके पर यह संदेश दिया गया



प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे।

कि जिस प्रकार स्वस्थ शरीर के लिए नियमित व्यायाम आवश्यक है, उसी प्रकार स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ वातावरण भी अनिवार्य है। स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व भी है।विद्यालय प्रभारी प्रभात कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य, खेलकूद एवं स्वच्छता का भी विशेष महव है। मौके पर शिक्षक राजेश सहित कई मौजूद थे।

स्वच्छता में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मी सम्मानित

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को नगर परिषद कार्यालय जमालपुर में स्वच्छता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने की। इस दौरान नगर परिषद के 36 वार्डो में स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य पार्षद पार्वती देवी, कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम, सोनम राज सहित पार्षदों व अन्य लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल



सफाई कर्मियों को सम्मानित करतीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी।

बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के आदर्शो को आत्मसात करने तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।मुख्य पार्षद ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सफाई कर्मी प्रतिदिन विपरीत परिस्थितियों में काम कर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में योगदान देते हैं। उनके बेहतर कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक सत्यनारायण सहित दर्जनों सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर सामाजिक नेत्री मधु कुमारी, वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, आलोक कुमार, सोनू मंडल, मुकेश शर्मा, प्रतिनिधि दिलीप लिट्टी पानी, राजन मंडल, युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकित कुमार, नप कर्मी प्रेम शंकर, शशि कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

सेवा समर्पण अभियान के तहत जमालपुर में चला स्वच्छता अभियान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा समर्पण अभियान के तहत जमालपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जुबली बेल चौक से बड़ी दुर्गा स्थान तक कार्यकर्ताओं ने सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों की विशेष साफ-सफाई की। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर जमालपुर के निर्माण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में



स्वच्छता अभियान में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

जिला महामंत्री निसुतोष कुमार निशू उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। उनके स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।मौके पर जमालपुर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, जमालपुर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष शंकर कुमार सिंह, जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी, धरहरा उत्तरी मंडल एवं धरहरा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष चंद्रचूड़ साक्षी सहित विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।अभियान में राजीव सिंह, उत्तम सिन्हा, समीर सिंह, रवि पासवान, राज कुमार, संतोष नायक, विशाल कुमार, ओमकमल कुमार, प्रेम कुमार, सुनील सोरेन, प्रमोद कोड़ा एवं गंगा मंडल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता को निरंतर अभियान बनाने का संकल्प लिया।

रेल क्षेत्र में अपराध पर अंकुश और यात्री सुरक्षा होगी प्राथमिकता

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेल जिला जमालपुर मुख्यालय के डीएसपी पद पर आलोक कुमार ने पदभार संभाल लिया है। योगदान के बाद उन्होंने रेल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुढ़ बनाने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सरकार के शराबबंदी अभियान को प्रभावी ढंग से लागू कराने को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रेल क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य करेगी।पदभार ग्रहण करने के बाद रेल डीएसपी आलोक कुमार रेल थाना जमालपुर पहुंचे। वहां उन्होंने थानाध्यक्ष स्वराज कुमार से रेल क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं और उनकी रोकथाम को लेकर जानकारी ली। उन्होंने लंबित



यात्री सुरक्षा का जायजा लेते रेल डीएसपी आलोक कुमार।

मामलों, अपराध के संभावित कारणों तथा संवेदनशील स्थानों की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएसपी ने यात्री सुरक्षा को लेकर विशेष जोर दिया। उन्होंने जमालपुर रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्मो एवं रेलखंड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा यात्रियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा रेल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने के लिए रेल पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी। साथ ही ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में शराब की तस्करी और अवैध शराब के कारोबार पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को पूरी सजगता के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया।

पोस्ट ऑफिस मोड़ पर अचानक टूटी विशाल पेड़ की टहनी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के पोस्ट अफिस मोड़ पर शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक विशाल पेड़ की भारी-भरकम टहनी अचानक टूटकर मुख्य सड़क के बीचोंबीच आ गिरी। टहनी के गिरते ही कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन प्रभावित हो गया। अचानक हुई इस घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस समय पेड़ की विशाल टहनी सड़क पर गिरी, उस वक्त सड़क पर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम थी। यही वजह रही कि टहनी की चपेट में कोई व्यक्ति या वाहन नहीं आया और बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि टहनी इतनी भारी थी कि उसके सड़क पर गिरने से आसपास मौजूद लोगों का ध्यान



सड़क के बीचों-बीच गिर पड़ा पैर की टहनी।

तत्काल उसकी ओर चला गया।हैरत की बात यह रही कि टहनी टूटने के समय न तो तेज बारिश हो रही थी और न ही हवा का जोर था। ऐसे में अचानक विशाल टहनी के टूटकर गिरने का कारण क्या रहा, इसे लेकर आसपास के लोगों में चर्चा होती रही। हालांकि घटना में किसी तरह की जान-माल की क्षति नहीं हुई।टहनी के मुख्य सड़क के बीचोंबीच गिरने से दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों को निकलने में परेशानी हुई। खासकर दोपहिया और छोटे वाहनों को सड़क के बचे हिस्से से होकर गुजरना पड़ा। कुछ देर के लिए मौके पर जाम जैसी स्थिति भी बन गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित रेल प्रशासन को दी।सूचना मिलने के बाद रेल प्रशासन की ओर से कर्मियों को भेजकर सड़क पर गिरी विशाल टहनी को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद पेड़ के हिस्से को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों और सार्वजनिक आवागमन वाले क्षेत्रों में पुराने एवं विशाल पेड़ों की समय-समय पर जांच जरूरी है। यदि समय रहते कमजोर और सूखी टहनियों की पहचान कर उनकी छंटाई कर दी जाए तो भविष्य में इस तरह की घटनाओं से होने वाले संभावित हादसों को टाला जा सकता है। पोस्ट अफिस मोड़ की घटना में किसी के हताहत नहीं होने को स्थानीय लोगों ने राहत की बात बताई।

संक्षिप्त खबरें

गांधी जयंती पर बच्चों ने रंगोली व सांसकृतक प्रस्तुतियों से दी बापू को श्रद्धांजलि

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसब)। प्राथमिक विद्यालय चकमान सिंह में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस उत्साह, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बच्चों ने ताजे लाल, सफेद फूलों और हरी पत्तियों से आकर्षक गोलाकार पुष्प रंगोली बनाई। रंगोली के चारों



गांधी जयंती पर झांकी प्रस्तुत करती स्कूली बच्चे।

ओर बैठकर बच्चों ने अपनी कला और उत्साह का प्रदर्शन किया। कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के बच्चों की प्रस्तुति ने शिक्षकों और सहपाठियों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांसतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन, सत्य और अहिंसा के संदेश को भी प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधान शिक्षक पल्लवी सुमन ने बच्चों को गांधीजी के आदर्शो को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक सर्वजीत कुमार, नंदकिशोर पासवान, रीता रानी, रूपा कुमारी और अलका कुमारी ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

सीमा विवाद में उलझा आत्महत्या का मामला, सुरंग के पास मिला युवक का शव

जमालपुर (मुंगेर)(एनएसब)। ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के दास टोली निवासी शिवम कुमार के करीब 23 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर रेलवे सुरंग के समीप आत्महत्या कर ली। युवक की मौत की खबर मिलते ही स्वजन और आसपास के लोग भागे-भागे घटनास्थल पर पहुंचे। शव को देखते ही परिजनों में मातमी सन्नाटा पसर गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।घटना की



आत्महत्या मामले में जांच करती पुलिस।

सूचना ईस्ट कलोनी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गश्ती दल घटनास्थल पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि घटनास्थल रामनगर थाना क्षेत्र में आता है। इसके बाद मामला दोनों थाना क्षेत्रों की सीमा में उलझ गया।घटना के बाद शव के कब्जे और आगे की कार्रवाई को लेकर कुछ देर तक दोनों थाना की पुलिस के बीच स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। सीमा विवाद के कारण शव घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। इससे स्वजनों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई।बाद में रामनगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। रामनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मुंगेर भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक ने किस परिस्थिति में यह कदम उठाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

पत्रकार सुरक्षा कानून पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का मंथन एकजुटता के साथ संघर्ष का ऐलान

पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं : मुकीम अहमद कुरैशी

सोनपुर (एनएसबी) कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, स्वतंत्र पत्रकारिता और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन कानपुर मंडल इकाई की महत्वपूर्ण बैठक एमए सोलंकी पब्लिक स्कूल, दलेल पुरवा, कानपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कानपुर मंडल अध्यक्ष मुकीम अहमद कुरैशी ने की। बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न, धमकी, मारपीट, दबाव, फर्जी मुकदमों और समाचार संकलन के दौरान होने वाली परेशानियों पर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकार समाज की समस्याओं और शासन-प्रशासन की गतिविधियों को जनता के सामने रखने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे में पत्रकारों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है। बैठक में कहा गया कि समाचार संकलन या जनहित के मुद्दे उठाने के कारण किसी पत्रकार को धमकी, हिंसा, दबाव अथवा कानूनी उत्पीड़न का सामना करना पड़े तो उसकी शिकायत पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित होनी चाहिए। पत्रकारों के विरुद्ध दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई, झूठे मुकदमों और दबाव की शिकायतों के लिए प्रभावी शिकायत एवं निगरानी व्यवस्था बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून के साथ पत्रकारों के लिए सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मांगों को व्यापक रूप से उठाने पर सहमति बनी। इनमें पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, आवास की व्यवस्था, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता, पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए चिकित्सा सुविधा, मान्यता एवं पहचान-पत्र की पारदर्शी व्यवस्था तथा पत्रकारों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन शामिल रहा।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाया गई

सोनपुर (एनएसबी) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जयंती पूर्व विधायक कार्यालय, सोनपुर मे मनाया गया। जयंती कार्यक्रम में पूर्व विधायक ड़ रामानुज प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत की आजादी के अलावा समाज में अहिंसा, लोगों को सत्य की राह दिखाने, समाज में हाशिए पर कर दिए गए लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने का हक दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभायी है।आज का दिन हमें गांधी जी के विचारों और उनके द्वारा किए गए संघर्षो को याद करने का अवसर देता है। गांधी जी अपने जीवन काल में हमेशा पदों का त्याग करते रहे जिससे आज राष्ट्रपिता कहला रहें हैं।पूरी दुनिया सत्य,अहिंसा और ईमानदारी के कारण सत्य एवं अहिंसा के पुजारी के रूप में गांधी जी पूज रही है। जिस अंग्रेज से लड़े थे।आज वहां भी लोग गांधी जयंती पर उनके प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा रहे हैं।उनका मानना था कि किसी भी समस्या को हल करने के लिए हिंसा का सहारा लेना गलत है। अपनी इसी विचारधार के साथ उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई भी लड़ी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सविनय अवज्ञा आंदोलन, स्वदेशी आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी यात्रा जैसे अहिंसात्मक आंदोलन चलाए। गांधी जी का दांडी मार्च (नमक आंदोलन) तो पूरी दुनिया के कई देशों के लिए अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ सत्याग्रह की मिसाल बना। जिसने बड़ी से बड़ी सत्ता को झुकने पर मजबूर कर दिया। गांधी जी केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे। वह एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने छुआछूत, जातिवाद और महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। बापू कहते थे कि किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब उसमें हर किसी को समान अधिकार मिले। ड़रामानुज प्रसाद ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने देश आजाद के बाद सामंती राज,जमींदारी एवं सामंतो से छुटकारा दिलवाया था। वह सी,ईमानदारी एवं त्याग के लिए भी जाने जाते हैं।जयंती कार्यक्रम में साधु यादव, मोहन साह,रमेश राय,रामानुज राय,शंभू प्रसाद चौरसिया,गजेंद्र प्रसाद, रविन्द्रनाथ चौरसिया, राजकुमार चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

गांधी-शास्त्री जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

दलसिंहसराय। एनएसबी आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नवीन कुमार झा का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार चांद मुसाफिर ने की, जबकि नगर परिषद दलसिंहसराय के कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच एवं प्रयोगात्मक क्षमता दिखाई। कक्षा पांच की छात्रा सुमेरा आफरीन ने ज्वालामुखी उद्गम एवं बाढ़ से बचाव से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा सात के छात्र गोलू कुमार ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का मॉडल तैयार कर अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के मॉडल एवं प्रस्तुतियों की सराहना की। विशिष्ट अतिथियों में विनोदानंद चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, गणेश राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सत्य, अहिंसा, सादगी एवं देशसेवा की भावना अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा सात के छात्र सौम्य प्रकाश ने किया। छात्रा सोनाली कुमारी ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं। प्रिया चंचल, इच्छा झा एवं नव्या भारती सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि अभिसार कुमार ने विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत किए गए विज्ञान मॉडल की सराहना की और उन्हें मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष चांद मुसाफिर एवं विशिष्ट अतिथि अनिल चौधरी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक नवीन कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

आरएल महतो बीएड कॉलेज में गांधी और शास्त्री जयंती पर लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

दलसिंहसराय। एनएसबी स्थानीय आरएल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि गांधी एवं शास्त्री का जीवन सादगी, सत्य, अहिंसा, शांति एवं सेवा भावना का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के विचार आज भी सामाजिक जीवन में प्रासंगिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील की। महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक पल्लव कुमार पारस ने कहा कि गांधीजी ने अहिंसा के माध्यम से अन्याय के खिलाफ संघर्ष का रास्ता अपनाया। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति के लिए समान अवसर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला उन्नति, ग्रामीण विकास, सामाजिक समरसता एवं आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों पर निरंतर काम करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रशांत स्वराज, अजय शर्मा, विकास कुमार, राहुल कुमार, कारू राय, बिरजू पासवान एवं पप्पू कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मी मौजूद रहे।

विद्यापतिनगर थाने में चाइल्ड हेल्प डेस्क शुरू, बच्चों की शिकायतों पर होगी संवेदनशील कार्रवाई

विद्यापतिनगर। एनएसबी महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण की दिशा में विद्यापतिनगर थाना परिसर में चाइल्ड हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई। डेस्क के माध्यम से संकट में फंसे बच्चों को पुलिस सहायता, सुरक्षा, संरक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। थाने में तैनात एसआई शलिम राजा को बाल संरक्षण पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी देखरेख में बच्चों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार चाइल्ड हेल्प डेस्क के माध्यम से बाल मजदूरी, बाल विवाह, गुमशुदगी, शोषण, हिंसा, उत्पीड़न अथवा अन्य संकट में फंसे बच्चों की सहायता की जा सकेगी। बच्चों से संबंधित शिकायतों के साथ उनके माता-पिता एवं अभिभावकों की शिकायतों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि बच्चों से जुड़ी शिकायतों को सामान्य शिकायतों से अलग संवेदनशीलता के साथ लिया जाएगा। जरूरतमंद बच्चे को भयमुक्त वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभाग एवं बाल संरक्षण इकाई से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चाइल्डलाइन का टोल फ्री नंबर 1098 बच्चों की सहायता के लिए उपलब्ध है। किसी बच्चे के साथ हिंसा, शोषण, परेशानी अथवा असुरक्षा की स्थिति में बच्चा स्वयं, अभिभावक, शिक्षक या कोई भी नागरिक 1098 पर सूचना दे सकता है। एसआई शलिम राजा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बच्चों के साथ होने वाले शोषण अथवा हिंसा की जानकारी मिलने पर चुप न रहें और तत्काल संबंधित पुलिस अथवा बाल सहायता व्यवस्था को सूचना दें।

न्याय मित्र संघ की बैठक में पटना धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने पर चर्चा

समस्तीपुर। एनएसबी जिला न्याय मित्र संघ की बैठक गुरुवार को जिला वकील संघ भवन, समस्तीपुर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 5, 6 एवं 7 अक्टूबर को पटना में प्रस्तावित न्याय मित्रों के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्याय मित्रों के मानदेय में बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों एवं मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान जिला स्तर पर न्याय मित्र संघ की कमिटी का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से शशि भूषण कुमार सिंह चंद को अध्यक्ष, धर्मराज गुप्ता को उपाध्यक्ष, रवीन्द्र कुमार को महासचिव तथा नीतेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़े मुद्दों को लेकर एकजुट होकर कार्य करने तथा न्याय मित्रों की समस्याओं को संबंधित स्तर तक पहुंचाने की बात कही।

कपूर्री आश्रम में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम, आदर्शों को अपनाने का आह्वान

समस्तीपुर। एनएसबी कपूर्री आश्रम स्थित जिला राजद कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय नेता सत्यविंद पासवान ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा एवं प्रेम के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन और देशसेवा की भावना पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी ने सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा, जबकि शास्त्रीजी का ह्यजय जवान-जय किसानह्ल का संदेश देश की राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा रहा। वक्ताओं ने पार्टी कार्यकताओं एवं उपस्थित लोगों से दोनों महापुरुषों के जीवन मूल्यों को अपनाने तथा समाज के कमजोर वर्गों, किसानों एवं युवाओं के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने किया। विषय प्रवेश राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न यादव ने किया, जबकि कार्यालय सचिव रोशन यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

स्वच्छता अभियान में जुटे 300 से अधिक विद्यार्थी, कुलपति ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

पूसा/एनएसबी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान चलाया।



अभियान की शुरूआत सामुदायिक महाविद्यालय परिसर से हुई। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने आधार विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, अभियंत्रण महाविद्यालय तथा स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने और स्वच्छ वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पाण्डेय ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम ह्यस्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारतह्ल है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के लिए स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह अनुशासन, जिम्मेदारी और स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार थी। कुलपति ने विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों से अपील की कि स्वच्छता अभियान को केवल एक दिन की गतिविधि नहीं माना जाए, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाया जाए। उन्होंने परिसर को स्वच्छ रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। कुलपति ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सत्य प्रकाश ने किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमन त्रिवेदी ने स्वच्छता अभियान के महत्व और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। सामुदायिक महाविद्यालय, पूसा की अधिष्ठाता डॉ. उषा सिंह ने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में स्वच्छता को व्यवहार का हिस्सा बनाने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में एनएसएस पदाधिकारी डॉ. रमनदीप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शिक्षक एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

सम्मान समारोह के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

समस्तीपुर। एनएसबी महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में 'स्वच्छता ही सेवा-2026'अभियान का समापन समारोह एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों, स्वच्छता कर्मियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले केवस निजामत एवं किशनपुर यूसुफ ग्राम पंचायतों के मुखिया को भी विशेष स्वच्छता सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



इस अवसर पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही 30 दिवसीय नमामि गंगे ह्यस्वच्छता ही सेवा-2026ह्ल विशेष अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के दौरान स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया गया। विभिन्न प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान, श्रमदान, हाट-बाजारों एवं धार्मिक स्थलों की सफाई तथा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वच्छता दूतों ने अभियान में भाग लेते हुए सार्वजनिक स्थलों एवं जलस्रोतों की सफाई में योगदान दिया। समारोह को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता को केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायतों, प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यालयों, धार्मिक स्थलों तथा हाट-बाजारों में नियमित रूप से सफाई एवं श्रमदान गतिविधियां चलाने की अपील की। उन्होंने प्रति सप्ताह दो घंटे तथा वर्ष में 100 घंटे सफाई अभियान या श्रमदान करने का आह्वान किया।

समारोह में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी अली एकराम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विष्णुदेव मंडल, डीआरडीए के निदेशक आशुतोष आनंद, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा, चार टीमों का अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयन

विद्यापतिनगर। एनएसबी प्रखंड के वाजिदपुर बाजार स्थित संत मेरिस इंग्लिश स्कूल परिसर में शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय की 15 टीमों ने हिस्सा लेकर विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं नवाचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग, पर्यावरण संरक्षण एवं नई तकनीकी सोच को प्रदर्शित किया।



प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल के रूप में आरके अरुण, मनोज, मृत्युंजय एवं आकाश मौजूद रहे। निर्णायकों ने सभी टीमों के मॉडल का बारीकी से अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से उनके प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली।

प्रदर्शनी में आदित्य एंड टीम द्वारा तैयार प्रोजेक्ट को विशेष रूप से चयनित किया गया। विद्यालय की ओर से बताया गया कि यह प्रोजेक्ट आईआईटी हैदराबाद से संबंधित आगामी स्तर की प्रक्रिया के लिए चयनित हुआ है।

वहीं बांका में आयोजित होने वाली अंतर-विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए विद्यालय की चार टीमों का चयन किया गया। इनमें आदित्य एंड टीम, आकांक्षा एंड टीम, दिव्या एंड टीम तथा सुनिधि एंड टीम (स्नेहा एंड टीम) शामिल हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनियां बच्चों में प्रयोग, अनुसंधान एवं नवाचार की भावना विकसित करती हैं। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षक रंजित सिंह, स्वास्तिक कुमार, नंदन कुमार, सुन्देश्वर कुमार, रोशन, विक्की, नावेद, अंशु, अजीन के. थॉमस, जिनु जोसेफ, हिना कुमारी, मंजीता कुमारी सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गांधी-शास्त्री जयंती पर भाकपा ने किया माल्यार्पण, सामाजिक एकता पर हुई परिचर्चा

दलसिंहसराय। एनएसबी गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से गांधी विद्यालय, दलसिंहसराय में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बैद्यनाथ चौधरी अब्दुल रऊफ भवन स्थित पार्टी कार्यालय में धर्मवीर प्रकाश की अध्यक्षता में ह्यसांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक एकता की चुनौतियांह्ल विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाकपा के अंचल सचिव विनोद कुमार समीर ने गांधीजी के सामाजिक समरसता एवं सांप्रदायिक सद्भाव से जुड़े विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सामाजिक एकता एवं सद्भाव के लिए जीवनभर काम किया।

एटक के जिला महासचिव राम बिलास शर्मा ने गांधीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके विचारों की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं ने भी सामाजिक एकता, सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। गोष्ठी में शंकर राम, शंभू चौधरी, मो. यूनुस, शुभेंद्र कुमार, कारो देवी, मीणा शर्मा, पूनम देवी, अशोक रजक, तपेश चौधरी, राम सेवक दास, युगल दास, प्रभात सिंह, मजहर आलम, जगदेव दास सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

विद्यालयों में विविध कार्यक्रमों के साथ मनी गांधी-शास्त्री जयंती

विद्यापतिनगर। एनएसबी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं प्रभात फेरी निकाली गई तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम, गांधी कथा वाचन, पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान के माध्यम से बच्चों को दोनों महापुरुषों के जीवन एवं विचारों से परिचित कराया गया।



सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय, मऊ बाजिदपुर दक्षिण में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य अमित भूषण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान विद्यार्थियों को गांधीजी एवं शास्त्रीजी के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी गई। मौके पर राजीव कुमार, बिपिन कुमार सिंह सहित शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ धनेशपुर में प्रधानाध्यापक जयराज पासवान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों ने गांधीजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। प्राथमिक विद्यालय अति पिछड़ा टोला, हरपुर बोचहा में प्रार्थना सभा के बाद प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधान शिक्षक अंजनी कुमार ने बच्चों को गांधीजी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों की जानकारी दी। इस अवसर पर ह्यएक था मोहनह्ल पुस्तक के प्रथम अध्याय का गांधी कथा वाचन भी किया गया।

राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोला में जयंती के अवसर पर पौधारोपण किया गया। प्रधान शिक्षक मो. मेराज के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित किया गया।

मंडल कारा में गांधी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट प्रतिभागी हुए सम्मानित

समस्तीपुर। एनएसबी आशा सेवा संस्थान, समस्तीपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को मंडल कारा समस्तीपुर के बापू सभागार में गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक प्रशांत कुमार ओझा ने की। संचालन आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने किया।



कार्यक्रम के दौरान बंदियों एवं प्रतिभागियों के बीच विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गायक संजय कुमार सुमन ने देशप्रेम, सत्य एवं अहिंसा के संदेश से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने सराहा।

प्रतियोगिताओं के समापन के बाद सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन, सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी सामाजिक जीवन के लिए प्रेरणा देते हैं। एनजीओ संघ बिहार के सचिव संजय कुमार बबलू ने कहा कि मंडल कारा में इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन से बंदियों के बीच सकारात्मक वातावरण एवं सुधार की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक कंचन कुमारी, समाजसेवी संतोष कुमार निराला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आगत अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाधीक्षक शिवमंगल प्रसाद ने किया।

जीविका के 20 वर्ष पूरे होने पर जदयू का कार्यक्रम

महिला सशक्तीकरण पर नेताओं ने रखे विचार

समस्तीपुर। एनएसबी शहर के मोहनपुर स्थित एक सभागार में शुक्रवार को जदयू महिला प्रकोष्ठ की ओर से 'जीविका के 20 साल बेमिसाल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जीविका के दो दशक के सफर और महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक भागीदारी पर चर्चा की गई।

अपने संबोधन में विजय कुमार चौधरी ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने साइकिल एवं पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के आरक्षण तथा सरकारी सेवाओं में महिलाओं के आरक्षण जैसी योजनाओं एवं नीतियों का जिक्र किया। बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि जीविका की शुरूआत 2 अक्टूबर 2006 को हुई थी और दो दशक पूरे होने के अवसर पर राज्यभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने जीविका के विस्तार और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की संख्या का उल्लेख करते हुए इसे महिला आर्थिक सशक्तीकरण से जोड़ा। जीविका के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 2 अक्टूबर को बिहार के विभिन्न जिलों में ह्यनीतीश संवाद—जीविका के 20 साल बेमिसालह्ल कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी भी सार्वजनिक रिपोर्टों में सामने आई है।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी

कमिश्नर ने किया माल्यार्पण



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर गांधी मैदान स्थित गांधी मंडप में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया डॉ. सफीना ए०एन० उपस्थित हुई। जिला परिषद के अध्यक्ष श्रीमती नैना कुमारी, एवं उपाध्यक्ष, शीतल प्रसाद यादव, अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था), मो शफीक अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), रविशंकर शर्मा, सामान्य शाखा प्रभारी अर्चना कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र दुबे सहित जनप्रतिनिधिगण एवं समाजसेवीगण भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर आयुक्त, मगध प्रमंडल, अपर समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता तथा अन्य पदाधिकारियों एवं समाजसेवी द्वारा माल्यार्पण किया गया। साथ ही गांधी मंडप जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात ह्लसर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अविनाश चंद्र झा द्वारा शांतिध्गीता पाठ किया गया, मोहम्मद अजमातुल्लाह नदवीं, पनहर मस्जिद द्वारा कुरआन ए पाक धर्मग्रंथ का पाठ किया गया, ज्ञानी दयाल सिंह, गुरुद्वारा, गया द्वारा भजन पढ़ा गया, महाबोधि मंदिर गया के आवासीय भिक्षु धर्मेंद्र जी, सहयोगी अन्य भंते द्वारा भगवान बुद्ध के उपदेशों के बारे में विस्तार से बताया गया एवं गांधी मैदान चर्च की अंजली प्रधान द्वारा धर्मग्रंथ बाईबल का पाठ किया गया। समाहरणालय, गया स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर, अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था), अपर समाहर्ता विभागीय जांच, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी द्वारा माल्यार्पण किया गया।

संक्षिप्त खबरें

राजद नेताओं ने गांधी-शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को अपनाने का लिया संकल्प

कुर्था(एसएनबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुधवार को कुर्था परिसदन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों एवं आदर्शों को याद किया गया। इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता सुनील यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों एवं आदर्शों पर चलकर ही देश को महान, शक्तिशाली और समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजद सामाजिक न्याय और समानता के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। गांधी और शास्त्री के विचारों को भुलाने के प्रयासों के बावजूद राजद कार्यकर्ता उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाते रहेंगे। कार्यक्रम में वंशी प्रखंड युवा राजद अध्यक्ष दयानंद यादव, कुर्था प्रखंड राजद अध्यक्ष डोमन दास, प्रखंड मीडिया प्रभारी रामप्यारे यादव, राजद नेता अनिल सौंदिक, लालजी यादव, विजेंद्र यादव, नीरज यादव, रंजन यादव समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम में भाग लेते राजद नेता।

विद्यालयों में श्रद्धा से मनाई गई गांधी जयंती बच्चों को सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का मिला प्रेरणा

कुर्था (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक, मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में शिक्षकों ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके सत्य एवं अहिंसा के संदेश को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया। राजकीय मध्य विद्यालय निघवां में गांधी जयंती को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी के तैलचित्र पर प्रधानाध्यापक डॉ. वीरेंद्र प्रसाद भास्कर एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। मौके पर प्रधानाध्यापक डॉ. वीरेंद्र प्रसाद भास्कर ने गांधीजी के जीवन, संघर्ष और उनके सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर विद्यार्थी बेहतर नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। वहीं पूर्व समन्वयक एवं वरिष्ठ शिक्षक अमरेन्द्र कुमार ने गांधीजी के सिद्धांतों का अनुसरण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती जैसे आयोजन विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



जयंती मनाते बच्चे।

गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री की सादगी से सीखें बच्चेः अबु फैसल

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उर्दू प्राथमिक विद्यालय चातरघाट, नगर प्रखंड, गयाजी में शुक्रवार को समारोहपूर्वक जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक अबु फैसल ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन है। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और नैतिक मूल्यों को अपना हथियार बनाकर स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जन-आंदोलन में बदल दिया। लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अबु फैसल ने कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक थे। कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व करते हुए उन्होंने ह्यजय जवान, जय किसानह्ल का नारा देकर देश की सुरक्षा और कृषि व्यवस्था में जवानों एवं किसानों की भूमिका को रेखांकित किया।

उर्दू प्राथमिक विद्यालय चातरघाट में गांधी जी और शास्त्री जी को किया याद



भारत स्काउट एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों के लिए निवासन स्थल का निरीक्षण किया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी गयाजी एवं उप विकास आयुक्त गयाजी द्वारा हरिदास सेमेनरी प्लस 2 विद्यालय गया में पितृपक्ष मेला महासंगम 2026 के अवसर पर बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के लिए स्वयंसेवको के लिए निर्धारित आवासन स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश समर्पित किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव रणजीत कुमार एवं सूचना एवं जनसंपर्क कोषांग के प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनो महापुरुषों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने की जरुरत हैं।दोनो महापुरुषों का जीवन एवं कार्य समाज के लिए अनुकरणीय है। समाज को उनके दिखाये रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। इस मौके पर बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के मुख्य जिला संगठन आयुक्त पुरेंदर सावर्ण्य, राज किशोर पांडे, गोपाल कुमार, जितेंद्र कुमार, अजीत कुमार, मेला लिडर शैलेन्द्र कुमार, आवासन प्रभारी ताज आलम, निरंजन कुमार, धीरज कुमार सहित स्काउटस् एवं गाईड्स उपस्थित थे।



शांति निकेतन के तीनों परिसरों में गांधी जयंती रचनात्मक उर्जा के साथ मनी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। शांति निकेतन अकादमी के एपी कॉलोनी, रौना और कटारी तीनों परिसरों में गांधी जयन्ती अत्यंत हर्षोल्लास, रचनात्मकता और ऊर्जा के साथ मनाया गया। कथा-वाचन सत्र में युवान, केशव और ओजस्वी ने जब महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए, तो छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध होकर एक-एक बात ध्यान से सुनते हुए पूरी सक्रियता और उत्साह के साथ जुड़े रहे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सिद्धार्थ, नैजा, ओशु और तारा के मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लियाय वहीं सार्थक, केशव, खदीजा, नूर, अर्जम और माहिरा ने ह्यदांडी मार्चह्व की ऐतिहासिक झांकी को जीवंत कर इतिहास की यादें ताजा कर दीं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत समर्थ, सानवी, भास्कर, अनाइरा, आरिफ और अरमान ने स्वच्छता और श्रमदान का संदेश देती एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी।



गांधी जयंती के मौकी पर जिले की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन



ग्राम सभा में भाग लेते लोग।

अरवल (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में जिले की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सहभागिता की।

विशेष ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक कार्यक्रमों एवं पंचायत स्तर पर क्रियान्वित परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पंचायत के विकास से संबंधित स्थानीय आवश्यकताओं, ग्रामीणों की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को जाना गया तथा उनके सुझाव एवं परामर्श प्राप्त किए गए। नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण ग्राम सभाओं में नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देते हुए नशामुक्ति अभियान के तहत सामूहिक शपथ ग्रहण का भी आयोजन किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। स्वच्छ एवं सुंदर पंचायत के निर्माण पर विशेष जोर इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया। ग्रामीणों को अपने घर, आसपास के क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ पंचायत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। किंजर पंचायत की ग्राम सभा में शामिल हुए उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने किंजर पंचायत में आयोजित विशेष ग्राम सभा में सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए पंचायत के विकास से संबंधित उनकी आकांक्षाओं, अपेक्षाओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उप विकास आयुक्त ने ग्राम सभा को पंचायत के विकास में जनभागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए ग्रामीणों से विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता की अपील की।विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से जनभागीदारी, नशामुक्ति, स्वच्छता एवं समग्र पंचायत विकास का संदेश देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की संकल्पना को साकार करने की दिशा में सामूहिक प्रयास पर बल दिया गया।

नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ, स्वच्छ एवं विकसित पंचायत के निर्माण पर दिया गया जोर

बहादुर बिगहा, गयाजी में मासिक धर्म चक्र एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। काउंसिल ऑफ मगध वूमेन एम्पावरमेंट , कुजापी, गया के तत्वावधान में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर गया जिले के बहादुर बिगहा मे वाली के निकट महिलाओं के लिए मासिक धर्म चक्र एवं मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संस्था के महासचिव डॉ. तमकनत ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सैनिटरी पैड के उपयोग के लाभ एवं सावधानियों, सही तरीके से उपयोग, समय-समय पर पैड बदलने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक शारीरिक प्रक्रिया है, जिसके संबंध में महिलाओं एवं किशोरियों के बीच सही जानकारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नवीन रंजन ने कहा कि संस्था द्वारा गया जिले के विभिन्न क्षेत्रों एवं जरूरतमंद समुदायों के बीच इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। कार्यशाला में शांति देवी, बॉबी देवी, मृदुला रंजन, मनोरमा देवी, दीबा एवं अलीजा सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला के उपरांत प्रतिभागी महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड का निःशुल्क वितरण भी किया गया। महिलाओं ने मासिक धर्म से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं एवं समस्याएं साझा कीं, जिन पर विशेषज्ञों एवं संस्था के सदस्यों द्वारा आवश्यक जानकारी एवं मार्ग दर्शन प्रदान किया गया स कार्यशाला के सफल आयोजन में मनोज कुमार का विशेष सहयोग रहा स आयोजकों ने उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

टिकारी में बापू और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि, एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधरोपण



टिकारी (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर परिषद टिकारी द्वारा दो अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला कार्यक्रम नगर परिषद अंतर्गत बुढ़वा महादेव स्थान पर आयोजित हुआ। यहां सभापति अजहर इमाम सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने बापू और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य पार्षद ने घोषणा की कि ह्यबापू की यह प्रतिमा अगले कार्यक्रम से पहले आदमकद रूप में स्थापित कर दी जाएगी। तदोपरांत दूसरा कार्यक्रम वार्ड संख्या 13 स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के समीप आयोजित किया गया, जहां एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। लगाए गए पौधों को सुरक्षा के लिए गैबियन से घेर दिया गया। सभापति ने बताया कि यह 5 दिवसीय पखवाड़ा कार्यक्रम है, जो नगर के विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। इसके तहत अमरूद, शरीफा, नीम, पीपल, जामुन, गूलर सहित अन्य फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर परिषद सभापति अजहर इमाम ने किया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा, सशक्त स्थायी समिति सदस्य रणजीत कुमार, रेयाज अंसारी, अक्षय कुमार चैधरी, तौहीद आलम, शिवपूजन मांझी, गुड्डू यादव, रितेश कुमार, अनिरुद्ध शर्मा, मनोज गुप्ता, सुशील कुमार साहिल सहित अन्य गणमान्य नागरिक व नगर परिषद कर्मी उपस्थित थे।

इंडिया गठबंधन ने निकला विरोध मार्च मुख्य चुनाव आयुक्त की बर्खास्तगी का किया मांग



विरोध मार्च में शामिल लोग।

अरवल (एनएसबी)। गांधी जयंती के अवसर पर में संविधान और लोकतंत्र के हत्यारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी को लेकर विरोध मार्च निकला गया। इंडिया गठबंधन के सभी दलों ने गांधी पुस्तकालय में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहर के विभिन्न रास्ते होते हुए प्रखंड परिसर पहुंची और सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के पूर्व विधायक महानंद सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त एसआईआर के जरिय वोट चोरी कर लोकतंत्र की हत्या की है। देश की आजादी के बाद संविधान में सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिला है। भाजपा और मुख्य चुनाव आयुक्त संविधान को ताख पर रखकर आम नागरिकों की वोट काट रही है। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा और आरएसएस आम नागरिकों की चुनाव आयुक्त के जरिए वोट काटकर सत्ता में बैठे रहना चाहती है। जिस तरह से 2023 में विपक्ष की सांसदों की सदस्यता निलंबन कर मुख्य चुनाव आयुक्त पर केश नहीं करने का कानून पास कर दिया और इस कानून के जरिए ज्ञानेश कुमार देश की जनता और विपक्ष की पार्टी को बर्बाद करने में लगी है। एस आई आर में वोट को काटने का काम किया गया है।

और भाजपा सरकार को फायदा पहुंचाने में है : संविधान के अनुसार चुनाव आयोग के तीन सदस्यों के राय से चुनाव का कोई भी कार्य होता है। लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो सदस्यों के असहमति जताते हुए भी अपना काम करते गए। विपक्षी पार्टियां 2025 से ही चुनाव आयोग के द्वारा वक्फ के जरिय वोट चोरी कर भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक के फरियाद लगा रही है।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी मोदी – शाह के सामने घुटने टेक दिया लेकिन जब 23 सितंबर को इंडियन एक्सप्रेस में खबरों से पूरे देश में वोट चोर मोदी और ज्ञानेश कुमार की पोल खुल गई है। पूरे देश में छात्र नौजवान लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सड़क पर उतर गए है।चारों तरफ आंदोलन चल रही है।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर जिला प्रशासन ने किया नमन



पुष्पांजलि अर्पित करते डीएम व एसपी।

अरवल (एनएसबी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धापूर्वक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी द्वारा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए नमन किया गया। उपस्थित वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया।समारोह के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव, समानता एवं मानवता के संदेशों को याद किया गया। उनके आदर्शों को व्यक्तिगत जीवन एवं कार्यशैली में आत्मसात करने के साथ-साथ स्वच्छ, स्वस्थ, समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया गया। महात्मा गांधी जी के विचारों को समाज में शांति, सद्भाव एवं जनसेवा के लिए आज भी प्रासंगिक एवं प्रेरणादायी बताया गया। इसी क्रम में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ संकल्प एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर शास्त्री के अमर उद्घोष ह्यजय जवान, जय किसानह्ल को याद करते हुए देश की सुरक्षा में जवानों तथा राष्ट्र की समृद्धि में किसानों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया गया। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ निर्वहन करने का संदेश दिया गया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, अपर समाहर्ता बालेश्वर प्रसाद, अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता रतन परवेज, विशेष कार्य पदाधिकारी ऋषिकेश तिवारी, वरीय उप समाहर्ता गोविन्द कुमार मिश्रा सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। बुद्धा वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन पाण्डेय परसावाँ गयाजी द्वारा संचालित श्री रामेंश्वर सिंह मेमोरियल ग्रुप ऑफ एजूकेशन के प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के सुअवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 विनय कुमार एवं सचिव डॉ0 सरिता कुमारी ने ध्वज फहराकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कियें। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने कहा कि महात्मा गाँधी जी द्वारा बतलाए गये सत्य अहिंसा, जनसेवा एवं आपसी सद्भाव का अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर प्रशासन प्रभारी ओम निरंजन, सभी संस्थानों के प्राचार्य, उप प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, एवं अनुदेशकगण ने अपने अपने विचार व्यक्त कियें तथा सभी संस्थानों के प्रशिक्षणार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें, कार्यक्रम का संचालन बुद्धा आई0टी0आई0 के प्राचार्य राजेश कुमार द्वारा किया गया।

संक्षिप्त खबरें

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर नागरिक अधिकार मंच ने किया माल्यार्पण

पटना/एनएसबी। नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में श्री गांधी स्मारक चौक, बॉली मोड़ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री तथा महान किसान नेता श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने की। इस अवसर पर सीपीआई नेता देवरत्न प्रसाद, शत्रुघ्न यादव, मो. जावेद,पप्पू गुप्ता एजाजुद्दीन उर्फ सानू, मुन्ना यादव, सुबोध कुमार, दिना ठाकुर सहित अन्य लोगों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पूरे देश को एकजुट किया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति की मिसाल कायम की तथा किसानों और जवानों के सम्मान को विशेष महत्व दिया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के विचारों को अपनाकर समाज और देश को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। खाजेकलां थाना की पुलिस ने कोचिंग से घर वापस लौट रही तीन छात्रओं पर फब्तियां कसने व छेडखानी करने की घटना में शामिल दूसरे आरोपित शहवाज शेख को गिरफ्तार किया है. डीएसपी शिवशंकर कुमार ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी लखीसराय से की गयी है. इस मामले में पुलिस ने पहले ही बरकत खां अखाडा निवासी युवक अलतमस को गिरफ्तार कर चुकी है. थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा ने बताया कि सीसीटी फुटेज व आम सूचना के आधार पर आरोपित की पहचान कर दोनों आरोपित को गिरफ्तार किया. बताते चले कि गुरहट्टा स्थित कोचिंग से तीन किशोरी छात्रओं वापस घर लौट रही थी. तभी बरकत खां का अखाड़ा मुहल्ला में खडे दो युवकों ने छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था.

चित्रांश परिवार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जयंती मनाई गई

हाजीपुर/एनएसबी। नगर केचित्रांश कमेटी हॉल में चित्रांश परिवार की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता साहित्यकार रविंद्र कुमार रतन एवं संचालन अधिवक्ता राजकुमार दिवाकर ने की ।सदस्यों ने उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित की एवं उनके कृतियों को स्मरण किया ।वक्ताओं ने उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि सत्य अहिंसा स्वदेशी एवं स्वराज के प्रणेता महात्मा गांधी एवं राष्ट्र निष्ठा सुचिता सादगी के प्रतीक गुदड़ी के लाल जय जवान जय किसान के नारा देने वाले भारत माता के सच्चा सपूत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी थे ।इस अवसर पर पूर्व लोकपाल पंकज कुमार सिन्हा, जदयू नेता अमरदीप फूलन, रंजीत श्रीवास्तव, संजीव कुमार बिकु , पूर्व सरपंच पुनीत कुमार गुड्डू, दिवाकर वर्मा ,अधिवक्ता प्रणव प्रेम, पप्पू सिंह ,रितिक सिंह ,सुनील कुमार सिन्हा ,अभिषेक वर्मा ,विनय कुमार निराला, पंकज सिंहा ,लाल बाबू ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया ।धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी सह लोजपा नगर अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने आगत अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



गांधी एवं शास्त्री जयंती पर कुम्हरार को मिली इलेक्ट्रिक बस सेवा की सौगात

पटना/एनएसबी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज कुम्हरार विधानसभा के लिए परिवहन विभाग द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की गई। विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा पत्थर कॉलोनी, जगनपुरा मोड़, कंकड़बाग से गांधी मैदान के लिए सरकारी इलेक्ट्रिक बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह इलेक्ट्रिक बस सेवा कंकड़बाग एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, किफायती और बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह सेवा स्वच्छ, प्रदूषण-मुक्त और पर्यावरण-अनुकूल यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देगी, जो विकसित कुम्हरार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बस सेवा के शुभारंभ के उपरांत विधायक द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिवेश के संकल्प के साथ वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर ग्रेटर दक्षिण पटना के अध्यक्ष उमेश सिंह, वार्ड पार्षद शीला देवी, रंजन श्रीवास्तव, अशोक सिंह,रवि सिंह, राकेश सिंह, जितेन्द्र चंद्रवंशी, वैद्यनाथ रमन, अजय मिश्रा, कात्यायनी वर्मा, राजन एवं राकेश बबलू सहित भाजपा मंडल के अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पटना नगर निगम क्षेत्र में लगाई जाएंगी 7,500 अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें

त्योहार से पहले सभी 75 वार्डों में 100-100 नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का निर्देश*

पटना/एनएसबी। पटना नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 7,500 अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा द्वारा त्योहारों से पहले सभी 75 वार्डों में अतिरिक्त 100-100 नई स्ट्रीट लाइटें लगाने के निर्देश दिये हैं।

वार्ड पार्षदों एवं सर्वे के आधार पर स्थल चयन

नई स्ट्रीट लाइटों के अधिष्ठापन के लिए स्थलों का चयन संबंधित वार्ड पार्षदों से प्राप्त सुझावों एवं नगर निगम द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे के आधार पर किया गया है। इस प्रक्रिया में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता है। इससे प्रमुख सड़कों के साथ-साथ आंतरिक गलियों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। पुरानी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती एवं खराब लाइटों को बदलने का कार्य भी जारी नई स्ट्रीट लाइटों के अधिष्ठापन के साथ-साथ पूर्व से स्थापित स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव एवं मरम्मती का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इसके लिए तीन सदस्यीय 26 टीमें क्षेत्र में सक्रिय हैं, जो खराब स्ट्रीट लाइटों की पहचान कर उन्हें दुरुस्त करने में जुटी हैं। इन टीमों द्वारा खराब स्विच, वायरिंग एवं अन्य तकनीकी समस्याओं को ठीक कर बंद पड़ी लाइटों को पुनः चालू किया जा रहा है। वहीं, जिन लाइटों की मरम्मती संभव नहीं है, उन्हें बदलकर नई लाइटें लगाई जा रही हैं। इस कार्य के माध्यम से शहर की मौजूदा प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ-साथ नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

वैशाली जिला में जीविका के 20 साल बेमिसाल नीतीश संवाद उत्सव कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। जीविका के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जदयू की ओर से शुक्रवार को हाजीपुर के आर डी एस पैलेस के सभागार में ह्यनीतीश संवादह्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक श्री रामसेवक सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की थीम ह्यबापू के सपनों, नारी का सम्मान और परिवर्तन की पहचानह्न रखी गई थी। इसमें बड़ी संख्या में जीविका दीदियों और जदयू कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजापाकड़ विधायक श्री महेंद्र राम जी भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र सिंह एवं महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती मोनिका सिंह और जीविका दीदियों ने राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक रामसेवक सिंह ,जी कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती किरण गुप्ता जी,श्रीमती डॉ सोनल जी को अंगवस्त्र और बुके भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष मोनिका सिंह एवं संचालन साधना सिंह जी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक श्री रामसेवक सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बिहार गीत से की गई। इस दौरान जीविका के 20 वर्षों के सफर, महिलाओं के सम्मान तथा सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण में जीविका की भूमिका पर चर्चा हुई। अपने संबोधन में रामसेवक सिंह ने जीविका दीदियों से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने में जीविका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती किरण गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा किए गए कार्यों और जीविका के प्रति उनके समर्पित भाव की चर्चा करते हुए कहा कि जीविका दीदियां बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी बनी है। विधायक महेंद्र राम ने कहा की बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्ष 2006 में गांधी जयंती के दिन 'जीविका' योजना शुरू की गई थी। इसके 20 वर्ष पूरे होने पर यह विशेष उत्सव मनाया गया।जिला अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र सिंह कहा कि इस अभियान के जरिए जदयू ने यह प्रदर्शित किया कि कैसे पिछले दो दशकों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बिहार की लगभग 1 करोड़ 88 लाख महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक उत्थान हुआ है। कार्यक्रम को प्रभारी श्रीमती डॉ सोनल सिंह ने संबोधित करते हुए सभी जीविका दीदियों के आर्थिक उत्थान ,सवाल और सशक्तिकरण श्री नीतीश कुमार जी को धन्यवाद देते हुए कहा जीविका के माध्यम से महिला बिल्कुल ही निरंतरता से आत्मनिर्भर होती जा रही जिससे समाज में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिल रहा हैं। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष अनीता कुमारी,रिंकू कुमारी,सोनी देवी, नीतू देवी,गीता देवी,अमीना खातून,खुशबू सिंह, सविता देवी,शान्ति देवी,ममता कुमारी, संगीता देवी, रोहिणी सिंह, प्रेरणा सिंह,बबीता देवी, आदि हजारों कार्यकता उपस्थित थे।



'बाल-विवाह के विरुद्ध हर गांव को बनाएं जागरूक, बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला पदाधिकारी

हाजीपुर/एनएसबी। गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज वैशाली जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा एवं सुधार उत्सव का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी, वैशाली के निर्देश पर आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित ह्बाल-विवाह मुक्त भारत अभियानह्न के तहत बाल-विवाह उन्मूलन को लेकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिले के पात्र ग्रामों में आयोजित ग्राम सभाओं में ह्बाल-विवाह मुक्त ग्रामह्न संबंधी प्रस्ताव कार्यसूची में शामिल करते हुए ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत किए गए तथा विधिवत पारित किए गए। पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने बाल-विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के पूर्ण उन्मूलन के लिए सामूहिक संकल्प लिया। ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्तावों को कार्यवाही में दर्ज करते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित बाल-विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी को उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि बाल-विवाह के विरुद्ध प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी बालिका का विवाह निर्धारित कानूनी उम्र से पहले न हो, इसके लिए अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों एवं समाज के सभी वर्गों को सजग एवं सक्रिय रहना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बाल-विवाह की जानकारी मिलते ही तत्काल संबंधित पदाधिकारी अथवा जिला प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को प्राथमिकता देने तथा उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने का भी आह्वान किया।



गांधी आश्रम में गांधी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित

हाजीपुर/एनएसबी। ऐतिहासिक गांधी आश्रम में गांधी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए सर्वप्रथम गांधी स्मारक ट्रस्ट के तरफ से आयोजित गांधी जी के जयंती समारोह में जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने शामिल होकर दीप नारायण सिंह संग्रहालय में गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्होंने गांधी आश्रम के स्थापना का इतिहास गांधी जी और जिला के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में पूरी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने गांधी स्मारक पार्क में गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया कथा गांधी स्मारक ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष श्री रघुपति सिंह से ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी ली तथा गांधी आश्रम के सुधार तथा विकास के लिए सुझाव मांगे। जिलाधिकारी ने गांधी स्मारक पुस्तकालय में पहुंचकर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुस्तकालय के प्रभारी सचिव सुमन कुमार अधिवक्ता तथा साहित्यकार मनीष रंजन से पुस्तकालय की गतिविधियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी महोदय ने पुस्तकालय के विकास के लिए कुछ सुझाव दिए तथा निरीक्षण पुस्तिका में अपने विचार लिखें। उसके पश्चात जिलाधिकारी महोदय गांधी स्मारक पुस्तकालय परिसर में स्थित पूर्व सैनिकों के लिए संचालित इसीएचएस पॉलीक्लिनिक का दौरा किया तथा पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद गांधी स्मारक पुस्तकालय के कक्ष में गांधी जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र राकेश तथा संचालन पुस्तकालय के प्रभारी सचिव सुमन कुमार अधिवक्ता ने किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख वक्तागंज अनिल लोदीपुरी, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, भास्कर सिंह,मनीष रंजन,संजय राय,डॉक्टर नंदेश्वर प्रसाद सिंह, राजू सिंह,डॉ संजय विजितवर विजय कुमार विनीत, अनिल कुमार अधिवक्ता,राजू कुमार, राहुल कुमार ने गांधी जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला तथा समाज सेआह्वान किया की किया कि वह गांधी जी के रास्ते पर चले। जिलाधिकारी के पूरे कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार, हाजीपुर अनुमंडल दंडाधिकारी विशाल कुमार, जिला जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार समेत प्रशासनिक महकमा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बेखौफ अपराधी : भोज के लिए निकले युवक को बुलाकर मारी तीन गोलियां, हालत गंभीर



हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली में अपराधियों का हौसला एक बार फिर बुलंद नजर आया है। सदर थाना क्षेत्र के बलवा कुंवारी गांव में एक युवक को बुलाकर अपराधियों ने गोली मार दी। युवक को एक-दो नहीं, बल्कि तीन गोलियां मारी गईं, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में घायल युवक को पहले हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।हाजीपुर सदर अस्पताल की हैं... जहां गोली लगने के बाद घायल पीयूष को इलाज के लिए लाया गया। जानकारी के मुताबिक पीयूष भोज खाने जा रहा था। इसी दौरान उसे किसी ने बुलाया। आरोप है कि बुलाने के बाद अपराधियों ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार और सदर थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी.डॉक्टरों ने घायल पीयूष की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है।फिलहाल पुलिस घटना के पीछे की वजह और गोली चलाने वालों की पहचान में जुटी है। तीन गोलियां चलने की इस वारदात ने इलाके में दहशत पैदा कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धापूर्वक पूर्वक मनाई गई गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती

महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं एवं कार्यालयों में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।गांधी जयंती के अवसर पर 20 सूत्री कार्यालय अवस्थित गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता के प्रति 20 सूत्री के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं सदस्य गणों के द्वारा जिसमें विनोद कुमार सुमन, दीपू दत्त कुमार, रमैया सिंह संजीव पटेल इम्तियाज उल्लआह, शशि प्रकाश, वेद प्रकाश पटेल,आलोक कुमार भगत, पंकज सिंह एवं अन्य सदस्य गण के साथ साथ एनडीए कार्यकर्ता द्वारा माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में भी शिक्षा विभाग के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार अहिंसा दिवस के मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने भी गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

गांधी जयंती पर पूरे वैशाली जिले में चला 'प्लास्टिक मुक्त विद्यालय-प्लास्टिक मुक्त बिहार' अभियान

हाजीपुर/एनएसबी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पूरे वैशाली जिले में 'प्लास्टिक मुक्त विद्यालय-प्लास्टिक मुक्त बिहार' अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ स्काउट भवन, जी.ए. इंटर विद्यालय, हाजीपुर से हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्लास्टिक वॉरियर्स, स्काउट एवं गाइड, शिक्षक तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान स्काउट भवन एवं विद्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न हिस्सों की सफाई करते हुए प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया और लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल प्लास्टिक वॉरियर्स एवं स्काउट-गाइड ने अपने विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त वैशाली ऋतुराज ने कहा कि गांधी जयंती केवल महात्मा गांधी को याद करने का दिन नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने का अवसर है। उन्होंने कहा, अगर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो हमें अपने जीवन से सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाना होगा और स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाना होगा।



ग्रामीणों की भागीदारी से तैयार की गई पंचायत विकास की रूपरेखा

पटना/एनएसबी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पटना जिले के 23 प्रखंडों की 304 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर आयोजित इन ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की गई तथा गांवों के समग्र एवं सतत विकास के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सपने को साकार करने की दिशा में आयोजित इन विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय एवं सीधी भागीदारी सुनिश्चित की गई। ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के समन्वय से स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई।

ग्रामीणों की भागीदारी से विकास की प्राथमिकताएँ तय

विशेष ग्राम सभाओं में 'जन योजना अभियान 2026-27' के तहत 'सबकी योजना, सबका विकास' की थीम पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पंचायत विकास योजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों से गांव की प्राथमिक समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी सुझाव प्राप्त किए गए तथा उनके आधार पर आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने पर विमर्श किया गया। इसके साथ ही 'विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' एवं मनरेगा के तहत प्रस्तावित नए कार्यों पर चर्चा एवं आवश्यकतानुसार स्वीकृति की प्रक्रिया की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय जरूरत के अनुरूप योजनाओं के चयन पर बल दिया गया। ग्राम सभाओं में स्वच्छ भारत मिशन/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान तथा हर घर नल का जल योजना की स्थिति की समीक्षा की गई। स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प भी लिया गया। विशेष ग्राम सभाओं में जीविका दीदियों, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों एवं योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करने की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। विशेष ग्राम सभाओं में स्थानीय जन प्रतिनिधि,प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, ग्राम कचहरी सचिव, किसान सलाहकार, विकास मित्र, मनरेगा रोजगार सेवक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम सभाओं के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं ग्रामीण समुदाय के बीच समन्वय को मजबूत करते हुए गांवों को अधिक स्वच्छ, सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया गया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर विभिन्न जगहों पर आयोजित हुए कार्यक्रम



गोरौल/एनएसबी। सत्य, अहिंसा और शांति के संदेशवाहक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को गोरौल एवं पटेढ़ी बेलसर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। नगर पंचायत गोरौल के स्टेशन बाजार स्थित गांधी स्मारक पर लोगों ने पुष्पमाला अर्पित कर महात्मा गांधी को नमन किया।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख मुन्ना कुमार ने किया।इस अवसर परभाजपा नेता एवं पूर्व मुखिया हरिवंश पासवान, अजित कुमार बबलू,पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार,पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजनंदन प्रसाद यादव,नगर पंचायत स्वच्छता जमादार दीपक कुमार सिंह,पंकज साह एवं कांग्रेस नेता प्रभात पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।वहीं,एनडीए नेताओं ने महात्मा गांधी के साथ-साथ पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव चौरसिया,मंडल अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव,अनिल सिंह,जदयू अध्यक्ष भगवान सिंह,पवन कुमार सिंह एवं विक्रम कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकताओं ने दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। दूसरी ओर,पटेढ़ी बेलसर प्रखंड परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर बीडीओ प्रिया कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र पासवान, बीपीआरओ अभिषेक कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिभा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रेम कुमार निषाद,उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा,सदस्य महेश साह, मिथिलेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों तथा लालबहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण किया।

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डीडीसी ने रात में बांटी राहत सामग्री

सीतलपुर से पखाहा-बहरामपुर तटबंध तक राहत सामग्री का वितरण जारी। पखाहा-बहरामपुर तटबंध क्षेत्र में 1500 पैकेट राहत सामग्री एवं 1200 प्लास्टिक शीट का वितरण

गोपालगंज (एसएनबी) गंडक नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त श्री गौरव कुमार ने रात्रि में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री का वितरण कराया। सीतलपुर से पखाहा-बहरामपुर तटबंध क्षेत्र में 1500 पैकेट राहत सामग्री एवं 1200 प्लास्टिक शीट का वितरण किया गया। उप विकास आयुक्त ने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रशासन की सतत निगरानी और मुस्तैदी से प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।



उजरा नारायणपुर में पूर्व मुखिया के घर में हुई चोरी

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के उजरा नारायणपुर गांव में पूर्व मुखिया मसौवर हुसैन के घर के पीछे के खिड़की का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर उसमें रखे दो अलमीरा, ट्रंक बक्सा व दीवान पलंग के बॉक्स में रखे गए गहना व कई अन्य महंगा सामान की चोरी कर ली गई है। घटना की जानकारी तब हुई जब 29 सितंबर के दिन पूर्व मुखिया के ससुर रब्बी आलम उनके घर की देखरेख करने के लिए गए हुए थे। इस दौरान जैसे ही वे घर का ताला खोल कर अंदर घुसे तो कमरे के सभी दरवाजे खुले हुए थे। घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। घर के पीछे की खिड़की का दरवाजा खुला था। जिससे घर के अंदर घुसे चोरों ने कमरों में लगे तालों को तोड़ने के बाद कमरे में रखे दो अलमीरा, ट्रंक बक्सा व दीवान पलंग के बॉक्स में रखें गहने व कई महंगे सामान की चोरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि पूर्व मुखिया के घर के सभी लोग लड़की की शादी की तैयारी के लिए दिल्ली बाजार करने के लिए गए हुए थे। मामले में पूर्व मुखिया के ससुर रब्बी आलम के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

10 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले के नगर थाना के रामनगर गांव के पास आज नहाने के दौरान पानी में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जादोपुर थाना के रामनगर खैरटिया गांव निवासी बिनोद राम के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है।शिवम चैथी कक्षा का छात्र था। सूत्रों ने आज यहां बताया कि शिवम आज रामनगर बांध के पास बाढ़ के पानी देखने गया था।इसी दौरान वह अन्य बच्चों के साथ पानी में नहाने लगा। नहाने के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जमीन दिलाने का झांसा देकर महिला से 15 लाख की ठगी

पैसे मांगने पर मारपीट करने का भी आरोप

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के बलभद्र परसा गांव की एक महिला ने उड़ीसा के एक ठेकेदार पर जमीन दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। महिला ने पैसे मांगने पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। मामले को लेकर मुन्ना तिवारी की पत्नी रूबी देवी ने शुक्रवार को श्रीपुर थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि वर्ष 2020 में सिवान जिले के नौतन थाना क्षेत्र के खुदरा गांव निवासी स्व. हसनाथ तिवारी के पुत्र प्रमोद तिवारी ने उसके पति मुन्ना तिवारी से उड़ीसा के झारसुगुड़ा स्थित श्याम मेटलिक्स एनर्जी लिमिटेड के समीप जमीन दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये नकद लिए। इसके बाद जमीन दिलाने की बात कहकर अलग-अलग छह बार में विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से ऑनलाइन 10 लाख रुपये और मंगाए गए। महिला के अनुसार, कुछ समय बाद जमीन के संबंध में जानकारी मांगने पर आरोपित ने जमीन दिलाने से इनकार कर दिया और रुपये लौटाने से भी मना कर दिया। महिला का आरोप है कि वह कई बार आरोपित के घर रुपये मांगने पहुंची, जहां उसके साथ मारपीट की गई। शिकायत में बताया गया है कि आरोपित झारसुगुड़ा स्थित श्याम मेटलिक्स एनर्जी लिमिटेड में आदर्श इंजीनियरिंग के नाम से ठेकेदारी का कार्य करता है। वहीं, शिकायत में रुपये की लेन-देन से जुड़े एक व्यक्ति को महिला का भाई बताया गया है। श्रीपुर थानाध्यक्ष सिंपी कुमारी ने बताया कि महिला की लिखित शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

गांधी जयंती पर पंचायत सरकार भवन परिसर में किया गया पौधारोपण

पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का लिया संकल्प

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कुचायकोट प्रखंड की बलुवन सागर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान परिसर में दो दर्जन से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए।पौधारोपण के बाद उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल भी जरूरी है।पेड़-पौधे वातावरण को स्वच्छ रखने, गर्मी से राहत देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।पंचायत परिसर में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल के लिए जिम्मेदारी तय करने की बात भी कही गई।कार्यक्रम में मुखिया छठीया देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामाज्ञा यादव सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



पिपराही पुल से चार संदिग्धों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के पिपराही पुल पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने रात्रि गश्ती के दौरान संदिग्ध रुप से बैठे हुए चार युवको को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पहले चारों युवकों ने पुलिस को अपनी पहचान छुपाने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने चारों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई पिपराही पुल के आस-पास पूर्व में हुई छीना झपटी की घटनाओं को देखते हुए किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपितों जिनकी पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के पिपराही गांव के अंकित कुमार, अनीश कुमार, सूरज कुमार, थावे थाना क्षेत्र के विदेशी टोला के गुड्डू कुमार के रूप में की गई है। मामले में पुलिस ने शुक्रवार के दिन चारों आरोपितों को हथुआ अनुमंडलीय दंडाधिकारी के न्यायालय में पांच-पांच लाख रुपये का बांड भरवाने के बाद छोड़ दिया गया।

महैचा में छात्र की मौत मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के महैचा वार्ड नंबर 11 निवासी मोहर साह के आठ वर्षीय बेटा अंकित कुमार की बुधवार की सुबह घर से 50 मीटर पीछे व दाहा नदी से लगभग 300 मीटर दूर कब्रिस्तान के बगल में स्थित पानी लगे परती खेत में शव बरामदगी मामले में घटना के तीसरे दिन उचकागांव थाना में प्राथमिकी कराई गई है। अपने आवेदन में मृतक छात्र अंकित कुमार की मां सुमित्रा देवी ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा 29 सितंबर के दिन के 11 बजे महावीरी अखाड़ा मेला देखने के लिए निकाला हुआ था। तभी से वह लापता चल रहा था। काफी खोजबीन के बाद उसका शव अगले दिन दाहा नदी किनारे बरामद हुआ। उसकी हत्या मेरे दुश्मन के द्वारा किया गया है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में निकली जनजागरूकता रैली







डीएम ने श्रमदान के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत शुक्रवार को गोपालगंज शहर में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गई। जिला स्काउट एंड गाइड तथा एनसीसी के बच्चों ने रैली के माध्यम से स्वच्छता एवं जनभागीदारी का संदेश दिया। रैली को मिंज स्टेडियम से उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर चैक/बस स्टैंड के समीप पहुंची, जहां रैली श्रमदान कार्यक्रम में परिवर्तित हो गई। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी, नगर परिषद के सभापति सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके बाद स्वच्छता जागरूकता रैली घोषमोड़ एवं मौनिया चैक होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंची। यहां स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सम्मानित किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन जिला स्वच्छता टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, श्रमदान, जनभागीदारी एवं स्वच्छ व्यवहार को अपनाने का संदेश दिया गया। रैली में एडीएम अजय कुमार, निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार चैबे, बैजू मिश्रा, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, अजय कुमार, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार, जिला समन्वयक अरविंद कुमार, राजीव रंजन कुमार, शशि रंजन आदि ने भाग लिया। वही दुसरी तरफ नगर पंचायत हथुआ में एक दिन, एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधी, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधी, वही सभी वार्ड पार्षद मौजुद रहें। कार्यक्रम के दौरान हथुआ बाजार का सभी लोगो के द्वारा सफाई किया गया है। सफाई कार्य के बाद अधिकारी व जनप्रनिधियों द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल नथुनिया में श्रद्धा के साथ मनाई गई राष्ट्रपिता की जयंती



कार्यक्रम मे मौजुद छात्र छात्रा एवं शिक्षक।

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) मीरगंज शहर के नरईनिया स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल मीरगंज के प्रांगण में शुक्रवार के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक अभय कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। गांधी जी ने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प, सत्य के प्रति निष्ठा और अहिंसक संघर्ष के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। वहीं छात्रों को गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। मौके पर सुबोध पांडेय, आशुतोष कुमार, तारकेश्वर तिवारी, अमन कुमार, रंजन कुमार, राजेश श्रीवास्तव, अजीत कुमार, समीर कुमार, गौरी कुमारी, अमीमुम निशा, नादिया नेहल, नेहा कुरैशी, साक्षी कुमारी, बिट्टू शर्मा, दीपक पांडेय, हुस्ने आरा परवीन, पिंकी कुमारी, सिंधी कुमारी, साहिबा खान, राजिया सिद्दीकी, रेखा कुमारी, रितु कुमारी, प्रिया कुमारी, सुहानी ओझा, पूजा कुमारी, अथर्व उत्कर्ष, अनुष्का पांडेय एवं स्वीटी सिंह सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

रिंग बांध पर तनाव, सीमा पर पुलिस का पहरा

बांध में छेड़छाड़ रोकने को तैनात रहा पुलिस बल, दोनों पक्षों के ग्रामीणों के साथ हुई बैठक



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा के पास सलेहपुर पंचायत में रिंग बांध को लेकर शुक्रवार को भी तनाव बना रहा।गुरुवार तड़के उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीणों द्वारा रिंग बांध को क्षतिग्रस्त करने के प्रयास की सूचना के बाद बड़ी संख्या में बिहार के प्रशासन और ग्रामीण बांध पर पहुंच गए।स्थिति को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने मौके पर कैंप कर निगरानी बढ़ा दी है।विशंभरपुर थानाध्यक्ष मुकेंद्र कुमार पुलिस और महिला बल के साथ शुक्रवार को भी मौके पर तैनात रहे।पुलिस ने ग्रामीणों को बांध में किसी भी तरह की छेड़छाड़ से रोकते हुए स्थिति पर नजर रखी है।तनाव को देखते हुए प्रशासन ने दोनों पक्षों के ग्रामीणों के साथ कई दौर की बैठक की।अधिकारियों ने ग्रामीणों से संयम बरतने और किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने की अपील की।साथ ही प्रशासन का सहयोग करने को कहा।ग्रामीणों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश की ओर क्षतिग्रस्त रिंग बांध की अब तक तत्काल मरम्मत नहीं कराई जा रही है।उनका कहना है कि बिहार के प्रशासन और ग्रामीणों को भी बांध की मरम्मत करने से रोका जा रहा है।ग्रामीणों को आशंका है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की जल्द मरम्मत नहीं होने पर बांध टूट सकता है। इससे बड़ी मात्रा में बाढ़ का पानी बिहार की सीमा में प्रवेश कर सकता है।बताया गया कि गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद पानी के दबाव से उत्तर प्रदेश के चैन पट्टी के पास बांध टूट गया था।इसके बाद विभिन्न जलमार्गों से पानी बिहार की सीमा में पहुंचने लगा।सलेहपुर, काला मटिहनिया समेत सीमावर्ती इलाकों में पानी फैलने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।बाढ़ के पानी की निकासी के लिए प्रशासन ने कर्ता धाम मंदिर के पास गंडकी सहायक नहर की सफाई कर पानी के बहाव को सुचारु करने का प्रयास किया है।प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

जीविका से महिलाओं को मिला 20 साल मे आत्म सम्मान- मंत्री सुनील कुमार



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड पार्टी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय आशीर्वाद वाटिका यू०, मैरिज हॉल में जीविका के 20 साल बेमिशाल नीतीश संवाद कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रीता देवी ने किया जबकि संचालन प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ निरूपमा सिंह ने किया। जीविका समूह की दीदीयो एंव जदयू महिला कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ग्रामीण कार्य मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुनिल कुमार ने कहा कि आज बिहार में महिलाओं के जीवन में जो प्रगति आई है उसका श्रेय नीतीश कुमार को जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के जीवन में जो रौशनी दी है वो काबिले तारीफ है देश की आजादी के बाद महिलाओं की आधी आबादी को अधिकार आरक्षण एवं हर क्षेत्र में भागीदारी निर।माने के लिए कार्य किया है। वहीं गोपालगंज के सांसद डा आलोक कुमार सुमन ने कहा कि जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जी का महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जो ऐतिहासिक काम किया है उसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है,आज महिलाओं के एक मात्र पैरवीकार नीतीश कुमार हैं जिनकी कृति आज भी महिलाओं के उत्थान में दिखता है। जदयू विधायक समृद्ध वर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की इस ऐतिहासिक जीविका समूह को केंद्र सरकार ने आजीविका के रूप में देश भर मे लागू किया है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रेयाजुल रेयाजुल हक राजू, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, नगर परिषद चेयरमेन हरेंद्र कुमार चैधरी, महिला जद(यू०) नेत्री पूनम द्विवेदी, डॉ शगुफ्ता परवीन ने भी संबोधित किया नीतीश संवाद कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महिला जदयू जिलाध्यक्ष रीता देवी ने किया। जीविका दीदीयो ने नीतीश कुमार के प्रति सम्मान के साथ आभार व्यक्त किया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य-अहिंसा का संदेश





विद्यालयों में निकली प्रभातफेरी, पेंटिंग प्रतियोगिता और झांकी के जरिए विद्यार्थियों ने किया दोनों महापुरुषों को नमन

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।इस अवसर पर कई विद्यालयों में प्रभातफेरी निकाली गई।वहीं, समारोह आयोजित कर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवनवां, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट, मध्य विद्यालय खैरटिया, सोनीपुर समेत अन्य विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों एवं देश के प्रति उनके योगदान की जानकारी दी।शिक्षकों ने कहा कि गांधीजी का सत्य और अहिंसा का मार्ग तथा शास्त्रीजी की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।बेलवनवां विद्यालय में जयंती के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट में बच्चों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर महात्मा गांधी के जीवन और सत्य-अहिंसा के संदेश को प्रदर्शित किया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कटेया के विद्यालयों में मनाया गया गांधी जयंती को अहिंसा दिवस के रूप में

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



कटेया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में विद्यालयों में गांधी जयंती को अहिंसा दिवस के रूप में मनाते हुए छात्र-छात्राओं को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कई विद्यालयों में वाद-विवाद, निबंध लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष, देश के प्रति उनके योगदान तथा उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षकों ने बच्चों को दोनों महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा सत्य, अहिंसा और अनुशासन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोल्हुआर बगही में भी गांधी जयंती एवं अहिंसा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी संगीता ने कहा कि महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश को स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा में नई राह दिखाई। गांधी जी का संदेश था कि किसी भी जीव के प्रति हिंसा नहीं करनी चाहिए और प्रेम, शांति तथा सद्भाव के साथ जीवन जीना चाहिए। उन्होंने बच्चों को गांधी जी के विचारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि अहिंसा केवल एक दिन मनाने का विषय नहीं, बल्कि इसे अपने व्यवहार और आचरण का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन और देश के प्रति समर्पण से भी बच्चों को प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों को गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कपड़ा खरीदने के दौरान महिला के पर्स से आभूषण व नकदी चोरी, प्राथमिकी दर्ज

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया बाजार में बेटी के साथ कपड़े की खरीदारी करने गई एक महिला के पर्स से सोने के आभूषण, दो हजार रुपये नकद और आधार कार्ड चोरी होने का मामला सामने आया है।घटना बाजार स्थित एक रेडीमेड कपड़े की दुकान की बताई जा रही है। थाने में दिए आवेदन में अमवां गांव निवासी इशरावती देवी ने बताया है कि वह एक अक्टूबर को दोपहर करीब 1रू42 बजे अपनी बेटी के साथ कटेया बाजार स्थित एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में खरीदारी करने गई थीं।इसी दौरान एक अज्ञात महिला और एक लड़की भी दुकान में पहुंचीं।खरीदारी के दौरान अज्ञात महिला ने मौका पाकर उनके पर्स में रखे सोने के आभूषण,दो हजार रुपये नकद और आधार कार्ड चोरी कर लिया और वहां से निकल गई।कुछ देर बाद जब उन्होंने अपना पर्स चेक किया तो उसमें रखे सामान गायब मिले।इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच कराई गई।